* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

08 अक्टूबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 07, अंक 346


यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की हालत अभी भी नाजुक है।














## भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम धोनी के शहर में

# आज मैदान में प्रैक्टिस कल दोनों टीमें भिड़ेंगी



एयरपोर्ट से होटल रेडिशन ब्लू के लिए निकलते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी।



एयरपोर्ट से होटल रेडिशन ब्लू के लिए निकलते भारतीय खिलाड़ी।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी और एमएस धोनी के शहर रांची में 9 अक्टूबर को भारत-दक्षिण अफ्रीका टीमों के बीच सीरीज का दूसरा वनडे मैच खेला जायेगा। बता दें 11 महीने बाद रांची के जेएससीए स्टेडियम में एक और अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जानेवाला है। वनडे मैच के लिए भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें यहां पहुंच चुकी हैं। वर्षा से बाधित लखनऊ वनडे में भारत 9 रनों से हार गया था, लेकिन मुकाबला जिस तरह नजदीकी रहा, उससे झारखंड के क्रिकेट प्रेमी उत्साहित हैं कि उन्हें रांची में भी रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। दोनों टीमों के खिलाड़ी रेडिशन ब्लू होटल में ठहरे हुए हैं।

**प्रमुख खिलाड़ियों की खलेगी कमी :** झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों में रांची में होनेवाले मैच को लेकर उत्साह तो है, लेकिन वे इस मैच में टीम के प्रमुख खिलाड़ियों, खासकर रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों की कमी महसूस करेंगे। लखनऊ का वनडे हार जाने के बाद इन खिलाड़ियों की कमी तो और खल रही होगी, फिर भी रोमांचक मैच की उम्मीद लेकर स्टेडियम पहुंचने वाले दर्शक भारत की पैसा वसूल जीत जरूर देखना चाहेंगे।

बता दें, तीन एकदिवसीय मैचों की जो श्रृंखला अभी खेली जा रही है, उसमें कई प्रमुख खिलाड़ी नहीं हैं। आस्ट्रेलिया में शुरू होने वाले टी 20 वर्ल्ड कप के लिए चुनी गयी भारतीय टीम के खिलाड़ियों को इस सीरीज से अलग रखा गया है।

# व्यवसायी अमित अग्रवाल को इडी ने किया गिरफ्तार

- सुबह में कोलकाता के सॉल्टलेक आवास से उठा ले गयी रांची
- प्रेम प्रकाश ने भी लिया है अमित अग्रवाल का नाम, अधिवक्ता राजीव कुमार को कराया था गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल को शुक्रवार को साल्टलेक स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद इडी अधिकारी उनको लेकर रांची चले गये। रांची में उनसे पूछताछ हो रही है। कहा जा रहा है कि पूछताछ के दौरान प्रेम प्रकाश के बयान और मनी लांड्रिंग मामले में इडी ने अमित अग्रवाल को हिरासत में लिया है।

बता दें कि अमित अग्रवाल ने पिछले दिनों कोलकाता से 50 लाख रुपये की नकदी के साथ गिरफ्तार किये गये झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार के विरुद्ध महानगर के हेयर स्ट्रीट थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके बाद अधिवक्ता को 31 जुलाई की रात कोलकाता के एक माल से 50 लाख रुपये के साथ कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

अधिवक्ता राजीव कुमार के मामले में भी इडी मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही है।

## झामुमो की बैठक में हेमंत ने पार्टी नेताओं से कहा

# हर परिस्थिति से निपटने को रहें तैयार योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें




झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो केंद्रीय समिति की एक दिवसीय विस्तारित बैठक शुक्रवार को सोहराय भवन में हुई। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में जिला सचिव, जिला अध्यक्ष, प्रखंड सचिव और अध्यक्ष शामिल हुए। पार्टी के सांसदों, विधायकों और नेताओं को स्पष्ट तौर पर कहा गया कि सरकार के काम को जनता तक पहुंचायें। इसको लेकर सारे नेताओं को टास्क दिया गया।

हेमंत सोरेन ने कहा कि सभी जिलों और प्रखंडों में अध्यक्ष लगातार बैठक कर योजनाओं की समीक्षा करें, ताकि यह पता चल सके कि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंच पा रहा है या नहीं। राज्य सरकार की उपलब्धियां जमीनी स्तर तक पहुंचाया जाये। नेताओं और कार्यकर्ताओं को कहा गया कि वे हर परिस्थिति के लिए तैयार रहें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पहले की जो सरकार थी, न ही उसकी आवाज ही लोगों तक पहुंचती थी और न ही नजरें पहुंचती थीं। योजनाओं के नाम पर केवल खानापूर्ति होती रही। लेकिन, आज झामुमो लोगों की समस्याओं को नजदीक से जानता है। इसी उद्देश्य को लेकर सरकार काम कर रही है।

### आपका अधिकार, आपके द्वार आपकी सरकार-2 पर भी चर्चा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आपका अधिकार, आपके द्वार आपकी सरकार फेज वन बहुत ही सक्सेसफुल चलाया गया था। लगभग 35-40 लाख आवेदन भी प्राप्त हुए थे और टाइम टू टाइम इन आवेदनों पर हम लोगों ने सफलतापूर्वक सुनवाई की थी। पूर्व के अनुभव को ध्यान में रखते हुए उसमें भी जो कमी रही, उस पर ध्यान देने जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपके विचार आपके द्वार आपकी सरकार फेज-2 पर भी चिंतन-मनन किया गया है। कहा कि यह योजना ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में कारगर होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से झारखंड प्रदेश में जो मौजूदा स्थिति है, उस स्थिति से निपटने में भी यह काफी कारगर साबित होगी। पूरे योजनाबद्ध तरीके से इस कार्यक्रम को धरातल पर उतारा जायेगा और यहां के जनमानस को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर मंत्री चंपई सोरेन, मिथिलेश ठाकुर, जोबा मांझी, स्टीफन मरांडी, राज्यसभा सांसद महुआ मांजी सहित सभी झामुमो विधायक और पदाधिकारी मौजूद थे।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 48,600 रु./10 ग्राम
चांदी 62,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


# मोहन भागवत और दत्तात्रेय के बयान बहुत कुछ कहते हैं

■ 3 जून 2022: हर मसजिद में शिवलिंग को क्यों ढूंढ़ना। राम मंदिर के बाद कोई नया आंदोलन नहीं:मोहन भागवत

■ 2 अक्टूबर 2022: एक फीसदी लोगों के पास देश की 20 फीसदी संपत्तिः दत्तात्रेय होसबाले। संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय ने बेरोजगारी, गरीबी और आय में बढ़ती असमानता पर जतायी चिंता।

■ 23 सितंबर 2022: सर संघचालक मोहन भागवत का मस्जिद और मदरसे का दौरा। ऑल इंडिया मुस्लिम इमाम ऑर्गेनाइजेशन के चीफ इमाम उमर अहमद इलियासी से मुलाकात करना।

■ 5 अक्टूबर 2022: आरएसएस के स्थापना दिवस पर पहली बार किसी महिला को मुख्य अतिथि बनाया गया।

■ 5 अक्टूबर 2022: धार्मिक आधार पर जनसंख्या का बढ़ना देश के लिए खतरा, कानून बनना चाहिए : मोहन भागवत।

**ये पांच दृष्टांत हैं, जो आरएसएस के बदलाव के बारे में बहुत कुछ कहते हैं। अभी-अभी आरएसएस की स्थापना के 97 वर्ष पूरे हुए हैं। इन 97 वर्षों में आरएसएस के सामने कई चुनातियां भी आयीं, लेकिन हर चुनौती का आरएसएस ने डट कर सामना किया। इस दरम्यान तीन बार प्रतिबंध लगने के बावजूद आरएसएस अपने कर्तव्य पथ से डिगा नहीं। आरएसएस की स्थापना 1925 में विजया दशमी के दिन डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। उस वक्त मुट्ठी भर कार्यकर्ताओं को लेकर इसकी स्थापना की गयी थी। पूर्व में इस संगठन को लेकर ऐसी धारणा बनी रही कि इसकी व्यवस्था और कार्यशैली में कभी कोई बदलाव नहीं हो सकता। आज 2022 है और यह संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन चुका है। समय के साथ-साथ आरएसएस में कई बदलाव भी हुए हैं। पहनावे के साथ-साथ इसकी विचारधारा में भी कई बदलाव किये गये। हाल के दिनों में आरएसएस नेताओं की गतिविधियां और बयानबाजी सुर्खियां बटोर रही हैं। सर संघचालक मोहन भागवत के पांच महीने के अंदर आये कुछ बयानों और गतिविधि पर नजर डालें तो लगता है कि आरएसएस अपनी कट्टरवादी छवि से बाहर निकलना चाह रहा है, साथ ही वह अपनी जड़ों को खोना भी नहीं चाहता। ऊपर में ऐसे पांच दृष्टांत दिये गये हैं, जिससे लगता है कि समय की मांग के अनुरूप आरएसएस अपने स्वभाव में बदलाव ला रहा है। दत्तात्रेय होसबाले के बयान ने तो राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दी है। हाल के दिनों में अपने रुख में लचीलापन लाकर आखिर आरएसएस क्या सिद्ध करना चाहता है, इसे बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

हाल के वर्षों में, या यूं कहें कि महीनों में आरएसएस के सोच और कार्य करने के तरीकों में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां कट्टर हिंदू आरएसएस के इस बदलाव को लेकर स्तब्ध हैं, वहीं मुस्लिम समुदाय भी इन गतिविधियों का आकलन करने पर मजबूर है। लोग कहने लगे हैं कि आखिर आरएसएस की की कार्यशैली में इतने बदलाव क्यों देखने को मिल रहा है। आरएसएस के रुख में बदलाव की सबसे बड़ी तसवीर तब दिखी, जब पहली बार आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित मस्जिद का दौरा किया। उसके बाद आजादपुर में मदरसा तजावीदुल कुरान का दौरा भी किया। इस दौरान सर संघचालक ने ऑल इंडिया मुस्लिम इमाम ऑर्गेनाइजेशन के चीफ इमाम उमर अहमद इलियासी से मुलाकात की। मोहन भागवत के इस कदम ने अचानक एक बड़े वर्ग को चौंका दिया। कट्टर स्वभाव के हिंदू कंफ्यूज हो गये कि ये हो क्या रहा है। समय गुजरा, फिर लोगों को लगने लगा कि आरएसएस अपने में बदलाव ला रहा है।

बात शुरू करते हैं 3 जून 2022 के एक बयान से, जब ज्ञानवापी मुद्दे को लेकर विवाद गरमाया हुआ था। उस वक्त मोहन भागवत का बयान आया कि आरएसएस अब राम मंदिर जैसा आंदोलन किसी दूसरे धार्मिक स्थान को लेकर नहीं चलायेगा। चूंकि राम मंदिर एक अपवाद है। इसके बाद मोहन भागवत के एक और बयान ने सुर्खियां बटोरीं कि हर मस्जिद में शिवलिंग ढूंढ़ने की जरूरत नहीं। इन दोनों बयानों के बाद लोगों के मन में यह धारणा बनी कि अब आरएसएस बदल रहा है। इसी क्रम में मोहन भागवत का एक और बयान कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है, लेकिन उन्होंने पहली बार यह भी जोड़ दिया कि जो लोग इससे सहमत नहीं हैं, उनका भी सम्मान है। यह घटनाक्रम देश के मुसलमानों के लिए भी बहुत बड़ा संदेश है कि आरएसएस अब उनकी भी बात कर रहा है। आरएसएस अब एंटी मुस्लिम की छवि से बाहर निकलना चाह रहा है। संघ प्रमुख का मानना है कि सनातन धर्म समन्वय की संस्कृति है। वह समन्वय की संस्कृति पर विश्वास करते हैं। उनका मानना है कि यही राष्ट्रीयता का पहला आधार है।







## एक फीसदी लोगों के पास देश की 20 फीसदी संपत्तिः दत्तात्रेय होसबाले

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 2 अक्टूबर 2022 को देश में बेरोजगारी और आय में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गरीबी देश के समक्ष एक राक्षस जैसी चुनौती के रूप में पेश आ रही है। हालांकि इस चुनौती से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई कदम उठाये गये हैं। होसबाले ने संघ से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित एक वेबिनार में कहा, हमें इस बात का दुख होना चाहिए कि 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं और 23 करोड़ लोग प्रतिदिन 375 रुपये से भी कम कमा रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि इस गरीबी जैसे दानव को खत्म किया जाये। आरएसएस नेता ने कहा कि गरीबी के अलावा असमानता और बेरोजगारी दो चुनौतियां हैं, जिनसे निपटने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, देश में चार करोड़ बेरोजगार हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 2.2 करोड़ और शहरी क्षेत्रों में 1.8 करोड़ बेरोजगार हैं। श्रम बल सर्वेक्षण में बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत आंकी गयी है। हमें रोजगार पैदा करने के लिए न केवल अखिल भारतीय योजनाओं की आवश्यकता है, बल्कि स्थानीय योजनाओं की भी आवश्यकता है। आर्थिक असमानता के संदर्भ को लेकर होसबाले ने सवाल किया कि क्या यह अच्छा है कि शीर्ष छह अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, देश की आधी आबादी को कुल आय का केवल 13 प्रतिशत ही मिलता है। भारत में एक फीसदी आबादी के पास देश की 20 फीसदी संपत्ति है, जबकि 50 फीसदी के पास 13 फीसदी संपत्ति है। हमें इस आर्थिक असमानता के बारे में कुछ करना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से स्वदेशी जागरण मंच के संयोजकत्व में देश से बेरोजगारी दूर करने के लिए इस अभियान की शुरुआत की गयी है। इसके तहत वर्ष 2030 तक देश से गरीबी समाप्त करने के लक्ष्य को लेकर काम शुरू किया गया है। होसबाले द्वारा इस मुद्दे को उठाये जाने पर राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गयी है। यहां यह गौर करने लायक है कि इससे पहले वामपंथी विचारधारा के लोगों के मुंह से इस तरह की बातें सुनने को मिलती थीं।

## आरएसएस के स्थापना दिवस पर पहली बार किसी महिला का मुख्य अतिथि बनना

नागपुर में विजया दशमी के दिन 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपना 97वां स्थापना वर्ष मनाया। संघ के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी महिला को उसके मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनाया गया। उनका नाम संतोष यादव है। दो बार उन्होंने माउंट एवरेस्ट फतह की थीं। पहली बार वह मई 1992 में माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंची थीं। इसके बाद मई 1993 में दूसरी बार उन्होंने एवरेस्ट फतह किया था। संतोष यादव को 1994 में नेशनल एडवेंचर अवार्ड और 2000 में पद्मश्री मिला था। इसे संघ के रवैये में बदलाव के तौर पर भी देखा जा रहा है। मौजूदा सर संघचालक मोहन भागवत अकसर महिला अधिकारों की वकालत करते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि महिलाएं भले ही पुरुषों के मुकाबले जैविक रूप से अलग हैं, लेकिन कार्यक्षमता और कुशलता में वे उनके समान ही हैं। मोहन भागवत का कहना है कि महिलाओं को हम एक तरफ जगत जननी कहते हैं और दूसरी तरफ घरों में उनसे गुलामों जैसा बर्ताव किया जाता है। मोहन भागवत का कहना है कि महिलाओं के सशक्तीकरण की शुरुआत घर से ही होनी चाहिए और उन्हें समाज में सही स्थान मिलना चाहिए।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का मानना है कि अगर संपूर्ण समाज को संगठित करना है, तो संख्या की दृष्टि से आधा भाग हमारे समाज का मातृशक्ति का है। उनकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। संतोष यादव को अपने मुख्य कार्यक्रम में सम्मान देकर आरएसएस को देश को यह संदेश भी देना था कि आने वाले दिनों में संघ में महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलनेवाली है। यह संघ के काम करने का अपना तरीका है।

## धार्मिक आधार पर जनसंख्या का बढ़ना देश के लिए खतरा: मोहन भागवत

नागपुर में संघ के स्थापना दिवस और विजया दशमी के मौके पर मोहन भागवत ने देश में बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि हम जनसंख्या असंतुलन का परिणाम एक बार भुगत चुके हैं। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या के कारण समस्या झेल चुके अन्य देशों का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि जनसंख्या में पंथ संप्रदाय के प्रमाण में अंतर आने से नये देश बन गये। देश टूट गये। उन्होंने कहा कि देश को एक व्यापक जनसंख्या नियंत्रण नीति की जरूरत है, जो सभी पर बराबरी से लागू होती हो। राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या असंतुलन पर हमें नजर रखनी होगी। जब सभी पर बराबरी से एक नीति लागू होगी, तो किसी को भी रियायतें नहीं मिलेंगी। कुछ साल पहले फर्टिलिटी रेट 2.1 था। दुनिया की आशंकाओं से उलट हमने बेहतर किया और इसे 2 तक लेकर आये। लेकिन और नीचे आना खतरनाक हो सकता है। बच्चे समाज का व्यवहार अपने परिवार में सीखते हैं। इसके लिए आपको अपने परिवार में संख्या की जरूरत होती है। जनसंख्या में असमानता भौगोलिक सीमाओं में बदलाव लाती है। जनसंख्या नियंत्रण और धर्म आधारित जनसंख्या संतुलन ऐसे अहम मुद्दे हैं, जिन्हें लंबे समय तक नजरंदाज नहीं किया जा सकता है। एक संपूर्ण जनसंख्या पॉलिसी लायी जानी चाहिए और ये सभी पर बराबरी से लागू हो। धर्म आधारित असंतुलन और जबरदस्ती धर्मपरिवर्तन देश को तोड़ देते हैं। ईस्ट टिमोर, कोसोवो और साउथ सूडान जैसे नये देश धार्मिक आधार पर हुए असंतुलन का उदाहरण हैं।

यह चंद ऐसे घटनाक्रम हैं, जिससे यही निष्कर्ष निकलता है कि आरएसएस बदलाव पथ पर अग्रसर है। यह बदलाव भले ही चौंकाने वाला है, लेकिन यह बदलाव आज की मौजूदा परिस्थिति के अनुरूप देखें तो सही लगता है। देश में कई ऐसे राजनीतिक दल हैं या पुराने कट्टरवादी संगठन हैं, जिनकी राजनीति या एजेंडे की दुकान तुष्टीकरण पर चलती है। इनमें कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा है। ऐसे में अगर आरएसएस जैसा संगठन खुद में बदलाव ला रहा है, तो दूसरों के लिए यह मैसेज है। 1947 में देश के विभाजन में जनसंख्या असंतुलन का बड़ा हाथ था। यह एक एजेंडे के तहत भी किया गया था। ऐसे में, संघ प्रमुख की चिंता गलत नहीं जान पड़ती। महिलाओं को आगे बढ़ा कर आरएसएस प्रमुख ने बहुत बड़ा मैसेज भी दिया है।

भविष्य में संघ में महिलाओं को अगर बड़ा पद मिले तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए। रही बात एंटी मुस्लिम छवि तोड़ने की, तो शायद संघ को इसमें बहुत ज्यादा फायदा न मिले, लेकिन कोशिश करने में हर्ज क्या है। आपने एक कदम बढ़ा कर अपना इरादा साफ कर दिया हैं, सामने से भी अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख डॉ इमाम उमर अहमद इलियासी ने भी मोहन भागवत को सम्मान के साथ इस देश के राष्ट्रपिता और राष्ट्र-ऋषि से नवाजा है। देश में भाईचारा और शांति बनी रहे और लोगों को क्या चाहिए। सब आपस में मिलजुल कर रहें, देश के लिए यही श्रेयस्कर है। लेकिन आरएसएस का जो मूल है, उसे भी अक्षुण्ण रखने की जरूरत है, क्योंकि जो लोग आरएसएस से जुड़े हैं या उसमे विश्वास करते हैं, उनकी भावनाओं का भी खयाल रखा जाना जरूरी है।

# पेट्रोल छिड़क जला दी गयी दुमका की एक और बेटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में अंकिता हत्याकांड के बाद एक बार फिर से मारुति कुमारी नाम की युवती को पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी गयी। बेहतर इलाज के लिए मारुति कुमारी को रांची के रिम्स लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार राउत को गिरफ्तार कर लिया है। आपको बता दें कि दुमका के जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत भलकी पंचायत के भरतपुर गांव में बीती रात एक पूर्व प्रेमी ने प्रेमिका को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था। प्रेमिका जीवन के लिए संघर्ष कर रही थी। उसे दुमका के ही फूलो झानो मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। भलकी गांव की रहनेवाली मारुति कुमारी को उसके शादीशुदा प्रेमी राजेश राउत ने ही बीती रात पेट्रोल डाल कर जला दिया।



अस्पताल में मारुति कुमारी।

मारुति कुमारी और राजेश राउत में 2019 से दोस्ती थी। इसी वर्ष 2022 के फरवरी में राजेश राउत की शादी हो गयी थी। उसके बाद मारुति के घरवाले भी उसकी शादी के लिए वर की तलाश कर रहे थे, लेकिन राजेश राउत का कहना था कि वह उससे भी शादी करेगा। यदि वह शादी नहीं करेगी, तो उसे दुमका में हुए पेट्रोल कांड की तरह जला कर मार डालेगा। इसी क्रम में बीती रात यह घटना घटी। राजेश मारुति के घर में दरवाजा तोड़ कर प्रवेश कर गया और उस पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। राजेश रामगढ़ थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव का रहनेवाला है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया दुःख, दी 10 लाख की सहायता



रांची। दुमका पेट्रोलकांड में युवती की मौत मामले को सीएम हेमंत सोरेन ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने युवती के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए परमात्मा से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की विकट घड़ी में सहन करने की शक्ति देने की बात कही। वहीं, दिवंगत बिटिया के परिजन को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने का निर्देश दिया है।

## बीजेपी नेताओं ने सरकार पर साधा निशाना

अर्जुन मुंडा ने कहा कि दुमका में लगातार इस तरह की घटनाएं देखने को मिल रही हैं, जिससे एक बात तो स्पष्ट हो गयी है कि झारखंड में कानून व्यवस्था की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गयी है। ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जो इस बात का संकेत हैं कि कानून से अब किसी को डर नहीं रह गया है।

वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने भी इस मामले पर ट्वीट कर लिखा-दुमका में अंकिता सिंह की हत्या के बाद एक बार फिर पेट्रोल कांड दोहराया गया है, जिसकी जिम्मेदार सीधे तौर पर झारखंड की हेमंत सरकार है। सरकार अपराधियों और नूर मुस्तफा जैसे अधिकारियों को संरक्षण देकर अपराधियों को बढ़ावा दे रही है। राज्य में चारों ओर जंगलराज कायम हो चुका है।

बीजेपी विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दुमका में पेट्रोल से एक युवती को जला कर मारने के मामले की आग अभी बुझी नहीं कि जरमुंडी थाने के भालकी पंचायत में राजेश राउत नाम के युवक ने उन्नीस वर्षीया युवती को पेट्रोल डाल कर आग लगा जला दिया। युवती जिंदगी की जंग हार गयी। उन्होंने भी दोषी को कठोर सजा दिलाने की मांग की है।

## लोहरदगा की सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता की रिम्स में हालत नाजुक

**रांची।** झारखंड के लोहरदगा जिले की एक महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। रिम्स में पीड़िता के इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। महिला की उम्र 50 वर्ष है। इसको लेकर महिला के बेहतर इलाज के लिए सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शीतल मलुआ बताते हैं कि अधीक्षक डॉ हिरेन बिरुआ के आदेश के बाद इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, रेडियोलॉजी, एनेस्थीसिया विभाग के चिकित्सक मौजूद रहेंगे। डॉक्टर ने बताया कि महिला के बेहतर इलाज के लिए उसकी सर्जरी भी की जायेगी। पीड़िता को गुरुवार को गंभीर हालत में रिम्स के सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया था, जहां डाक्टरों ने महिला की स्थिति देख, इस तरह की हरकत को हैवानियत कहा है। डाक्टर शीतल मलुआ ने बताया कि महिला के साथ जिस तरह से हैवानियत की गयी है, उससे यह कयास लगाया जा रहा है कि शायद यह कोई आपसी रंजिश का मामला है।

# झारखंड में फिर मॉब लिंचिंग : अवैध संबंध में युवक की पीट-पीटकर हत्या

इलाके में धारा 144 लागू, 300 पुलिसकर्मी तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** झारखंड में मॉब लिंचिंग का एक और मामला सामने आया है। बोकारो के महुआटाड़ थाना क्षेत्र में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी। बताया जा रहा है कि अवैध संबध के कारण इमरान अंसारी ( 35 साल ) की हत्या कर दी गयी है। युवक की पिटाई की सूचना पर पुलिस पहुंची और उसके अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

मामला महुआटांड़ थाना क्षेत्र के धवेया गांव का है, हिंदू धर्म की महिला से इमरान के अवैध संबंध थे। वारदात के बाद मृतक के बेटे और भाई के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने 11 लोगों को हिरासत में भी लिया है। घटना के बाद से इलाके में तनाव है। पुलिस-प्रशासन ने क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दिया है। पूरे इलाके में 300 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।



## प्रशासन ने की मॉब लिंचिंग की पुष्टि

बेरमो एसडीओ सतीश चंद्र झा ने कहा, यह मॉब लिंचिंग ही है, लोगों ने उसे पीट कर मार डाला है। अब तक जो बात पुलिस की जानकारी में सामने आयी है उसमें पता चला है कि यह अवैध संबंध से जुड़ा मामला है। ग्रामीणों को इस अवैध संबंध की जानकारी मिली, जिसके बाद भीड़ ने उसकी हत्या कर दी है। मूर्ति विसर्जन में जा रहे लोगों ने भी युवक की पिटाई की है। क्या यह दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन से जुड़ा मामला भी है, इस सवाल पर पुलिस पदाधिकारी ने कहा, प्रतिमा विसर्जन में शामिल कुछ लोग इस घटना में शामिल हुए थे। प्रतिमा विसर्जन से कुछ दूरी पर ही यह पूरा मामला चल रहा था।

## हिंदू समुदाय की महिला से था अवैध संबंध

बताया जाता है कि दोनों समुदाय के लोगों ने देर रात बैठक की थी। इसी बैठक में इमरान के साथ मारपीट की गयी। उसके हिंदू समुदाय की महिला के साथ अवैध संबंध थे जिसकी जानकारी गांव वालों को मिल गयी थी। इमरान गांव में काफी फेमस था, वह पाचं बार वार्ड सदस्य रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

187200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+

Watch Time (HR) 11 Lakh+

YouTube Channel

Subscribe NOW

No. 1 Channel


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.5 °c | 21.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.30 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.43 बजे |

## मनी लांड्रिंग: 1000 करोड़ के अवैध खनन का मामला

# कोलकाता के कारोबारी यश जालान इडी की जांच के दायरे में आ सकते हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अवैध खनन में मनी लांड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रही इडी की टीम बहुत जल्द कोलकाता के एक कारोबारी यश जालान को भी आरोपित बना सकती है। यश जालान मेसर्स मैरिन इंफ्रालिंक लाजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक हैं, जिनकी एक मालवाहक जहाज को इडी ने पूर्व में जब्त कर लिया था, जिसका परिचालन जेएमएम नेता पंकज मिश्रा और उनके सहयोगी दाहू यादव, बच्चू यादव के माध्यम से हो रहा था। उक्त जहाज पर अवैध तरीके से खनन किये गये पत्थर से लदे वाहनों को साहिबगंज में गंगा नदी पर ढोने का आरोप है।




### इडी की रडार पर आने वाले कोलकाता के ये तीसरे व्यवसायी

करीब 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में जांच कर रही इडी ने पूर्व में कोलकाता के दो व्यवसायी अमित अग्रवाल और संजय चौधरी को अपने रडार पर रखा था। यश जालान कोलकाता के तीसरे ऐसे व्यवसायी हैं, जिनके विरुद्ध जल्द ही जांच शुरू होनी है।

### मालवाहक जहाज को इडी ने किया था जब्त

इडी ने गत 26 जुलाई को साहिबगंज में गंगा नदी पर स्थित शुकरघाट से एक मालवाहक जहाज जब्त किया था, जिसकी कीमत करीब 33 करोड़ रुपये बतायी गयी थी। तब इस बात का खुलासा हुआ था कि बिना वैध दस्तावेज के स्टोन चिप्स का परिवहन हो रहा था। बाद में इस मामले में साहिबगंज के मुफ्फसिल थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी थी, जो फिलहाल अनुसंधान के अधीन है।

### बच्चू यादव ने जहाज का करवाया था परिचालन

इडी को छानबीन में पता चला कि अवैध तरीके से स्टोन चिप्स के परिवहन की जानकारी यश जालान को भी थी। इडी ने उक्त मालवाहक जहाज के कैप्टन अजिजुल शेख का बयान भी कलमबद्ध किया था। अजिजुल शेख के अनुसार बच्चू यादव ने जहाज का परिचालन करवाया था। बच्चू यादव की अनुपस्थिति में दाहू यादव पत्थर और स्टोन चिप्स परिवहन आदि को देख रहा था। अधिकतर पत्थर और स्टोन चिप्स लदे ट्रक बिना खनन चालान के ही बिहार और बंगाल में भेजे जा रहे थे। इडी ने उक्त जहाज के सुपरवाइजर आनंद सिंह का भी बयान लिया था, जिसने यह स्वीकारा कि उक्त जहाज से अवैध तरीके से पत्थर और स्टोन चिप्स का परिवहन हो रहा था।

### यश जालान पर अवैध खनन में हिस्सेदार होने का है शक

यश जालान पर अवैध खनन से आनेवाले काले धन में हिस्सेदार होने का शक है। उन्होंने अपना जहाज दाहू यादव को किराये पर दिया था, जिस पर अवैध तरीके से पत्थर का परिवहन हो रहा था। इडी को जांच के दौरान यश जालान और दाहू यादव के बीच एकरारनामा से संबंधित दस्तावेज भी मिले थे। इसमें प्रत्येक परिवहन में यश जालान को हिस्सा पहुंचने आदि की पुष्टि हुई है और दाहू यादव तथा यश जालान के बीच भारी मात्रा में रुपयों के लेन-देने की जानकारी मिली है। इडी को यह भी पता चला था कि गंगा नदी के रास्ते बिहार व बंगाल को भारी मात्रा में स्टोन चिप्स भेजा गया है।




चंद्रशेखर आजाद क्लब को दुर्गा पूजा के अवसर पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का भी सानिध्य मिला, रमेश सिंह ने किया स्वागत।

# झामुमो उलगुलान के महाधिवेशन की तैयारी शुरू

**केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा मार्डी ने शुरू की तैयारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान का केंद्रीय महाधिवेशन करने की तैयारी को लेकर झामुमो उलगुलान के संविधान के अनुसार झारखंड प्रदेश के सभी जिला समितियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। महाधिवेशन के मद्देनजर झारखंड प्रदेश के सभी जिलों में फिर से नयी समिति गठित करने के लिए जिलावार पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्यवेक्षकों को दो माह के अंदर जिला समिति की सूची केंद्रीय कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष किरण देवी को सभी जिलों में महिला मोर्चा की समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है।

# अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक 8 से 9 को प्रयागराज में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक 8 से 9 अक्टूबर को होटल कान्हा श्याम प्रयागराज उत्तरप्रदेश में संपन्न होगा। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय पोद्दार ने बताया कि इस बैठक में देशभर के सभी प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति तथा राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यसमिति का उद्घाटन उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा संपन्न होगा तथा इस बैठक में समाज के उत्तरप्रदेश के सभी कैबिनेट मंत्री, विधायक, सांसद का संबोधन होना है। इस बैठक में मुख्य रूप से देश की आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति पर चर्चा सहित पूरे देश भर के 54 उपजाति वैश्य समाज को कैसे संगठित किया जाये, इस पर चिंतन मनन किया जायेगा। इस बैठक में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश की आठ सदस्य टीम शुक्रवार ट्रेन से प्रयागराज के लिए रवाना हुई। इसमें अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय मंत्री डॉ विजय प्रकाश, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय पोद्दार, महिला मोर्चा की अर्चना गुप्ता, संगीता कुमारी, रतन गुप्ता, कालेश्वर साहू, रासबिहारी गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | परिस्थिति में सुधार होगा, नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। |
| वृष | रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वीकार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ। |
| मिथुन | श्रेष्ठजनों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी। |
| कर्क | व्यक्तित्व का विकास, आत्मविश्वास की वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी। |
| सिंह | विविध उलझनों का सामना होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद। |
| कन्या | आर्थिक विकास, पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। |
| तुला | अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी में बाधा, परिवार में अशांति का वातावरण। |
| वृश्चिक | चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| धनु | सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। |
| मकर | सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे। |
| कुंभ | महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे, आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद। |
| मीन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, व्यापार में लाभ। |

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.com

## सरला बिरला विवि के सत्र 2022-23 के फर्स्ट सेमेस्टर का इंडक्शन प्रोग्राम

# पूर्ण रूप से इंसान बनना छात्रों का लक्ष्य होना चाहिए: गोपाल पाठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के सत्र 2022-23, फर्स्ट सेमेस्टर के नव नामांकित छात्रों के लिए बीके बिरला ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम के प्रथम दिवस पर फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड साइंस के छात्रों के इंडक्शन प्रोग्राम की विधिवत शुरुआत की गयी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, डीन प्रो एसबी दंडीन, डीन प्रोफेसर नीलिमा पाठक, डीन डॉ संदीप कुमार, डीन हरीबाबू शुक्ला, डॉ राधा माधव झा आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया गया। छात्रों का स्वागत करते हुए कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कहा कि पूर्ण रूप से इंसान बनना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। मानव मूल्यों से रहित शिक्षा का कोई अर्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे चरित्र एवं व्यक्तित्व में दिखायी देनी चाहिए। उन्होंने छात्रों से शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं मोबाइल के ऑप्टिमम उपयोग करने की सलाह दी।



विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने सत्र 2022 23 के लिए नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन आधारभूत संरचना सहित हर सुविधा को उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास करेगा, ताकि अपने अध्ययन काल में वे अपने आपको पूर्ण रूप से विकसित कर सकें। कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन उनके विश्वास पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेगा। डीन प्रो नीलिमा पाठक ने कहा कि छात्र जीवन योग्यता को विकसित करने तथा योग्यता अर्जित करने का अवसर एवम भावी जीवन का आधार है। अपने समाज और परिवार और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर ही हम अपने आपको योग्य बना सकते हैं। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के डीन हरी बाबू शुक्ला ने प्लेसमेंट का विवरण प्रस्तुत किया। एग्जामिनेशन कंट्रोलर प्रोफेसर राहुल वत्स ने एग्जामिनेशन रूल्स एंड रेगुलेशन तथा एग्जाम की-पॉइंट पर चर्चा की। डॉ संदीप कुमार ने डीएसडब्ल्यू सेक्शन की सभी गतिविधियों से छात्रों को पूर्ण रूप से परिचित कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापिका डॉ नीतू सिंह ने किया एवं स्वागत भाषण डीन प्रोफेसर श्रीधर बी दंडीन ने किया। इस अवसर पर डॉ पार्थ पॉल, अमित गुप्ता, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ मनोज पांडे, डॉ वीएन लक्ष्मी दुर्गा, डॉ सोहन चौधरी, डॉ अर्चना मौर्य, प्रो आरोही आनंद, डॉ अभिषेक चौहान, डॉ मेघना घोष, प्रो राशि मालपानी, प्रो एल जी हनी सिंह, डॉ संतोष कुमार दास, डॉ प्रियंका पांडे , डॉ सौरभ कुमार, डॉ दीपक प्रसाद, डॉ मनोरमा, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ भारद्वाज शुक्ल, प्रो अनुषा लाल, प्रो राजीव रंजन, डॉ पिंटू दास, प्रो चंदन कुमार, आकांक्षा कुमारी, अंजना कुमारी सिंह,डिंपल सिंहानिया, किशलय कुमार, सुभाष नारायण शाहदेव, राहुल रंजन, अनुभव अंकित, ऋषि राज जमुआर, दिलीप महतो, आनंद विश्वकर्मा, संतोष द्विवेदी, ओम प्रकाश, तिलकधारी श्रीवास्तव, उत्सव उमंग, आशीष आदि उपस्थित थे।

# ओबीसी आरक्षण के बिना होंगे 2023 के नगर निकाय चुनाव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में ओबीसी आरक्षण के बिना ही नगर निकाय चुनाव 2023 कराने की तैयारी है। नगर विकास विभाग ने इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर लिया है। जल्द ही इसे कैबिनेट की बैठक में रखा जायेगा। नगर विकास विभाग ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्पेशल लीव अपील में राहुल रमेश बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य में पारित न्यायादेश के आलोक में नगरपालिका निर्वाचन 2023 का प्रस्ताव बनाया है। विभाग ने पहले ओबीसी आरक्षण के तहत ही चुनाव कराने की तैयारी की थी, लेकिन बिहार को देख कर अपना फैसला बदल लिया। दरअसल बिहार में नगर विकास विभाग ओबीसी आरक्षण के साथ निकाय चुनाव कराने की दिशा में आगे बढ़ा था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण उसे अपना हाथ पीछे खींचना पड़ा।

### अन्य सभी प्रक्रियाएं पूर्ण की जायेंगी

सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश को ध्यान में रखते हुए पिछड़ा वर्ग को अनारक्षित मानते हुए आरक्षण एवं आवंटन की कार्रवाई की जायेगी। 2023 में होने वाले निर्वाचन को आम निर्वाचन मानते हुए पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या को अन्य श्रेणी में शामिल करने के बाद आरक्षण एवं आवंटन तथा महिला आरक्षण के चक्रानुक्रम की कार्रवाई की जायेगी। इसके बाद सभी नगरपालिकाओं में नाम-निर्देशन से लेकर अन्य सभी प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

### 13 नगर निकायों में 2020 से लंबित है निकाय चुनाव

झारखंड के 10 जिलों के 13 नगर निकायों में 2020 से चुनाव लंबित है। इन नगर निकायों में कुल 311 वार्ड पार्षद, तीन महापौर, 11 अध्यक्ष इत्यादि के लिए मतदान होना है। इसके अलावा नगर निकायों के पांच वार्डों के लिए उपचुनाव कराया जाना है। इन निकायों में 2015 में चुनाव हुए थे। 2020 से ही इन नगर निकायों में चुनाव टलता रहा है। इन नगर निकायों में वार्डों के परिसीमन और आरक्षण का काम भी पूरा हो गया है, लेकिन अब नये सिरे से आरक्षण तय किया जायेगा।

### यहां होने हैं चुनाव

गोमिया, बड़की सरैया, हरिहरगंज, धनवार, महगामा, बचरा, धनबाद, चास, विश्रामपुर, झुमरीतिलैया, चक्रधरपुर, कोडरमा और मझिआंव।

# नियुक्ति से पहले सरकार जारी करे स्थानीय नीति और आरक्षण का संकल्प: डॉ लंबोदर

**गोमिया विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से झारखंड राज्य के लोगों के हित में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू करने और झारखंड राज्य के अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों, अत्यंत पिछड़ी जातियों, पिछड़ी जातियों एवं सामान्य वर्ग के लोगों के लिए अलग-अलग आरक्षण देने से संबंधित कैबिनेट के निर्णयों का संकल्प जारी करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य सरकार ने लिये गये दोनों निर्णय को लागू करने से संबंधित संकल्प जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इस बीच राज्य सरकार द्वारा कई विभागों में नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। यदि दोनों निर्णय के लागू होने से पहले और राज्य सरकार नियुक्ति करती है तो झारखंड राज्य के लाखों स्थानीय अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों को अपनी नियुक्तियों से वंचित होना पड़ेगा।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
• VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
• Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



## सरयू राय का ट्वीट




# दो दिवसीय ग्लिट्स एंड ग्लैम प्री दिवाली मेला आज से शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेसीआइ रांची उड़ान का दो दिवसीय मेला ग्लिटस एंड ग्लैम रांची क्लब के मल्टीपर्पज हॉल में होने जा रहा है। अध्यक्ष निधि सर्राफ एवं सचिव प्रिया पोद्दार ने संयुक्त रूप से कहा कि दो साल के बाद यह मेला लगने से महिलाओं में काफी उत्साह है। इसमें 60 से ज्यादा स्टॉल लग रहे हैं। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से स्टॉल होल्डर्स आयेंगे। यहां गारमेंट्स, किड्स वेयर, फैशन वेयर, लाइफस्टाइल, डेकोरेशन, हाउसहोल्ड, गिफ्ट आइटम, ज्वेलरी, क्रोकरी प्रमुख रूप से रहेंगे। हमारे मुख्य प्रायोजक तुलस्यान ज्वेलरी एवं हमारे सह प्रायोजक शोटाइम वेडिंग एंड इवेंट्स हैं। जेसीआइ रांची उड़ान की अध्यक्ष निधि सर्राफ ने कहा कि मेले के पहले दिन महा तंबोला खेला जायेगा और दूसरे दिन लाइव म्यूजिक बंदिश बैंड का आनंद उठायेंगे। किड्स जोन भी बनाया जा रहा जो दोनों ही दिन रहेगा। फूड एरिया जहां पर बहुत तरह के लजीज फूड स्टॉल रहेंगे। साथ ही 3-4 पॉप अप सेशन रहेगा जो एग्जीबिशन के बीच में संस्था की मेंबर्स द्वारा मेकअप सेशन, बच्चों के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट, साड़ी ड्रेपिंग क्लासेस, लकी ड्रॉ कूपन और भी बहुत कुछ अट्रैक्शन रहेगा। मेले में प्रवेश निशुल्क रहेगा। इस कार्यक्रम की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पीपी जेसी राखी गंगवाल जैन हैं। इस मौके पर जेसी खुशबू जैन, जेसी राखी खीरवाल, जेसी कविता डैम, जेसी रोली चौधरी, जेसी पूजा केसरी, जेसी मोनिका अभय सहित अन्य मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पूजा सरावगी ने दी।

# झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन एक्स्पो 2022 का आयोजन आज से



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन द्वारा कोविड के बाद पहली बार राज्य में पेशेवर तथा शौकिया फोटोग्राफरों, फिल्म निर्माताओं का जमावड़ा झारखंड इमेजिंग एक्स्पो 2022 में होने जा रहा है। इसका आयोजन 8, 9 एवं 10 अक्टूबर को स्वर्णभूमि बैंकवेट्स रांची में किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में कैमरा एवं अन्य उपकरणों जैसे ट्राइपॉड, गिम्बल, लाइट्स, प्रिंटर्ज, फ्रेमिंग फोटो पेपर, सॉफ़्टवेयर, प्रोजेक्शन सिस्टम, एडिटिंग सेटप आदि उत्पादों के विशाल रेंज की प्रदर्शनी होगी। फोटोग्राफर इन उत्पादों की ना सिर्फ. जानकारी लेंगे बल्कि इनकी जांच भी कर सकेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को अपराह्न 3 बजे करेंगे। इन तीन दिनों में देश के कई दिग्गज फोटोग्राफरों द्वारा फोटोग्राफी, एडिटिंग, सिनेमटोग्राफी तथा बिजनेस डेवलप्मेंट पर वर्कशॉप भी होंगे। झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन जिसे जेपीए के नाम से भी जाना जाता है। पिछले 10 सालों से फोटोग्राफरों जिनमें सिनेमटोग्राफर, एडिटर सहित सभी शामिल हैं, के कौशल विकास, आपसी सौहार्द, नयी तकनीकों के प्रसार के लिये समय समय पर वर्कशॉप, फोटोवाक, कांटेस्ट व प्रदर्शनियों का आयोजन करता रहा है। इन कार्यक्रमों में सिर्फ. हमारे राज्य से ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों के भी फोटोग्राफर शामिल होकर लाभान्वित होते रहे हैं। जेपीए ने राज्य में पहली बार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की कम्पनियों व सेवा प्रदाताओं को बुलाकर फोटो-विडीओ एक्स्पो - झारखंड इमेजिंग एक्स्पो का आयोजन किया।

## रांची पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# क्रिकेट मैच को लेकर 29 डीएसपी समेत 1500 जवानों की होगी तैनाती

**भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 9 अक्टूबर को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 9 अक्तूबर को होनेवाले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को देखते हुए रांची पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मैदान के अंदर और बाहर की सुरक्षा को लेकर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। वहीं रांची एयरपोर्ट से लेकर रेडिशन ब्लू होटल और वहां से जेएससीए स्टेडियम तक की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। आला अधिकारियों की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर अपने-अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेवारी सौंपी गयी है।

**यह होगी प्रशासनिक तैयारी**

क्रिकेट मैच में सुरक्षा को लेकर चार आइपीएस की तैनाती होगी। इनकी ओर से सभी स्तर से मॉनिटरिंग की जायेगी। इसके अलावा 29 डीएसपी, 500 पुलिस पदाधिकारी (इंस्पेक्टर, दारोगा और जमादार) सहित 1500 जवानों की तैनाती स्टेडियम से लेकर मुख्य गेट और स्टेडियम के चारों तरफ की जायेगी।

दोनों टीम के खिलाड़ी रेडिशन ब्लू होटल में ठहरेंगे। ऐसे में वहां की भी सुरक्षा अभी से बढ़ा दी गयी है। यहां की सुरक्षा में जैप-10, जैप इको, रेपिड एक्शन पुलिस, आइआरबी और जिला बल की तैनाती रहेगी। इसके अलावा सादे लिबास में स्पेशल ब्रांच के पदाधिकारियों की भी तैनाती होगी।

**भवनों से भी रखी जायेगी पैनी नजर**

रेडिशन ब्लू होटल से लेकर स्टेडियम तक खिलाड़ियों के जानेवाले रास्ते के दोनों तरफ ऊंची बिल्डिंग पर भी हथियारबंद पुलिसकर्मियों की तैनाती की जायेगी, ताकि किसी भी तरह का खतरा उत्पन्न न हो। होटल में डीएसपी स्तर के अधिकारियों की तैनाती सुरक्षा को लेकर की जायेगी। 9 अक्तूबर को मैच के दिन होटल से लेकर जेएससीए स्टेडियम तक सड़क किनारे दोनों ओर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जायेगी। सुरक्षा की मॉनिटरिंग की जिम्मेवारी एसएसपी किशोर कौशल को दी गयी है. मैच को लेकर राजधानी की यातायात व्यवस्था में किसी तरह के बदलाव के निर्णय अब तक नहीं लिये गये हैं. मैच के दिन होटल रेडिशन ब्लू से जेएससीए स्टेडियम तक जाने के कुछ देर पहले उस रास्ते से कडरू जानेवाले ट्रैफिक को डायवर्ट किया जायेगा. जेएससीए स्टेडियम की ओर जानेवाले वाहनों का रूट भी डायवर्ट होगा।

# युवा दस्ता का उत्कृष्ट सेवा कार्य सराहनीय : डीसी

**दुर्गा पूजा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री दुर्गा पूजा महोत्सव 2022 को सफल बनाने में युवा दस्ता की भूमिका और उत्कृष्ट सेवा कार्य किये जाने पर उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी रांची कौशल किशोर के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। स्वागत शिविर में आये उपायुक्त एवं एसएसपी का भव्य स्वागत युवा दस्ता के द्वारा माला पहना कर एवं चुनरी ओढ़ा कर किया गया । उपायुक्त ने युवा दस्ता द्वारा किये गये सेवा कार्यो की सराहना की एवं युवा दस्ता के सदस्यों का हौसला अफजाई कर मनोबल बढ़ाया । एसएसपी ने युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, सभी पदाधिकारियों, क्षेत्रीय प्रभारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री किशोर ने कहा कि युवा दस्ता ने दुर्गा पूजा से लेकर विसर्जन तक अपना अहम योगदान दिया। युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा एवं अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया एवं कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग के बिना युवा दस्ता के द्वारा महोत्सव को सफल बनाना काफी कठिन होता। कार्यक्रम में युवा दस्ता के लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, गोपाल पारीक, पीयूष आनंद, राकेश सिंह, मनीष साहू, उपेन्द्र रजक, मंटू दुबे, नवनीत पांडेय, अभिषेक चौधरी, टिंकू यादव, सोनू भारद्वाज, ओम प्रकाश, साहिल, ज्योति शंकर साहू सहित अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभायी।

# समाज में बढ़ रहे अनैनिकता के ज्वार से सभी भयभीत हैं : निर्मला बहन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, चौधरी बगान, हरित भवन के सामने हरमू रोड में गेडीटेशन शिविर शुक्रवार को भी जारी रहा।

आध्यात्मिक प्रवचन प्रारंभ करते हुए ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि आज हर विवेकशील व्यक्ति औरचिंतक, समाज में बढ़ रहे अनैनिकता के ज्वार से भयभीत है। परंतु वह चाह कर भी इस दिशा में कुछ उपयोगी एवं ठोस परिणाम प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। प्रकृति के प्रति आकर्षण और आसक्ति की सूक्ष्म डोरों से बंधा हुआ मानव पथ



भ्रष्ट हो गया है। परमात्म प्राप्ति की ओर न बढ़ कर अनैनिकता को भी अहंकार वश नैतिकता समझने लगा है। इस समय संसार में योग नाम से भी बहुत ही मार्ग प्रचलित हैं। कुछ लोग आग्रह पूर्वक कहते हैं कि सभी प्रचलित मार्ग परमात्मा के प्राप्ति का ही साधन है, लेकिन जब परमात्मा एक है, सत्य ज्ञान एक है तो ज्ञान और मार्ग अनेक नहीं हो सकते हैं। विभिन्न असत्य मार्गों पर चल कर एक ही सत्य लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। आपने कहा शास्त्र शिरोमणि गीता में भगवान के महावाक्य हैं कि पहले भी योग मैंने सिखाया था। अतः ध्यान रहे कि ज्ञान-योग की शिक्षा स्वयं अदृश्य गंगपान ही ब्रह्मा तन में दृश्यमान होकर देते हैं।

## दिल्ली हाइकोर्ट से शिबू सोरेन को नोटिस

**रांची।** दिल्ली हाइकोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर राज्यसभा सांसद और झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन को नोटिस जारी किया है। हाइकोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तारीख तय की है और शिबू सोरेन को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकपाल के समक्ष शिबू सोरेन, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य के नाम पर संपत्ति जमा करने को लेकर शिकायत दर्ज की थी। शिकायत में सीबीआइ जांच की मांग की गयी थी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और जेएमएम के अध्यक्ष शिबू सोरेन ने लोकपाल की कार्रवाई को चुनौती देने के लिए दिल्ली हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## नॉर्थ कर्णपुरा स्थित एनटीपीसी के पावर प्लांट और गोड्डा स्थित अडाणी पावर प्लांट की पहली यूनिट से होगा उत्पादन

# झारखंड में दिसंबर तक शुरू हो जायेंगे 2 पावर प्लांट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिसंबर माह तक झारखंड में दो नये पावर प्लांट शुरू हो जायेंगे। नॉर्थ कर्णपुरा स्थित एनटीपीसी के पावर प्लांट और गोड्डा स्थित अडाणी पावर प्लांट की पहली यूनिट से उत्पादन आरंभ हो जायेगा। दोनों ही पावर प्लांट को चालू करने की तैयारी अंतिम चरण में है। दिसंबर तक इन दोनों पावर प्लांट से 1460 मेगावाट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। झारखंड को फायदा यह होगा कि दोनों ही प्लांट के चालू होने से लगभग 400 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलने लगेगी।

**एनटीपीसी की पहली यूनिट से होगा 660 मेगावाट का उत्पादन :**

एनटीपीसी के नॉर्थ कर्णपुरा थर्मल पावर प्लांट की पहली यूनिट 660 मेगावाट की है, जो दिसंबर में आरंभ होगी। यहां 1980 मेगावाट क्षमता का पावर प्लांट बनाया जाना है। एनटीपीसी के एजीएम टेक्निकल सर्विस बीआर प्रसून ने बताया कि टर्बाइन के सिंक्रोनाइजेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। नॉर्थ कर्णपुरा-चंदवा ट्रांसमिशन लाइन लगभग 38 किमी की है, जो लगभग बनकर तैयार हो गयी है। एनकेटीएल द्वारा यह तैयार किया जा रहा है। बताया गया कि अक्तूबर माह में ही इस लाइन की टेस्टिंग हो जायेगी। फिर प्लांट चालू कर 72 घंटे तक इस लाइन में बिजली प्रवाहित की जायेगी। परीक्षण सफल होने के बाद पावर प्लांट को चालू किया जायेगा। बताया गया कि पहली यूनिट के चालू होने पर लगभग 200 मेगावाट बिजली झारखंड को दी जायेगी। शेष बिजली बिहार और अन्य राज्यों को दी जायेगी।

**छह मार्च 1999 को वाजपेयी ने किया था शिलान्यास :**

एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा परियोजना का शिलान्यास भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 6 मार्च 1999 को किया था। इस परियोजना के चालू होने में लगभग 23 वर्ष लग गये। बताया गया कि वर्ष 2023 तक तीनों यूनिट यानी कुल 1980 मेगावाट के पावर प्लांट को चालू करने की योजना है।

**अडाणी ग्रुप 25 प्रतिशत बिजली झारखंड को देगा :**

अडाणी द्वारा किये गये एमओयू के तहत कुल उत्पादित बिजली का 25 प्रतिशत यानी 400 मेगावाट बिजली झारखंड को दी जानी है। अडाणी कंपनी यह बिजली अपने अन्य प्लांट से देगी।

**16 दिसंबर से गोड्डा में भी 800 मेगावाट उत्पादन**

गोड्डा में बन रहे अडाणी पावर प्लांट से 16 दिसंबर से बिजली उत्पादन आरंभ हो जायेगा। यहां 800-800 मेगावाट की दो यूनिट यानी कुल 1600 मेगावाट के पावर प्लांट का निर्माण हो रहा है। 16 दिसंबर को एक यूनिट यानी 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन होने लगेगा, जिसे बांग्लादेश भेजा जायेगा। फिर दूसरी यूनिट भी दो से तीन माह में आ जायेगी। फिर 1600 मेगावाट बिजली बांग्लादेश को भेजी जायेगी। भारत सरकार और बांग्लादेश के बीच हुए समझौते के तहत यह पावर प्लांट बना है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची विवि के कुलपति ने दी शुभकामनाएं और बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेल में योगासन प्रतियोगिता का आयोजन अहमदाबाद में हो रहा है। इसमें स्कूल ऑफ योगा रांची विश्वविद्यालय रांची की योग प्रशिक्षिका रजनी बक्शी झारखंड ओलंपिक संघ के द्वारा योग कोच के रूप में, बीएससी योगिक साइंस के लव कुमार का चयन हॉकी टीम के फिजियोथैरेपिस्ट के रूप में किया गया है। मास्टर इन योगिक साइंस के रवि रंजन कुमार, बीएससी योगिक साइंस के रोहित कुमार का चयन योग खिलाड़ी के रूप में किया गया है। योग विभाग के लिए यह बहुत ही गौरवान्वित क्षण है। इस उपलब्धि के लिए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्कूल ऑफ योगा की डायरेक्टर डॉ मधुलिका वर्मा, कोऑर्डिनेटर गुरु चरण साहू सहित अन्य शिक्षक गणों ने भी बधाई दी।

### थैलेसीमिया प्रभावितों के लिए जुडको ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। थैलेसीमिया प्रभावित बच्चों के लिए झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट (जुडको) द्वारा कार्यालय प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर जुडको के परियोजना निदेशक (प्रशासन) अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि थैलेसीमिया रोग से ग्रसित बच्चों को एक निश्चित अंतराल पर रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। इस रोग से ग्रसित बच्चों एवं अन्य जरूरतमंद लोगों के लिए जुडको के कर्मियों एवं इससे जुड़े एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा रक्तदान का महादान किया गया। भविष्य में भी जुडको द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। रक्तदान शिविर का आयोजन रक्तदान कार्यक्रम से जुड़े अतुल गेरा के प्रोत्साहन से जुडको के उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वयं उत्कर्ष मिश्र ने भी रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में लगभग 20 यूनिट रक्तदान किया गया। जुडको के वाह्य संपोषित सेवा से जुड़े अधिकारियों ने रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जुडको से जुड़ी कंपनियों एनसीसी एवं मार्स के प्रतिनिधियों ने रक्तदान किया।

### श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव कल

रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से रविवार को शरद पूर्णिमा पर विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया जायेगा। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में कई अनुष्ठान होंगे। संगठन के अध्यक्ष सुरेश सरावगी और महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि शरद पूर्णिमा पर मंदिर की सफेद रंग के फूलों से सजावट होगी। सुबह नौ बजे श्री शालिग्राम एवं श्री सत्यनारायण कथा होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण होगा। मुख्य समारोह रात नौ बजे से आरंभ होगा।बताया कि खादू नरेश की अखंड ज्योत प्रज्वलित करने के बाद गायक श्वेता अग्रवाल भजन प्रस्तुत करेंगी। इसके समापन पर अमृत प्रसाद का वितरण होगा। वहीं, शनिवार शाम में मंदिर परिसर में श्री श्याम भंडारा का आयोजन होगा। संगठन के मंत्री गौरव अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजक स्नेह पोद्दार ने श्रद्धालुओं से शरण पूर्णिमा उत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

### जनजाति सुरक्षा मंच की महारैली 27 नवंबर को

रांची (आजाद सिपाही)। जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक संदीप उरांव की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक बरियातू के कल्याण आश्रम हुई। इसमें आगामी स्वर्गीय कार्तिक उरांव और जनजाति गौरव दिवस को धूमधाम से मनाने के विषय पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। स्वर्गीय कार्तिक उरांव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गांव के अखाड़ा में बैठक कर लोगों को कार्तिक बाबू के विषय में एवं उनके किये गये कार्यों को तथा 20 वर्ष की से संबंधित जानकारियां लोगों को सभी कार्यकर्ता देंगे। साथ ही साथ जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष में 15 नवंबर को बरियातू स्थित कल्याण आश्रम के प्रांगण में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर तथा संकल्प कर लगभग 200 कार्यकर्ता मोटरसाइकिल में बिरसा चौक एवं कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर पुष्पमाला अर्पित करेंगे। जनजाति सुरक्षा मंच पूरे भारत देश में हर जिले में रैली एवं प्रदर्शन के द्वारा भारत सरकार से एक ही मांग उठा रही है। इसमें डिलिस्टिंग, डिलिस्टिंग अथार्थ जो भी जनजाति अपनी धर्म संस्कृति परंपरा रीति रिवाज को छोड़कर इसाई या अन्य धर्म अपना लिये हैं वैसे लोगों को भारतीय संविधान के अनुसार 342 अनुच्छेद में संशोधन करके अनुसूचित जनजाति की सूची से डिलिस्टिंग करना है। उसे सूची से बाहर करना है ताकि वास्तविक जनजाति का आरक्षण का लाभ केवल और केवल वास्तविक जनजाति को ही मिले। इसी संदर्भ में आगामी 27 नवंबर को रांची में विशाल महारैली का आयोजन किया जायेगा। बैठक में सुनील टोप्पो, जय मंत्री उरांव, मेघा उरांव, सनी टोप्पो, नकुल तिर्की, प्रदीप लकड़ा, सोनी हेंब्रोम, पिंकी खोया, बालेश्वर पहान, दुर्गा उरांव, सुनील फकीरा, अंजली लकड़ा, जगरनाथ उरांव सहित कई अन्य मौजूद थे।

### मल्टी डिजाइनर शो 11 और 12 अक्टूबर को



रांची (आजाद सिपाही)। फैशन प्वाइंट की ओर से 11 और 12 अक्टूबर को मल्टी डिजाइनर शो का आयोजन किया जायेगा। कैपिटल हिल होटल में मंगलवार को राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी विशिष्ट अतिथि वाइफ ऑफ डायरेक्टर कमर्शियल मेकॉन सोनी वर्मा शो का उद्घाटन करेंगी। शुक्रवार को रीना अग्रवाल ने प्रेस से बताया कि इस फैशन पॉइंट के 36 वें संस्करण में मल्टी डिजाइनर स्टोर होगा जहां हर एक रेंज के कलेक्शन मिलेंगे । इस एग्जीबिशन में बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर करण जौहर का तयानी ज्वेलरी के आधुनिक डिजाइन और रांची वासियों के लिए विशेष कलेक्शन लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुबई फैशन वीक डिजाइनर अल्बान रांची वासियों के लिए अपने बेस्ट कलेक्शन लेकर आ रहे हैं। झारखंड में पहली बार बांग्लादेश से बुटीक डिजाइनर जामदानी साड़ी लेकर आ रही हैं। एंट्री पर लकी ड्रॉ कराया जायेगा साथ ही रोज यहां लक्की ड्रा होगा। कुल 43 स्टॉल लगाये गये हैं। फैशन सुबह 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। इस शो में दिवाली और शादी सीजन को लेकर अलग-

## दीपावली मेला का छावनी परिषद की नामित सदस्य कीर्ति गौरव ने किया शुभारंभ

# महिला सशक्तीकरण की दिशा में मारवाड़ी महिला समिति का बेहतर प्रयास : कीर्ति

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रामगढ़ शाखा के तत्वधान में शुक्रवार को शहर के चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में दीपावली मेला का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन छावनी परिषद की नामित सदस्य कीर्ति गौरव, अरुणा जैन व अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की। इससे पूर्व अतिथि के आगमन पर समिति के सदस्यों ने बुके व मुकुट पहनाकर स्वागत किया। मौके पर छावनी परिषद की नामित सदस्य कीर्ति गौरव ने कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण की दिशा में बेहतर काम कर रही है। इससे, महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज को सही दिशा देगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री भी देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई कार्य कर रहे हैं। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। उन्होंने महिलाओं को आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे मेले में खरीदारी कर लोगों का हौसला अफजाई करने की जरूरत है।



### मेले में महिलाओं ने की खरीदारी, बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का उठाया लुफ्त

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के द्वारा आयोजित की गई दीपावली मेला में महिला व युवतियों के लिए विभिन्न प्रकार के परिधान व मेकअप का स्टॉल लगाएं गए। इसके अलावा हाथों से बनाये गए एक से बढ़कर कर घरेलू सामान व बच्चों के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। यहां महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। जबकि बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का उठाया लुफ्त।

### मेले में ये थीं उपस्थित

मेले को सफल बनाने में उषा परशुराम पुरिया, उर्मिला शाह, सिंपल बेरलिया, निशा जैन, ममता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, मंजू गोयनका, निर्मला अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रेनू मित्तल, गरिमा अग्रवाल आदि उपस्थित थी।

## मौजूदा समय में झारखंड समेत देश को बसपा ही उभार सकती है: धर्मवीर सिंह




**रांची (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार की अध्यक्षता में चुटिया स्थित प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में बसपा के झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रभारी, पूर्व एमएलसी धर्मवीर सिंह अशोक ने कहा कि मौजूदा समय में झारखंड समेत देश को बहुजन समाज पार्टी ही उबार सकती है। लिहाजा पार्टी के ढांचे की मजबूती हेतु सभी को कमर कस लेने की जरूरत है। विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पार्टी की सदस्यता अभियान को तेज रफ्तार से चलाने की जरुरत है । साथ ही उन्होंने कहा की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के आदेशानुसार बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुबल दास को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया जाता है। विभिन्न जिलो से आए हुए दर्जनों लोगों को पार्टी में शामिल कर सभी को माला पहना कर स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य रुप से सेवानिवृत्त उप विकास आयुक्त एम एल दास, डॉ0 दीपक कुमार, कालेश्वर रविदास, मुकेश कुमार, बबलू कुमार, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, अंकुश, जयप्रकाश, फूलचंद रविदास आदि उपस्थित थे।

## हिंदवेयर सेनेटरी का प्लंबर मेला आयोजित



**रांची (आजाद सिपाही)।** हिंदवेयर सेनेटरी के द्वारा पलंबर मेला का आयोजन सात और आठ अक्टूबर को होटल ली लेक में किया जा रहा है। इस मेले का आयोजन का उद्देश्य पलंबर की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना और हिंदवेयर प्रोडक्ट की पूरी जानकारी देना है। कोई सामान अगर पलंबर स्टॉल नहीं कर पाता है तो वह कस्टमर केयर में बात कर हमारे टेक्नीशियन की मदद ले सकता है। यह बाथरूम फिटिंग की सबसे पुरानी कंपनी है। उक्त जानकारी रविंद्र शुक्ला जोनल हेड मार्केटिंग और पंकज कुमार रांची हेड ने दी।

# युवती से छेड़खानी की विरोध करने पर मारपीट

## पीसीआर के जवानों ने खदेड़ कर दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र में युवती से छेड़खानी और मारपीट कर रहा था।पुलिस ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ा।बताया जाता है कि पुलिस ने एक युवती से छेड़खानी और मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। आरोपी अरजान जफर, हिंदपीढ़ी का रहने वाला है।

आरोपी ने गुरुवार की रात डॉ फतेउल्लाह रोड में पहले तो युवती के साथ छेड़खानी की फिर विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की। इसी बीच पीसीआर-24 के मौके पर पहुंचते ही पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा। हालांकि, जवानों ने आरोपी को खदेड़कर दबोच लिया। मामले में पीसीआर पुलिस के बयान पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# रांची के झिरी में कचरे का अंबार, साफ करने में खर्च होंगे 136 करोड़ रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहर से 15 किमी दूर झिरी में डंप किये गये कचरे का निष्पादन किसी निजी कंपनी को सौंपा जायेगा। चयनित कंपनी इस कचरे का निष्पादन बायोरेमेडियेशन /बायो माइनिंग तरीके से करेगी। इसमें 136 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उपनगर आयुक्त रजनीश कुमार ने बताया कि कचरे के निष्पादन को लेकर जुडको की ओर से डीपीआर तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा गया है। रांची नगर निगम बहुत जल्द कंपनी के चयन के लिए टेंडर निकालेगा।

उपनगर आयुक्त ने बताया कि चयनित कंपनी कचरे के निष्पादन के लिए झिरी में ही प्लांट लगायेगी। उन्होंने बताया कि बायोरेमेडियेशन/बायो माइनिंग तकनीक से कचरे के पहाड़ का 80 प्रतिशत हिस्सा पूरी तरह से खत्म होगा। मात्र 20 प्रतिशत अवशेष बचेगा। बचे हुए अवशेष से खाली जगहों की लैंडफील के लिए इस्तेमाल किया जायेगा।

### 10 साल से हो रहा कचरा निष्पादन करने का दावा

झिरी में खड़े कचरे के पहाड़ के डिस्पोजल के दावे पिछले 10 साल से किये जा रहे हैं। सबसे पहले वर्ष 2010-11 में आयी एटूजेड कंपनी ने इस कचरे का डिस्पोजल कर टाइल्स बनाने की बात कही थी। कंपनी ने दो साल तक यहां काम किया। उसके बाद टर्मिनेट कर दी गयी। इसके बाद 2014-15 में एसेल इंफ्रा ने काम लिया। कंपनी ने इस कचरे से बिजली बनाने की बात कही। डेढ़ साल में कंपनी भी यहां से काम छोड़ कर चली गयी। इसके बाद सीडीसी कंपनी आयी। यह कंपनी भी डेढ़ साल में चलता कर दी गयी।

## विजय शंकर जल संरक्षण सब कमेटी के चेयरमैन मनोनीत



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सत्र 2022-23 के लिए विजय शंकर को जल संरक्षण सब कमेटी का चेयरमैन मनोनीत किया है। 27 सितंबर को हुए कार्यकारिणी बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर मनोनीत हुए श्री शंकर को 10 अक्टूबर तक कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया गया है। उपाध्यक्ष अमित शर्मा एवं आदित्य मल्होत्रा ने अपना मार्गदर्शन देते हुए कहा की सब कमेटी के गठन के बाद जल्द से जल्द जल संक्षण पर व्यापारियों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम और बैठक करें। मनोनयन के उपरांत श्री शंकर ने राज्य में घटते जल की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि आने वाले समय में व्यापक स्तर पर जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है।

## नयी दिल्ली में संसदीय समिति की बैठक

# झारखंड के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने की बात उठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा के अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को नयी दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक में रांची के सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। संसदीय समिति की बैठक में पर्यटन और उसकी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में यह बताया गया कि स्वदेश दर्शन योजना एक ऐसी योजना है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। स्वदेश दर्शन योजना के तहत झारखंड में इको सर्किट कार्य के अंतर्गत दलमा बेतला राष्ट्रीय उद्यान का कार्य किया गया है। इसमें 34 करोड़ रुपये भारत सरकार ने दिए हैं। इसके अतिरिक्त पर्यटन के क्षेत्र में कैसे बेहतर कार्य किया जा सके, इस विषय पर बैठक में मौजूद लोगों के बीच विमर्श हुआ। सांसद श्री सेठ ने झारखंड में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने, रजरप्पा मंदिर को राष्ट्रीय पटल पर विकसित करने, टैगोर हिल, यहां के जलप्रपातों के विकास, 12 साल से बंद पड़े होटल अशोका, भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली के विकास करने, मैक्लुस्कीगंज को राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, चांडिल डैम में वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाएं तलाश कर, उस पर काम करने, इसके अलावा रुका और गेतलसूद डैम में भी वाटर स्पोर्ट्स आरंभ करने, ईचागढ़ में भगवान आदिनाथ महावीर की तपोस्थली को विकसित करने से संबंधित कार्य करने का सुझाव कमेटी के समक्ष रखा।

इस बैठक में मुख्य रूप से पर्यटन विभाग के सचिव अरविंद सिंह, महानिदेशक जीके राव, अपर सचिव राकेश कुमार वर्मा, आर्थिक सलाहकार ज्ञान भूषण सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड की कार्यशाला

# ग्रामीणों को बिचौलिये से बचायें, ग्रामीणों को वनोत्पाद का सही मूल्य मिले : संजीव

**कृषि एवं वनोपजों का वैल्यू एडिशन एवं मार्केटिंग के लिए आपस में सामंजस्य बनाकर कार्य करें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि के सीईओ संजीव कुमार ने कहा कि राज्य में उपलब्ध सभी प्रमुख कृषि एवं वनोपज का समयवार डाटाबेस तैयार कर इन उत्पादों का वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के लिए हमें आपस में सामंजस्य स्थापित कर कार्य करना होगा। राज्य में कृषि उपज के अलावा इमली, महुआ, साल बीज, पत्ते, लाह, करंज, चिरौंजी सहित कई प्रकार के अन्य वनोत्पाद हैं, जिसका उचित मूल्य वहां के ग्रामीणों को नहीं मिल पाता। बिचौलिये इनसे कम दाम में खरीदकर इसे बाजार में अधिक मूल्य में बेच रहे हैं। ग्रामीणों को इन उत्पादों का सही मूल्य मिले, उनके जीवनस्तर में सुधार आ सके, इसके लिए हमें सुदृढ़ व्यवस्था बना कर कार्य करना है। संजीव कुमार शुक्रवार को वन परिसर स्थित पलाश भवन सभागार में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि की एकदिवसीय कार्यशाला में आये सभी जिलों के वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। संजीव कुमार ने कार्यशाला में आये सभी जिलों के वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारियों से संस्थान द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी ली एवं कार्य में आ रही समस्याओं पर विमर्श किया। उन्होंने कहा कि हमें कृषि एवं वनोत्पाद का ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके, इसके लिए समस्या की जानकारी एकत्रित कर उनका समाधान करना है। कार्यशाला में आए विभिन्न जिलों के वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारियों ने अपने जिले में संस्थान द्वारा संचालित कार्यों के बारे में अवगत कराया। साथ ही उन्हें संस्थान की विभिन्न कार्यप्रणाली एवं उनके कार्यक्षेत्र, उनके अधिकार एवं जिमेवारियों को पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया। इस अवसर पर सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के सचिव जेपी शर्मा, जेएएस सीजेएलएएपीएफ के एमडी देवेंद्र सिंह, जेएचएएमएफसीओएफइडी के एमडी कुमुद कुमार, वीइजीएफएफपी के एमडी प्रकाश कुमार, सभी जिलों के वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अष्टम उरांव और सुधा अंकिता तिर्की को सम्मानित किया जायेगा : आलोक दुबे



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दूबे ने कहा है कि महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम की कप्तानी गुमला की बेटी अष्टम उरांव सहित छः बेटियों का चयन राज्य के लिए गौरव की बात है तो वहीं दूसरी तरफ वो जो सर झुका के धीरे से कहते हैं नां लड़की हुई है, झारखण्ड की बेटियों ने उन सभी अभिभावकों को मस्तक ऊंचा कर भेदभाव नहीं करने का व्यापक संदेश भी दिया है। आलोक दूबे ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। गुमला के संयोजक आलोक कुमार दूबे ने गुमला जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रौशन बरुवा एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्णय लिया है कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे गुमला विशुनपुर की खिलाड़ी अष्टम उरांव एवं गुमला की ही दूसरी खिलाड़ी सुधा अंकिता तिर्की के आवास पर जाकर परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर गुमला जिला के प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव भी शामिल होंगे। आलोक दूबे ने सिमडेगा जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनूप केसरी से भी दूरभाष पर बात कर सिमडेगा से चयनित खिलाड़ी पूर्णिमा कुमारी के घर जाकर सम्मानित करने का आग्रह किया है। संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक ने बताया कि रांची की नीतू लिंडा, अनीता कुमारी एवं अंजलि मुंडा के घर मैं स्वयं जाकर परिजनों को सम्मानित करुंगा। आलोक दूबे ने कहा सीमित संसाधनों एवं विशेष सहयोग नहीं मिलने के बावजूद झारखंड की बेटियां हर क्षेत्र में राज्य का नाम रौशन कर रही हैं।

# खाताधारकों की जमा राशि का भुगतान नहीं किये जाने को लेकर पूर्व विधायक समर्थकों के साथ सहारा इंडिया कार्यालय में धरना पर बैठे

- **कर्मियों को बनाया बंधक, कहा पहले खाताधारकों के भुगतान करे प्रबंधन**
- **कंपनी लिखित आश्वासन दे, तभी धरना से उठेंगे : शंकर चौधरी**



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सहारा इंडिया प्रबंधन द्वारा खाताधारकों के मैच्यूरिटी पूरा होने के बावजूद भुगतान नहीं किये जाने के विरोध में पूर्व विधायक शंकर चौधरी शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ सहारा कार्यालय में धरना पर बैठ गये। इतना ही नहीं कर्मियों को बंधक बना कार्यालय के मुख्य द्वार पर बैठ गये। इस संबंध में पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने कहा कि खाताधारकों के बकाया पैसा भुगतान को लेकर पूर्व में ही सहारा इंडिया के रिजनल व सेक्टर मैनेजर को पत्र लिखा गया था। 5 जुलाई 2022 को धरना भी दिया गया था। जिसपर सहारा के पदाधिकारियों ने धीरे-धीरे ग्राहकों के खाते के बकाये राशि का भुगतान करने का आश्वासन पदाधिकारियों ने दिया था। लेकिन निर्धारित समय बीतने के बावजूद पदाधिकारियों ने खाताधारकों के बकाया राशि भुगतान के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की। जिससे बाध्य होकर उन्होंने दोबारा आंदोलन का मन बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि सहारा इंडिया प्रबंधन के लोग उनसे आकर वार्ता कर खाताधारकों को भुगतान का समय सुनिश्चित करने का लिखित आश्वासन देने के बाद ही वे धरना से उठेंगे। धरना के दौरान देर शाम तक उन्होंने सहारा कार्यालय के कर्मियों को ना तो अंदर आने दिया और ना ही कार्यालय से बाहर जाने इदिया। धरना में बलराम प्रसाद कुशवाहा, तुलसी प्रसाद कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, सूरज प्रसाद, कमलनाथ महतो, पूर्व चैंबर अध्यक्ष विमल बुधिया, भगवान प्रसाद, सुधाकर कुशवाहा, जमुना महतो, मो जफीर, सुरेंद्र प्रसाद, सोहन महतो, श्यामनंदन सिंह सहित कई खाताधारक अपने बकाया राशि की भुगतान को लेकर समाचार लिखे जाने तक सहारा कार्यालय में ही पूर्व विधायक के साथ डटे रहे।

### थाना प्रभारी पहुंचे सहारा इंडिया कार्यालय

**देर शाम रामगढ़ थाना प्रभारी एच एच सिंह सहारा इंडिया कार्यालय पहुंचकर पूर्व विधायक व सहारा इंडिया के पदाधिकारियों से बातचीत कर समस्या के समाधान के प्रयास में जुटे थे। रिजनल मैनेजर मो इकबाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सहारा इंडिया पर अंकुश लगाये जाने के बाद देश के विभिन्न शाखाओं में खाताधारकों के मैच्यूरिटी भुगतान में विगत दो वर्षों से विलंब हो रही है। लेकिन जल्द ही खाताधारकों को उनके मैच्यूरिटी का भुगतान कर दिया जाएगा। पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि रामगढ़ जिले में सहारा इंडिया के लाभुकों का 275 करोड़ रुपये का भगतान कंपनी को करना है। जिसके लिए प्रक्रिया अपनाई जा रही है। वैश्विक महामारी कोरोना काल से पहले नियमित रूप से खाताधारकों को कंपनी भुगतान कर रही थी।**

# चौधरी मोहल्ला देवी स्थान की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विजया दशमी की शाम को खूंटी के मंदिरों एवं देवी स्थलों में प्रतिष्ठित प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन विभिन्न तालाबों में कर दिया गया। मुख्य पथ स्थित श्री हरि मंदिर की प्रतिमा विसर्जन में बंगाली समुदाय के सिंदूर खेला परंपरा का निर्वहन करने के उपरांत विसर्जन शोभा यात्रा में बडी संख्या में बंगाली महिलाओं ने भी भागीदारी की। उधर डहुगूटू, मिश्रा टोली के प्राचीन देवी स्थान पर प्रतिष्ठित प्रतिमा का विसर्जन भी मिश्रा समुदाय के श्रद्धालुओं ने साव तालाब में ही किया, जबकि चौधरी टोला स्थित देवी स्थली की प्रतिमा का विसर्जन देर शाम निकटवर्ती बगडू ग्राम के मुंडा समुदाय के श्रद्धालुओं ने अपनी परंपरा के अनुरूप अंततः चौधरी तालाब में किया।

इसके पूर्व मुंडा समुदाय के श्रद्धालु देवी स्थली पर प्रतिष्ठित प्रतिमाओं की डोली को अपने कांधे पर समूह रूप में धारण कर प्राचीन परंपरा के अनुसार पहले नेताजी चौक स्थित ग्राम देवी गुड्डू (सार्वजनिक दुर्गा मंदिर) ले गये। वहां से प्रतिमा को प्राचीन शिवालय क्षेत्र स्थित दशहरा मेला ले गये। मेला पहुंचे आदिवासी समुदाय के ग्रामीणों के दर्शन - पूजन के निमित्त पीपल पेड़ के नीचे स्थापित कर दिया। अंततः भगवती सिंह वाहिनी दुर्गा सहित अन्य प्रतिमा विग्रह की डोली को कांधे पर ही धारण कर चौधरी तालाब ले गये। जहां पूर्ण विधि विधान के साथ अगले वर्ष पुनः आगमन के निमंत्रण के साथ जल में विसर्जित कर दिया गया। उल्लेखनीय है अपने पुरखौती परंपरा के अनुरूप आज भी प्रतिमा विसर्जन के एवज में बगडू के आदिवासी कोई पारिश्रमिक नहीं लेते हैं। प्रत्येक वर्ष विजयादशमी को यह मां महिषासुर मर्दिनी की श्रद्धा में न्यौछावर उनकी पुश्तैनी निःशुल्क सेवा होती है।

# मोबाइल के चक्कर में आठ साल के बच्चे ने बड़े भाई को चाकू घोंप मार डाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा ।** मोबाइल के चक्कर में 8 साल के छोटे भाई ने अपने 12 साल के बड़े भाई पर चाकू से वार किया जिससे उसकी मौत हो गयी। मामला जिले के डोमचांच थाना के ग्राम गैठीबाद स्थित राणा टोला का है। जानकारी के अनुसार बीती रात मोबाइल चलाने को लेकर हुए मामूली विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई के पेट में चाकू से वार कर दिया। आनन फानन मे परिजन निजी क्लिनिक में इलाज के लिए ले गए जहां उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने शव को दफना दिया जिसकी जानकारी पुलिस को हुई तो जांच के लिए पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। जानकारी अनुसार शव को गड्ढा से निकालकर पोस्टमार्टम किया जाएगा। आरोपी नाम तरुण कुमार (उम्र 8 वर्ष, पिता पप्पू राणा) है जबकि मृतक की पहचान करण राणा (उम्र 12 वर्ष, पिता पप्पू राणा) के रूप में हुई। इधर घटना के बाद मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को गड्ढे से निकालकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं आरोपी बालक घर में मौजूद नहीं है और किसी रिश्तेदार के यहां चला गया है। घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि दोनों बच्चे घर मे खेल रहे थे इसी दौरान बड़ा भाई चाकू पर गिर गया और उसे गम्भीर चोट लग गयी। इलाजे के दौरान उसकी मौत हो गयी थी।

# संघ का संदेश

मोहन भागवत के भाषण पर देश दुनिया की नजर इसलिए भी रहती है क्योंकि इसमें संघ की नीतियों और समाज तथा राष्ट्र के प्रति उसके दृष्टिकोण की नवीनतम झलक मिलती है। इस लिहाज से इस बार की दशहरा रैली को देखें तो पहली नोट करने वाली बात यह रही कि इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जानी-मानी माउंटेनियर और दो बार एवरेस्ट फतह कर चुकीं संतोष यादव थीं। करीब सौ वर्षों के संघ के इतिहास में यह पहला मौका है, जब दशहरा रैली में चीफ गेस्ट के रूप में किसी महिला को बुलाया गया। जैसा कि संघ प्रमुख ने अपने भाषण में भी कहा- सनातन और नित्य नूतन इन दोनों का होना जरूरी होता है। संघ की लंबी विचार यात्रा के दौरान भी इन दोनों कारकों के बीच संतुलन दिखता रहा है और उनके ताजा भाषण में भी इसकी साफ झलक मिलती है। उन्होंने ऐसे कई विषयों को उठाया, जिन्हें विवादित या संवेदनशील कहा जा सकता है, लेकिन उन पर पर्याप्त लचीलेपन का परिचय दिया। संघ प्रमुख भागवत ने महिलाओं के बारे में कहा कि आधे समाज की उपेक्षा कर-के देश का नवनिर्माण नहीं हो सकता। अल्पसंख्यक समाज को लेकर लगने वाले आरोपों का भी उन्होंने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि समाज को तोड़ने की कोशिश हो रही है और इसे रोकने के लिए मुस्लिम समाज से संवाद कायम रखना होगा, लेकिन कई पहलुओं पर यह भी स्पष्ट कर दिया कि वहां संघ के रुख में कोई बदलाव नहीं आने वाला। उदाहरण के लिए, जनसंख्या नीति की वकालत। संघ प्रमुख ने यह बात मानी कि जनसंख्या को समस्या के रूप में देखना कतई जरूरी नहीं है और यह कि इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड का रूप भी दिया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे जुड़े हर पहलू का ध्यान रखते हुए पूरे देश की संपूर्ण आबादी के लिए उपयुक्त नीति लायी जानी चाहिए, तभी उसका वांछित लाभ मिल पायेगा। मगर संघ की पारंपरिक दृष्टि के मद्देनजर विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच जनसंख्या के असंतुलन के मसले की ओर ध्यान खींचना भी वह नहीं भूले। इसी तरह हिंदू राष्ट्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कई लोग इस अवधारणा से सहमति जताते हुए भी हिंदू शब्द के इस्तेमाल से बचना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि संघ को इस पर कोई एतराज नहीं है, जिसे जो शब्द उपयुक्त लगे, उसका प्रयोग कर सकता है, लेकिन संघ अपने स्तर पर इस शब्द का प्रयोग करता रहेगा। जाहिर है, कोई भी संगठन आलोचकों या विरोधियों के कहे मुताबिक अपने विचारों में बदलाव नहीं कर सकता, लेकिन अच्छी बात यह है कि संघ अपने विचारों के संभावित प्रभावों को लेकर न केवल गंभीर और संवेदनशील है, बल्कि यथासंभव लचीलापन भी दर्शा रहा है। इससे उसकी परिपक्वता झलकती है।

**संघ प्रमुख भागवत ने महिलाओं के बारे में कहा कि आधे समाज की उपेक्षा करके देश का नवनिर्माण नहीं हो सकता। अल्पसंख्यक समाज को लेकर लगने वाले आरोपों का भी उन्होंने जवाब दिया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पाकिस्तानी पाठ्यक्रम में अल्पसंख्यकों और गैर-इस्लामी लोगों के प्रति घृणा व्याप्त है। उदाहरण के लिए, 5वीं कक्षा के लिए पंजाब टैक्स्ट बुक बोर्ड द्वारा प्रकाशित पाठ्य पुस्तक में कहा गया है, 'इस्लाम विरोधी ताकतें हमेशा दुनिया के इस्लामी वर्चस्व को खत्म करने की कोशिश कर रही हैं। आज पाकिस्तान और इस्लाम की रक्षा की बहुत जरूरत है।' इसके अलावा, किताबें भी विवादास्पद इतिहास लेखन का सहारा लेती हैं और तथ्यों को दृढ़ता से गलत तरीके से प्रस्तुत करती हैं।**

# हिंदू विरोधी हिंसा को बढ़ावा देता पाकिस्तान

निष्ठा कौशिकी

पिछले दो-तीन हफ्तों में, पाकिस्तान में आयी बाढ़ ने उस देश के लिए बहुत सहानुभूति पैदा की है। यह दुनिया में सबसे अधिक सूचित प्राकृतिक आपदा रही है। सबसे प्रमुख रूप से, यह अमेरिका के साथ अपने संबंधों को फिर से पुनर्जीवित करने में सफल रहा है, वाशिंगटन ने बाढ़ राहत कोष के लिए $2 मिलियन डॉलर की घोषणा की। लेकिन इस सब में, सिंध में बाढ़ प्रभावित हिंदुओं की दुर्दशा को नजरअंदाज किया गया और उनकी रिपोर्टिंग नहीं की गयी।

राष्ट्र अपनी दुर्दशा की कल्पना दो महत्वपूर्ण, लेकिन अलग-अलग घटनाओं से कर सकता है। सबसे पहले, आठ साल की एक हिंदू लड़की का सामूहिक बलात्कार, जिसकी आंखें निकाल ली गयीं और उसके चेहरे को छील दिया गया। इस घटना के बाद एक अन्य हिंदू लड़की को मुफ्त राशन का झांसा देकर उससे बलात्कार किया गया। दूसरा घटनाक्रम, जो कुछ दिन पहले हुआ था, वह था एक पाकिस्तानी पत्रकार नसरल्लाह गद्दानी की गिरफ्तारी, जो बाढ़ के दौरान भी हिंदू अल्पसंख्यकों पर पाकिस्तान सरकार और अधिकारियों के अत्याचारों को उजागर करने के लिए थी। संभवतः कई और लड़कियों को प्रताड़ित और उनके साथ बलात्कार किया गया होगा, क्योंकि बाढ़ का प्रकोप जारी रहा।

**पूरे पाकिस्तान में अल्पसंख्यक महिलाएं डर का जीवन जी रही हैं।**

हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति असहिष्णुता पाकिस्तानी समाज के इस्लामीकरण और उनके खिलाफ संवैधानिक धाराओं को कारण उत्पन्न होती है। पाकिस्तानी पाठ्यक्रम में अल्पसंख्यकों और गैर-इस्लामी लोगों के प्रति घृणा व्याप्त है। उदाहरण के लिए, 5वीं कक्षा के लिए पंजाब टैक्स्ट बुक बोर्ड द्वारा प्रकाशित पाठ्य पुस्तक में कहा गया है, 'इस्लाम विरोधी ताकतें हमेशा दुनिया के इस्लामी वर्चस्व को खत्म करने की कोशिश कर रही हैं। आज पाकिस्तान और इस्लाम की रक्षा की बहुत जरूरत है।' इसके अलावा, किताबें भी विवादास्पद इतिहास लेखन का सहारा लेती हैं और तथ्यों को दृढ़ता से गलत तरीके से प्रस्तुत करती हैं। भारत के आंतरिक मुद्दों पर टिप्पणी करते हुए, 8वीं कक्षा की सिंध सामाजिक विज्ञान पाठ्य पुस्तक में कहा गया है कि हिंदुओं और पाकिस्तान में रहने वाले अन्य समूहों के बीच हिंसा हुई है, जिसके परिणामस्वरूप बाबरी मस्जिद का विनाश हुआ और गुजरात में हिंदू-मुस्लिम दंगे हुए।

10वीं कक्षा की उर्दू पाठ्य पुस्तक कहती है, क्योंकि मुस्लिम धर्म, संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था गैर-मुसलमानों से अलग है, इसलिए हिंदुओं के साथ सहयोग करना असंभव है। इस तरह की पाठ्य पुस्तकों का अध्ययन करने के बाद छात्र गैर-मुसलमानों के खिलाफ अत्याचारों के प्रति अत्यधिक प्रेरित और मनोवैज्ञानिक रूप से प्रतिरक्षित हैं।

इसके अतिरिक्त, पाकिस्तानी शिक्षकों की भूमिका आग में घी का काम करती है। ऐसे छात्रों से क्या उम्मीद की जा सकती है, जो बड़े होकर कट्टर धार्मिक भीड़ बन जाते हैं और भ्रष्ट सशस्त्र बलों में शामिल होकर केवल भारत के खिलाफ जिहाद छेड़ते हैं और दक्षिण एशिया में आतंक फैलाते हैं।

हिंदू मंदिरों पर बढ़े हुए हमले और ईशनिंदा कानूनों के तहत हिंदुओं पर झूठे मामले स्कूल की पाठ्य पुस्तकों में नफरत और असहिष्णुता की गलत शिक्षाओं का परिणाम है। 2021 में, एक 8 वर्षीय हिंदू लड़का ईशनिंदा कानूनों के आरोपों का सबसे कम उम्र का शिकार बन गया।

ईशनिंदा पर अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग की 2020 की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में सभी रिपोर्ट की गयी घटनाओं का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा भीड़ से संबंधित हिंसा का है, जो राज्य के अधिकारियों द्वारा हिंसा के कृत्यों के साथ मेल खाता है, जिसमें ईशनिंदा करने वाले आरोपी के खिलाफ यातना या क्रूर अमानवीय और अपमानजनक व्यवहार या सजा शामिल है। गैर-मुसलमानों के प्रति नफरत इस हद तक पहुंच गयी है कि ईशनिंदा के आरोपियों पर भी निष्पक्ष सुनवाई नहीं होती। यहां तक कि ईशनिंदा के आरोपितों का बचाव करने का प्रयास करने वाले वकीलों और व्यक्तियों को भी निशाना बनाया जाता है।

हिंदू-सिख लड़कियों का अपहरण और बलात्कार, जबरन धर्म परिवर्तन और बहुत अधिक उम्र के पुरुषों से शादी पाकिस्तानी समाज में लगभग एक दिनचर्या बन गयी है। हाल ही में, खैबर पख्तूनख्वा में एक सिख शिक्षक का अपहरण कर उसकी इच्छा के विरुद्ध उसकी शादी कर दी गयी और सिंध में एक नाबालिग हिंदू लड़की के अपहरण का विरोध करने के लिए गोली मार दी गयी। पूरे पाकिस्तान में अल्पसंख्यक महिलाएं डर का जीवन जी रही हैं। हालांकि, राज्य एजेंसियां पीड़ितों की रक्षा करने और विभिन्न संवैधानिक और कानूनी उपचारात्मक उपाय लाने की बजाय ऐसे मुद्दों को किनारे पर रखना पसंद करती हैं। 2021 में, एक संसदीय समिति ने अल्पसंख्यकों को जबरन धर्मांतरण से बचाने के लिए एक विधेयक को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि गैर-मुसलमानों द्वारा धर्मांतरण के लिए आयु सीमा इस्लाम और पाकिस्तान के संविधान के खिलाफ है। पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने भी बिल का विरोध किया।

हाल ही में एफ-16 लड़ाकू विमान के स्पेयर पार्ट्स की बिक्री और पाकिस्तान को वित्तीय सहायता की घोषणा में सार्थक रूप से इस सब को नजरअंदाज कर दिया गया है। इससे पहले 2021 में, पाकिस्तान को विशेष चिंता वाले देश (सीपीसी) के रूप में नामित किया गया था, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हित के एवज में प्रतिबंधों को जानबूझ कर टाला गया था। दक्षिण एशिया में शांति एक मायावी सपना बना रहेगा, और आर्थिक सहायता या इसे जो भी अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिल सकता है, के बावजूद, यह संभावना नहीं है कि पाकिस्तान कभी भी कानून के एक कार्यात्मक शासन के साथ एक सामान्य राष्ट्र बन जायेगा।




**हिंदू-सिख लड़कियों का अपहरण और बलात्कार, जबरन धर्म परिवर्तन और बहुत अधिक उम्र के पुरुषों से शादी पाकिस्तानी समाज में लगभग एक दिनचर्या बन गयी है। हाल ही में, खैबर पख्तूनख्वा में एक सिख शिक्षक का अपहरण कर उसकी इच्छा के विरुद्ध उसकी शादी कर दी गयी और सिंध में एक नाबालिग हिंदू लड़की के अपहरण का विरोध करने के लिए गोली मार दी गयी।**

## जमशेदपुर की खबरें

# जेएनएससी ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर बैंक पदाधिकारियों के साथ की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने बैंक के शाखा प्रबंधकों एवं लोन शाखा के अधिकारियों के साथ गृह - लोन संबंधी प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक 3 अंतर्गत बन रहे बिरसानगर किफायती आवास परियोजना अंतर्गत जी+8 संरचना के अनुरूप 32 ब्लॉक में कुल 9592 आवासों का निर्माण किया जाना है। इसमें अब तक कुल 24 ब्लॉक में 7372 निर्माण कार्य की शुरुआत हो चुकी है। साथ ही 8 ब्लॉक में प्लिंथ लेवल तक का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसमें से अब तक कुल 4670 आवासों का आवंटन उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा लौटरी के माध्यम से किया जा चुका है। इस परियोजना अंतर्गत वैसे लाभुक जो अपने अंशदान की राशि को चुकाने में असमर्थ हैं। उन्हें लोन मुहैया कराने हेतु जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में कैनरा बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक एचडीएफसी बैंक तथा एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधकों एवं लोन शाखा के अधिकारियों के साथ गृह - लोन संबंधी प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही 20 अक्टूबर को गृह ऋण मेला के आयोजन हेतु निर्देश दिया गया।

बैठक में आवास योजना के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, नगर निवेशक, दीपक माझी, म्युनिसिपल वित्त एवं लेखा विशेषज्ञ सरिता कुमारी उपस्थित थीं।

# झामुमो ने पानी सप्लाई को लेकर जेएनएसी नगर प्रबंधक से की शिकायत, मिला आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते एक अक्टूबर से बिरसानगर जोन नंबर-11 में अजय कुंज के पास टैंकर से सप्लाई पानी बंद होने से क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। स्थानीय लोगो ने इस संबंध में झामुमो नेता राजेश सामंत से संपर्क किया।

जानकारी मिलते ही गुरुवार को झामुमो के एक प्रतिनिधि मंडल काली पूजा एवं छठ पूजा को देखते हुए सप्लाई पानी पुनः चालू कराने के लिए जेएनएससी के विशेष पदाधिकारी की अनुपस्थिति में नगर प्रबंधक से मुलाकात की।



जानकारी मिलते ही उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से जल्द ही सप्लाई पानी चालू कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी वरिष्ठ झामुमो नेता सपन करवा, सामाजिक सेवा संघ अध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेश सामंत, झारखंड आंदोलनकारी छोटे सरदार, अमित दास, राजेश मुंडा उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने की अपील की



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड में आपराधिक घटनाओं को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने चिंता जाहिर की। शुक्रवार को उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वर्तमान सरकार में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के मामले में अंकुश लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कहा महागठबंधन के सरकार में अपराधी बेलगाम होता दिख रहा है। इसमें सरकार को कड़ी कानून व्यवस्था अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा दुमका में पेट्रोल से एक युवती को जलाकर मारने के मामले की आग अभी बुझी नहीं और जरमुंडी थाने के भालकी गांव में राजेश राउत नाम के युवक ने उन्नीस वर्षीया युवती को पेट्रोल डाल जला कर मारने का प्रयास किया। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस पर जल्द से जल्द रोक लगायें।

# पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन का रक्तदान शिविर 1 नंवबर को

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा स्व. बिनोद कुमार अग्रवाल की स्मृति में साकची के ठाकुरबाड़ी रोड स्थित महालक्ष्मी दादी मंदिर के हाल में 1 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष अशोक मोदी एवं जिला महामंत्री अरुण गुप्ता ने दी। शिविर का आयोजन सुबह 9.30 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। इसमें 100 यूनिट से अधिक रक्तसंग्रह करने का लक्ष्य पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा रखा गया है। शिविर में सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया जायेगा।

# अखिल भारतीय नाई संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंच तत्व में विलीन

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय नाई संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम उदय ठाकुर का शुक्रवार को दिन के लगभग 12 बजे देहांत हो गया। सूचना मिलते ही जमशेदपुर अखिल भारतीय नाई संघ के सैकड़ो सदस्य शोक सभा में शामिल हुए। शुक्रवार को परिवार के उपस्थिति में मानगो बर्नीग घाट में शाम 6 बजे उनका शरीर को पंच तत्वों में विलीन किया गया। मौके पर समाज के अभिभावक स्वरूप राष्ट्रीय अध्यक्ष राम उदय ठाकुर को समाज के तरफ से दो मिनट का मौन रख कर उनके आत्मा की शांति के लिए प्राथना की गयी।

# पुलिस ने लावारिश ट्रक किया जब्त वाहन से छह लाख का गद्दा गायब

घाटशिला (आजाद सिपाही)। गालूडीह थाना क्षेत्र के जोड़ीसा गांव के पास लावारिस हालत में खड़े एक 407 ट्रक को पुलिस ने बरामद किया है। जांच करने पर पता चला है कि उक्त वाहन 29 सितंबर को कोलकाता के झुलागढ़ से 6 लाख का गद्दा लेकर रांची के लिए निकला था, परंतु वह रांची नहीं पहुंचा और रास्ते से ही वाहन गायब हो गया। इसकी जानकारी वाहन मालिक ने बंगाल पुलिस को दी थी। मामला संज्ञान में आने के बाद कोलकाता पुलिस छानबीन में जुटी थी। वहीं गालूडीह पुलिस ने वाहन को बरामद कर लिया और उसमें मिले कागजात के आधार पर वाहन मालिक शशि रंजन महतो से संपर्क किया। सूचना पाकर वाहन मालिक कोलकाता एवं रांची से ट्रांसपोर्टर के साथ गालूडीह थाना पहुंचे। वाहन मालिक ने चालक के खिलाफ 6 लाख रुपए मूल्य का गद्दा गायब करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस चालक गणेश महतो को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है।

# टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड से चयनित 69 युवतियां हुसूर के लिए हुईं रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय की पहल पर शुक्रवार की शाम टाटानगर से बेंगलुरु के लिए सराईकेला खरसावां से चयनित 69 जनजातीय युवतियों को ट्रेन से रवाना किया गया। इन युवतियों का चयन टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, हुसूर (तमिलनाडु) में हुआ है। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस संबंध में बताया कि सरायकेला खरसावां, चाईबासा, खूंटी, तमाड़ और सिमडेगा की जनजातीय समुदाय की युवतियों को रोजगार देने के उद्देश्य से उनकी टाटा समूह के उच्चाधिकारियों से बात हुई थी। इसके बाद कंपनी ने विशेष रुचि लेकर पिछले दिनों सरायकेला, चाईबासा, खूंटी और सिमडेगा में भर्ती कैंप लगाकर युवतियों का चयन किया। पहले बैच में (लगभग 800 युवतियों) को 27 सितंबर को विशेष ट्रेन द्वारा हटिया स्टेशन से हुसूर के लिए रवाना किया गया था।

श्री मुंडा ने कहा कि टाटा समूह की यह जनजातीय समुदाय के लिए शानदार पहल है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स इन इंटर पास युवतियों को कौशल विकास के साथ रोजगार देगी। कंपनी इन युवतियों को एक साल का ट्रेनिंग देने के बाद नौकरी देगी। ट्रेनिंग के दौरान उन्हें कंपनी द्वारा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। सभी को बेहतर भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।

# पटना साहिब गुरुद्वारा के दर्शन करने 120 सिख यात्रियों का जत्था रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर के 120 सिख यात्रियों का एक जत्था शुक्रवार को पटना साहिब गुरुद्वारा के दर्शन के लिए जमशेदपुर से रवाना हुआ। 10 अक्टूबर को जत्था तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब गुरुद्वारा के दर्शन के पश्चात वापस जमशेदपुर पहुंचेगा। पटना साहिब गुरुद्वारा के लिए जा रहे सरजामदा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार रविंदर सिंह मिंटा, सरदार बलवीर सिंह, सरदार सविंदर सिंह सोनू एवं सरदार रंजीत सिंह के संयुक्त अगुवाई में शहर के 120 सिख यात्रियों का जत्था पटना साहिब गुरुद्वारा के दर्शनार्थ जा रहे है। ये सभी जमशेदपुर स्टेशन से दानापुर एक्सप्रेस से पटना साहिब के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर सभी यात्रियों को स्वरुपा भेंट कर रवाना किया गया।

इस अवसर पर पटना साहिब के दर्शनार्थ जा रहे यात्रियों का हौसला बढ़ाने के लिए झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह, मानगो गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, रंगरेटा महासभा के प्रधान सरदार मनजीत सिंह गिल, जेम्को गुरुद्वारा के प्रधान सरदार जगजीत सिंह, गोलपहाड़ी गुरुद्वारा के प्रधान लखविंदर सिंह, परसुडीह गुरुद्वारा के प्रधान रंजीत सिंह माथूर, दीपक गिल सीजीपीसी से दलवीर सिंह दल्ली, कुलवंत सिंह, नामदा बस्ती के प्रधान महेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com
07

# मोटरसाइकिल सवार ने युवक को अगवा कर बेरहमी से पीटा

**सदर अस्पताल में भर्ती**

**घायल युवक ने मेराल थाने में करायी चार लोगों के विरुद्ध नामजद एफआइआर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के मेराल थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वा टोला निवासी निजामुद्दीन अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र बशरुद्दीन अंसारी को दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों ने अगवा कर उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है, घटना के संबंध में घायल बसरुद्दीन अंसारी ने बताया कि बीते एक महीना पूर्व गांव के ही चार लोगों के साथ ठेकेदारी पर मजदूरी का काम करने को लेकर नोकझोंक हुई थी, तब से उन लोगों के द्वारा मारने के लिए धमकी दिया जा रहा था, जिस बात को ले आज शुक्रवार को गांव के पंचों द्वारा पंचायती करने का समय रखा गया था, किंतु रात्रि में दो मोटरसाइकिल पर चार लोग सवार अपने चेहरे को कपड़ा से ढक कर हमें मेराल से अगवा कर नेनुआ मोड़ ए आइडी के पास ले जाकर बेरहमी के साथ मारपीट किया एवं हमारे पैर व हाथ में लोहे का किल से गंभीर जख्म कर दिया एवं घायल अवस्था में वही छोड़कर भाग गए, चेहरे पर कपड़ा होने के कारण पहचान नहीं हो पाया किंतु मेराल थाना में उन चार लोग मुस्तकीम अंसारी संतु साव सुरेंद्र साव अनिल साव के प्रतीक लिखित आवेदन देकर एफ आई आर दर्ज करा दी है, इस घटना को अंजाम देने में उनका ही सरासर हाथ है।

# विसर्जन जुलूस में डांस कर रहे ग्रामीणों को पुलिस ने पीटा, विरोध में सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



रोड जाम कर बैठे ग्रामीणों को समझाते बीजीओ और जिला परिषद सदस्य।

**बिशुनपुरा।** दुर्गा पूजा कमेटी लालचौक विशुनपुरा के मूर्ति विसर्जन जुलूस में डीजे पर डांस कर रहे ग्रामीणों को पुलिस के द्वारा पिटाई की गयी। पुलिस के पिटाई से उग्र ग्रामीणों ने थाना के सामने विशुनपुरा-मझिआंव मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम के बाद दुर्गा पूजा कमेटी और ग्रामीण धरना पर वैठ गये। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के प्रति काफी नराजगी जताते हुए नारेबाजी कर रहे थे।

वहीं सुमंत मेहता ने कहा कि मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान सभी लोग माता रानी की भक्ति गीतों पर डांस कर रहे थे। विसर्जन करने को लेकर एएसआइ बिनोद रजक के द्वारा जुलूस को आगे बढ़ाने के क्रम में विशुनपुरा थाना एएसआइ बिनोद रजक से लाल चौक निवासी रंजन कुमार से नोक झोंक हुआ। वहीं रंजन कुमार को धक्का मुक्की करते हुए एएसआइ के द्वारा हाथों से पिटाई कर दी गयी। इस बात को लेकर कमेटी के साथ आसपास के ग्रामीण थाना के सामने न्याय के लिए धरना पर बैठ गये। दुर्गा पूजा कमेटी के साथ आस पास के ग्रामीणों ने कहा कि जब तक पिटाई करने वाले एएसआइ बिनोद रजक को सामने नहीं आयेंगे, धरना समाप्त नहीं किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों लाल चौक पूजा कमेटी के लोगों पर सड़क अवरुद्ध करने पर कमेटी के ऊपर थाना द्वारा 107 केस किया गया है, जबकि आने जाने के लिए बाइपास रोड भी दिया गया था, जो यह गलत है। उन्होंने 107 केस कमेटी के लोगों पर से हटाने की मांग की।

घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ हीरक मन्ना केरकेटा एवं जिला परिषद सदस्य शंभूराम चन्द्रवंशी मौके पर पहुंचे। वहीं जिला परिषद शंभूराम चंद्रवंशी ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते हुए सड़क जाम समाप्त करने की आग्रह किया, जिस पर ग्रामीणों ने एएसआइ बिनोद रजक को सामने आकर बात करने के बाद धरना समाप्त करने की बात कही। इसके बाद एएसआइ बिनोद रजक ग्रामीणों के समक्ष आये और उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना हमारी जिम्मेवारी है। अगर किसी बात को लेकर कमेटी व ग्रामीणों को ठेस पहुची है, तो इसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। इसके बाद कमिटी के लोग व ग्रामीणों ने सड़क जाम एवं धरना समाप्त किया। इसके बाद लोग मूर्ति विसर्जन के लिए चले गये।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, लाल चौक दुर्गा पूजा कमिटी अशोक मेहता, सचिव राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, बिशुनपुरा पंचायत समिति प्रतिनिधि भुवनेश्वर कुमार,प्रमुख प्रतिनिधि चंदन मेहता, सुमंत मेहता, विकास शर्मा, भोला शर्मा, दिनेश शर्मा, पृथ्वी पाल, हरेंद्र मेहता, भरदुल मेहता, कैलाश पाल, रंजन कुमार शामिल थे।

# बेटा को अगवा कर जान से मारने की नीयत से पैर में ठोकी कील, मां ने थाने में दिया आवेदन

बलराम शर्मा



**मेराल।** बेटा को मामूली पैसे के विवाद में हुए झगड़ा के तीसरे दिन अगवा कर जान से मारने की नीयत से मारपीट करने एवं पैर में कांटी ठोकने को लेकर मेराल थाना में आवेदन दिया गया है। मेराल थाना मुख्यालय के ईदगाह टोला निवासी बसरुदीन अंसारी 30 वर्ष पिता नजाबुदीन अंसारी की मां कुरैशा बेबी ने थाना में आवेदन देकर जान माल की सुरक्षा एवं न्याय की गुहार लगाई गई है। थाना में दिये गये आवेदन के अनुसार गुरुवार की देर शाम में नेनुआ मोड़ के समीप से दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने बसरुदीन को अगवा कर जान से मारने की नियत से मारपीट की तथा दोनों पैर में कांटी ठोक दिया तथा बेहोशी की हालत में सुनसान जगह में फेंक दिया। बाद में होश आने के बाद उसने अपने मोबाइल से घर में घटना की जानकारी दी, तब उसे आसपास के लोगों द्वारा मेराल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया गया, जहां वह जीवन और मौत से जूझ रहा है।

## चार लोगों से पैसों के लेकर हुआ था झगड़ा

कुरैशा बेबी ने कहा है कि गढ़वा में किए गए काम के पैसों के बटवारा को लेकर 2 दिन पूर्व अन्य साथियों से मेरे बेटे की झगड़ा मुहल्ले के ही संतु साव एवं सुरेश साव पिता स्वर्गीय बनारसी साव, मुस्तकीम अंसारी पिता कलीम अंसारी एवं अमिन साव पिता सुरेश साव से हुई थी। जिन्होंने बेटे को 4 दिन में हत्या कर देने की धमकी दी गई थी, जिसको लेकर मेरे बेटे ने गांव के गणमान्य लोगों से पंचायती करने को बोला था, सभी ने दशहरा के बाद शुक्रवार को पंचायत कर विवाद का निपटारा करने की बात कही थी। इससे पूर्व ही गुरुवार की देर शाम में मेरे बेटे को मारपीट कर सुनसान जगह में फेंक दिया गया।

## थाना प्रभारी ने दिया कार्रवाई का भरोसा

घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ अस्पताल में पहुंचकर भुक्तभोगी का हाल जाना तथा उससे घटना की जानकारी ली। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि हर पहलू से घटना की जांच की जा रही है। बहुत जल्द घटना का पदार्फाश किया जाएगा दोषी कोई भी हो बच नहीं पायेगा।

# टेंपो पलट जाने से महिला की हुई मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** थाना छेत्र के सगमा प्रखंड में आने वाला पुतुर गांव में टेंपो पलटने से 45 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत से पूरे गांव में पसरा सन्नाटा। जानकारी के अनुसार पुतुर गांव निवासी हिरमानिया देवी गुरुवार की शाम लगभग सात बजे गांव के कुसमहि टोला स्थित अपने पाहि से मूल घर की ओर जा रही थी इसी बीच पुतुर बीरबल मुख्य पथ पर आते ही एक टेंपो दिखायी दी मृतिका ने टेंपो को रुकने का इशारा कर बैठाने का आग्रह किया।

टेंपो चालक ने मृतक हिरमानिया देवी को टेंपो में बैठाने के बाद कुछ दूरी जाते ही मुख्य सड़क पर टेंपो पलट गया, जिसमें मृतक हिरमानिया देवी को गंभीर चोट देख सड़क किनारे राह रहे लोगो ने स्वजनों को सूचना दी स्वजनों ने मृतक व चालक भी एकही गांव के होने से आनन फानन में दूसरी गाड़ी से अनुमंडलीय अस्पताल श्री बंसीधर नगर ले गये। मगर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा ले जाने की सलाह दी। इसके बाद स्वजनों ने सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया मगर ईलाज के दौरान चार बजे भोर में हिरमानिया देवी ने दम तोड़ दिया।

इधर पुतुर गांव में मृतक का शव आते ही पूरे गांव में गम का माहौल पैदा हो गया परिजनों का चीत्कार से पुर गांव में कोहराम मच गया। इसकी सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि हसनुमंत यादव पूर्व जीप सदस्य नन्दगोपाल यादव बीडीसी प्रतिनिधि प्रेमन यादव पूर्व उप प्रमुख संजय यादव योगेंद्र प्रसाद यादव दसरथ बैठा डोमन बैठा ने मृतक के घर पहुंच कर परिवार को ढांढस बंधाया।

# विसर्जन जूलूसः असलहा दिखाया, जेल भेजा गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र के मझिगांवा गांव के केरवा नदी टोले पर गुरुवार की देर शाम एक लड़का को ग्रामीणों द्वारा असलहा के साथ पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने हरिहरपुर पुलिस को तुरंत ही सूचना दी। सूचना मिलते ही हरिहरपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर युवक को अपने कब्जे में लेकर हरिहरपुर ओपी में लाया। ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि युवक ग्राम सेमरसोत, थाना- हैदरनगर, जिला- पलामू का रहने वाला है। युवक आठ-दस दिनों से अपने से बड़े भाई मिथिलेश रजवार के ससुराल केरवा टोला ग्राम मझिगावां, ओपी हरिहरपुर के चंद्रिका रजवार के यहां रह रहा था। असलहा के संबंध में युवक से पूछे जाने पर जानकारी मिली कि असलहा उसके रिस्तेदार सुरेंद्र रजवार के पास से आरोपी युवक को मिली थी। पुलिस ने सुरेंद्र रजवार (उम्र 24 वर्ष) को भी हिरासत में लेकर शुक्रवार को आरोपी युवक व सुरेंद्र रजवार को जेल भेज दिया गया। प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया की गुरुवार को मूर्ति विसर्जन में जूलूस के दौरान शराब के नशे में धुत नबालिक आरोपी ने आपस में किसी बात पर उलझा और अपने कमर से असलहा को निकाल कर लोगों को दिखाने लगा। ग्रामीणों ने उसको पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** एक छह वषीर्या बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना गुरुवार शाम की है। पीड़िता के पिता की ओर से शुक्रवार को थाना में शिकायत दर्ज कराया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक 25 वर्षीय पारस सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी युवक बरडीहा थाना के आदर गांव का रहनेवाला है। वह दो दिन पहले ही अपने बहन के घर आया था। गुरुवार शाम वह गांव से सटे दूसरा गांव पहुंचा। वहां वह अपने घर के बाहर खेल रही बच्ची को मिठाई देने के नाम पर बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। बच्ची के घर से 300 मीटर दूर ले जाकर आरोपी पारस उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। उसके बाद बेहोशी की हालत में उसे उठा कर घर लाकर छोड़ दिया। घर आने के बाद होश आने पर वह रोने चिल्लाने लगी। पूछने पर घटना के बारे में जानकारी दी। उसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लाकर भर्ती कराया। उसकी स्थिति नाजुक है। शुक्रवार को पीड़िता के पिता ने शिकायत दर्ज करायी। उसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जंगली भालू ने किया हमला



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुरून गांव निवासी मोती लाल यादव को विती रात्रि जंगली भालू ने हमला कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में डालटनगंज इलाज किया गया। फिर बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार मोती लाल यादव अपने मक्का लगे खेत की पहरेदारी कर रहा था। आधी रात्रि में जंगली भालू पहुंच कर मक्का की फसल खाने लगा। तभी भालू को मक्का की फसल खाता देख मोती लाल यादव ने डंडा लेकर उसे भगाने गया। इस दौरान जंगली भालू ने इनके ऊपर हमला कर दिया। भालू के हमला मोतीलाल यह बुरी तरह से जख्मी हो गये। परिजनों ने इन्हीं घायल अवस्था में घर लाकर अस्पताल में भर्ती किया है। बताया जाता है कि भालू के दो बच्चे भी साथ में थे।

### कन्या पूजन कर प्रसाद ग्रहण कराया



**धुरकी (गढ़वा) ।** धुरकी प्रखंड क्षेत्र के धोबनी गांव में शिव मंदिर के दुर्गा पंडाल में 9 कन्याओं व एक भैरव बाबा को विधिवत कन्या पूजन कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर बलवंत यादव ने बताया कि 9 दिनों के नवरात्रि व्रत कर मंगलवार को महानवमी के विशेष पूजन हवन कर नौ कन्याओं को पाव पूज कर दक्षिणा देकर प्रसाद खिलाया गया और मनोवांछित फल प्राप्त के लिए आशीर्वाद मांगा उन्होंने बताया कि नवरात्र में कुंवारी कन्याओं की भोजन कराने से पूर्ण एवं कल्याण प्राप्ति होती है। इस मौके पर ललित यादव, बलवंत यादव, शैलेश यादव, दीपक यादव, लालचंद यादव आदि मौजूद थे।

### शिविर में 62 लोगों की डाइबिटीज जांच



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के द्वारा लायन सेवा सप्ताह के पांचवें दिन आरपी सेवा सदन साईं मुहल्ला में डाइबटीज जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे कुल 62 लोगों की जांच की गयी।प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन डॉ पतंजलि केशरी ने बताया की डायबटीज बहुत ही खतरनाक बीमारी है इसके बचाव के बारे बताया योग निरंतर करें समय समय से जांच भी कराते रहें और जरूरत अनुसार डॉक्टर्स की देखरेख में रहें। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन विजय सोनी, सचीव लायन हर्ष अग्रवाल, सेवा सप्ताह के चेयरमैन लायन आशुतोष अग्रवाल, लायन विनय कश्यप, लायन उमेश अग्रवाल, लायन नीरज कुमार, लायन चंदन मेहता उपस्थित थे।

### खडार टोला की सड़क कीचड़ में तब्दील



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** अरसली पंचायत के खडार टोला की ओर जाने वाली सड़क बुरी तरह से कीचड़ में हुई तब्दील।उक्त सड़क पर पैदल तो छोड़िये जेसीबी जैसी वाहन भी फिसलकर धान के खेत मे चली गयी। गनीमत थीकि कोई हताहत नहीं हुआ। ग्रामीणों ने सरकार से उक्त सड़क निर्माण की गुहार लगायी है। अरसली के केवरवा टोला की ओर से खडार टोला जाने के क्रम में सुदर्शन प्रजापति के घर के समीप 25 से 50 फिट तक सड़क हल्की बारिश में भी दलदली एवं कीचड़ युक्त हो जाती है जिस कारण लोग किसी तरह पैदल या गाड़ी पार करते है।इस दौरान कई दो पहिया वाहन गिरने की खबर आई है।गुरुवार की सुबह एक जेसीबी स्लिप कर बगल के धान के खेत मे गिर गयी हालांकि उक्त दुर्घटना में कोई हताहत नही हुई।खडार टोला के ग्रामीण राजनाथ बियार छोटन प्रजापति सहरूदीन अंसारी सिराज अंसारी शेखावत अंसारी सुदर्शन प्रजापति विमलेश प्रजापति झरी बियार नेमउन अंसारी मुतुर्जा अंसारी मंगल प्रजापति कलाम अंसारी महेंद्र प्रजापति दयानंद प्रजापति सहित काफी लोगों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि उक्त सड़क के निर्माण नही होने से हमेशा कोई न कोई दुर्घटना होते रहती है।बीते साल मरीज को लेने आए एम्बुलेंस भी 12 घंटे तक फंस खुद बीमार हो गयी थी।पदाधिकारीयों से कई बात गुहार लगाई गई किन्तु अभी तक इस ओर कोई पहल नही हुआ।ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों सहित पदाधिकारियों से अविलम्ब उक्त सड़क निर्माण की मांग की है।

## मेराल सीओ का पद 10 दिनों से खाली

# आय जाति निवास के 845 मामले हैं लंबित

आजाद सिपाही



**मेराल।** गढ़वा जिले का बड़ा अंचलों में एक मेराल अंचल पिछले 10 दिनों से सीओ विहीन हो गया है। तीन सप्ताह पूर्व मेराल से स्थानांतरित सीओ अंगार नाथ स्वर्णकार को सरकार के आदेश के 12 दिनों के बाद यहां से विरमित कर दिया गया। वहीं सरकार के द्वारा उनकी जगह किसी अन्य अधिकारी की नियुक्ति अब तक नहीं की गयी। न ही जिला स्तर से किसी पदाधिकारी को प्रभार दिया गया, जिससे पद रिक्त हो गया है। बताते चलें कि मेराल में हुई लाठीचार्ज की घटना को लेकर विगत 15 सितंबर को मेराल के सीओ अंगार नाथ स्वर्णकार का स्थानांतरण राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग रांची में कर दिया गया था। तत्कालीन सीओ के विरमित होने के बाद 10 दिनों से यहां सीओ का पद खाली है, जिससे अंचल क्षेत्र के लोगों को राजस्व से संबंधित कामकाज के साथ-साथ अति महत्वपूर्ण आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी परेशान हो रहे हैं।

# मां दुर्गा की भक्ति से आत्मबल में वृद्धि होती है: गिरिनाथ

**बाबा सोमनाथ मंदिर परिसर में भक्ति जागरण आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



फीता काट कर भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह।

**गढ़वा।** शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में शहर के सहिजना स्थित बाबा सोमनाथ मंदिर के प्रांगण में बीती रात्रि भक्ति जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। देर रात्रि तक चले भक्ति जागरण के इस कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गीतों से उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होते रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काट कर पूर्व विधायक सह मंत्री गिरिनाथ सिंह ने किया। बाबा सोमनाथ मंदिर युवा समिति द्वारा आयोजित भक्ति जागरण के कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने कहा कि मां दुर्गा की भक्ति से मन में श्रद्धा और आत्मबल में वृद्धि होती है। इस मुहल्ले में बाबा सोमनाथ की मंदिर स्थापित है और यह काफी पुराना मुहल्ला है जिसे हमलोगों ने काफी नजदीक से देखा है। उन्होने नवरात्र और विजयादशमी के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजकों को बधाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से गोपाल प्रसाद ने किया। तत्पश्चात बसंत कुमार ने ममतामयी मां दुर्गा की भक्ति से ओतप्रोत एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुती कर शमां बांध दिया। वहीं शालिनी कुमारी व विजय बवाल ने एक अलग अंदाज में भक्ति गीतों की प्रस्तुती कर माहौल को भक्तिमय कर दिया। कलाकारों ने मां दुर्गा समेंत प्रभु श्रीराम, वीर हनुमान, भोले शंकर के कई गीतों की प्रस्तुती दी। इस अवसर पर बाबा सोमनाथ मंदिर महिला समिति अध्यक्ष रंजु देवी ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह को मां की चुनरी भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं युवा समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया जबकि आगत अतिथियों का भी स्वागत किया गया। मौके पर रंजन चौबे, बाबा सोमनाथ मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष इंदु भूषण मिश्रा, युवा समिति के एसपी सिंह, विशाल सिंह, अजित सिंह, संजीव सिंह, उमेश सिंह आदि उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र का संचालन मिथिलेश सिन्हा ने किया।

## तमाड़ की खबरें

### मुंडारी प्रशिक्षित शिक्षक बहाल करने की मांग

बुंडू (आजाद सिपाही)। झारखंड मुंडा समाज की ओर से शुक्रवार को आदिवासी छात्रावास में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सोबरन सिंह मुंडा ने की। जिसमें उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय परासी तमाड़ एवं आदर्श उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय रुगड़ी तमाड़ में मुंडारी प्रशिक्षित शिक्षक बहाल करने की मांग की गई। साथ ही उक्त विद्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। सोबरन सिंह मुंडा ने कहा कि इन विद्यालयों में मुंडारी छात्र-छात्राओं की बहुलता के बावजूद शिक्षक पद नहीं होने से छात्र छात्राओं को खूंटी एवं बुंडू जाना पड़ता है। जिससे गरीब छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को आर्थिक और मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस मौके पर गिरीश सिंह मुंडा, दीनबंधु सिंह मुंडा, संदीप सिंह मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, देवनाथ मुंडा, बुद्धदेव मुंडा, दिनेश मुंडा और रवि देव आदि उपस्थित थे।

### वाहन के धक्के से अधेड़ महिला घायल

बुंडू (आजाद सिपाही)। कॉलेज रोड में वाहन के धक्के से 50 वर्षीय इतवारी देवी नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है।

### सोनाहातू में चोरी का कबाड़ खरीदने के आरोप में दो कबाड़ीवाले गिरफ्तार



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बारेडीह गांव से सोनाहातू पुलिस ने दो कबाड़ी वालों को टेंपो में तीन क्विंटल कबाड़ी के लोहा के साथ गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान विकास दास और सुनील दास के रूप में हुई है। दोनों चोरी के लोहा के पाइप खरीदते थे। इस संबंध में थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम ने बताया कि बारेंदा जलापूर्ति योजना में उपयोग होने वाले लोहा की पाइप की चोरी कर कबाड़ी में बेचने की सूचना थी। बारेडीह आसपास के तीन युवक चोरी करके कबाड़ी वालों को पाइप बेचे है। ग्रामीणों की निशानदेही पर दोनों कबाड़ी वालों को पकड़ा गया है। हालांकि पाइप चोरी का आरोपी युवक फरार हैं। धरपकड़ के लिए छापामारी जारी है।

### तमाड़ में 12 को आयोजित माकपा की सभा जुटेंगे झारखंड-ओड़िशा के दिग्गज नेता

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ के डोरेया मोड़ मैदान में 12 अक्टूबर को मार्क्सवादी कम्यूनिष्ट पार्टी (माकपा) की विशाल जन सभा का आयोजन किया गया है जिसमें पोलित ब्यूरो सदस्य एवं पूर्व सांसद कॉमरेड बृंदा कारात, लछमन मुंडा, ओडिशआ राज्य कमेटी के सदस्य एवं विधायक प्रकाश विपलव, राज्य सचिव व सुरेश मुंडा राज्य कमेटी सदस्य आदि भाग लेंगें। पार्टी सूत्रों ने बताया कि लगभग 10 हजार लोगों की आने की संभावना है। रैली अमलेशा मैदान से निकल कर तमाड़ होते हुए डोरेया पहुंचेगी जहां सभा होगी। इसके लिए तैयारी जोरशोर से की जा रही है। गांव-देहातो में हैंड विल व पोस्टर बांटे व लगाए जा रहे हैं। पुराने व नये कामरेड को बुलाया जा रहा है। बुंडू, तमाड़ और अड़की लोकल कमेटी को जिम्मेदारी दी गयी है। मुख्य मांगों में जमीन के आन लाइन रेकाड में हुई भारी गड़बड़ी में सुधार करने, वन अधिकार कानून के तहत जमीन का पट्टा दो बुंडू नगर पंचायत द्वारा खाली जमीन का होल्डिंग टेक्स लेना बंद करने, राशन से बंचित परिवारों को जल्द राशन काड बनाने आदि मांग मुख्य रूप से शामिल हैं।

### नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई



बुंडू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत में शुक्रवार को नम आंखों से मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी गई। लोगों ने धूमधाम से प्रतिमा का विसर्जन किया। बुंडू नगर पंचायत के बिहार क्लब, मिलन मंदिर सेवा संघ विशाल क्लब, श्रीश्री श्यामसुंदर भूदेव समिति श्री राम संघ बजरंग संघ, किसान क्लब, शिव शक्ति क्लब आदि पूजा समितियों ने विभिन्न जलाशयों में मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया। इससे पूर्व महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर पति के लंबी उम्र की कामना की। वहीं पुरुषों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी।

### कोयलांचल में नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल और आस पास के ग्रामीण इलाकों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया. इसके साथ ही 10 दिनों तक चलने वाले दशहरा मर्वोत्सव का समापन हो गया। शुक्रवार को विसर्जन के लिए पंडाल से मां दुर्गा को निकाल कर विसर्जन वाहन पर रखते ही श्रद्धालु महिलाओं की नम हो गई। इससे पूर्व मां दुर्गा को खोईंछा देते हुए सुहागिन महिलाओं ने सिंदुर खेल कर अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना की। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ गाजे बाजे से मां दुर्गा का विसर्जन जुलूस निकला जो बचरा काली मंदिर से होते हुए चार नंबर बसंत बिहार कालोनी तक पहुंचा। बसंत बिहार कालोनी से भ्रमण के बाद सपही नदी झुला पुल स्थित घाट पर विसर्जित कर दिया गया। वहीं, विसर्जन जुलूस में पिपरवार पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। दूसरी ओर, बेंती दुर्गा पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण के साथ विसर्जन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, बेंती मुखिया सरिता देवी, उप मुखिया किरण कुमारी, पंचायत समिति कुमारी अनुप्रिया, दुगार्पूजा के अध्यक्ष हरिनारायण गंझू, समाजसेवी रोहन गंझू, पुजारी ललित ठाकुर, राजेश प्रजापति, दुर्गा पासवान, प्रेम ठाकुर,गणेश भुईयां, बैजनाथ प्रजापति, लखन साव, संतोष केशरी, जयराम भुईयां, सिकेंदर प्रजापति, वासुदेव गंझू, सेवक गंझू, हेमराज प्रजापति, राहुल केशरी, रोहित केशरी, धनराज भोगता, आदित्य केसरी, सीताराम साव, अभय केशरी, अजय प्रजापति आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत 12 नवंबर को, बैठक में तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

# लोक अदालत में करायें लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन : प्रधान जिला जज

**सभी अधिकारियों को आधिक से अधिक वादों के निष्पादन में सहयोग करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक करते प्रधान जिला न्यायाधीश।

**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर में 12 नवंबर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर शुक्रवार को डालसा सभागार में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्यप्रकाश ने की। बैठक में न्यायिक व पदाधिकारियों के अलावा जिला प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। प्रधान जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों एवं न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन कराने में सहयोग करें और वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वे भी अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की कि वे मामलों के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचें और न्यायालय में लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन कराएं। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि 12 नवंबर को आयोजित होनेवाली लोक अदालत को लेकर तैयारियां जोरों पर है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में पांच हजार से अधिक मामलों के निष्पादन है की संभावना है। अभी से ही लोग व्यवहार न्यायालय में आकर अपने वादों का निष्पादन करा रहे हैं।

## वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी की टीम ने कर्रा में देखा गरूड़ों का बसेरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कर्रा।** गरूड़ की सबसे छोटी प्रजाति जिसे ओपन बिल स्ट्रोक कहते हैं की सबसे अधिक आबादी कर्रा थाना परिसर स्थित बगीचे में प्रवास करती है। इस प्रजाति के गरूड़ कर्रा के अलावा बोकारो और ओरमांझी में पाये जाते हैं, लेकिन इनकी सबसे अधिक आबादी कर्रा में ही है। वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी की टीम शुक्रवार को कर्रा थाना परिसर के बगीचों में पक्षियों का बसेरा देखने पहुंची। सोसायटी के सदस्यों ने पाया कि गरुड़ की छोटी प्रजातियों के पक्षीं प्रवास कर रहे हैं। जब थाना परिसर में इस सबंध में पुलिसकर्मियों से सोसायटी कें सदस्यों ने पूछा, तो पुलिस कर्मियों नें कहा कि उन्हें भी इस बात की जानकारी नहीं थी कि गरूड़ की छोटी प्रजाति के पक्षी यहां रोज आते हैं और रात गुजारते हैं। वाइल्डलाइफ के टीम मेंबर और बर्डमैन के नाम से प्रसिद्ध पन्ना लाल महतो ने बताया कि गरूड़ की इस छोटी प्रजाति को अंग्रेजी मे ओपन बिल स्ट्रोक के नाम से जाना जाता है। झारखंड मे गरूड़ की तीन प्रजातियां पायी जाती है। इनमें यह सबसे छोटी प्रजाति है। उन्होंने बताया कि कर्रा थाना परिसर स्थित बगीचे में ये काफी संख्या में मौजूद हैं, जो काफी अच्छी खबर है। वर्ल्ड टीम मेंबर फोटोग्राफर नीरज पाठक के साथ सर्प विशेषज्ञ रमेश कुमार महतो, जो संस्था के सचिव भी हैं ने पूरे इलाके का जायजा लिया। बर्डमैन पन्नालाल ने अपने बारे बताया कि वह 43 तरह की पक्षियों की आवाज निकालते हैं और पक्षियों से बात भी करते हैं।

### कांग्रेस की पदयात्रा 10 नवंबर को, किताहातू में की जायेगी जनसभा

खूंटी (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के भारत जोड़ो अभियान के तहत खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 10 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से किताहातू तक 12 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली जायेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा और कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खान ने बताया कि पदयात्रा 10 नवंबर की सुबह 9.30 बजे रिसा मुंडा की जन्मस्थली से शुरू होगी और किता हातू पहुंचकर सभा में तब्दील हो जाएगी। पदयात्रा में कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख और बन्ना गुप्ता के अलावा पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री सुबोधकांत सहाय, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर आदि नेता शामिल होंगे।

### बचरा रेलवे लाइन से बरामद शव की हुई पहचान, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा रेलवे वजन घर के समीप रेलवे लाईन के पास से विगत दिनों बरामद शव की पहचान कर ली गई है। उसका नाम मुकेश महतो उर्फ मुकेश यादव के रूप में हुई है। वह बुढ़मू थाना क्षेत्र के मक्का डिहु टोला का रहने वाला है। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि शव के पास से बरामद बिना सिम के मोबाइल के आइएमईआई नंबर के आधार पर मृतक की पहचान की गई। उन्होंने कहा कि परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## छोटी आदिवासी बच्चियों ने नृत्य-गीत से किया मंत्रमुग्ध



खूंटी (आजाद सिपाही)। वनवासी समिति राजा कुंजला के तत्वावधान में दशहरे के अंतिम दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गांव की छोटी-छोटी आदिवासी बच्चियों ने नृत्य और गीत का ऐसा शमां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध होकर देखते रहे। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिागियों को ग्रामसभा के अध्यक्ष और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशी नाथ महतो ने पुरस्कृत कर हौसला अफजाई की। 10 दिनों तक चलने वाले दुर्गोत्सव को सफल बनाने में काशी नाथ महतो के अलावा प्रेमचंद महतो, चमरू महतो, सुरजू महतो, नंद किशोर महतो, लोहर सिंह पाहन, किशुन तांती, शिवनारायण पाहन, भोला प्रधान, रावण महतो, कैलाश महतो, संतोष राम, चंदन महतो आदि ने योगदान दिया।

### पूर्व मंत्री बंधु तिर्की का बहेरा में स्वागत

पिपरवार (आजाद सिपाही)। झारखंड के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की का पिपरवार के बहेरा चौक में जोरदार स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार बंधु तिर्की रांची से टंडवा एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में पिपरवार के बहेरा चौक में रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान विस्थापित रैयतो की समस्याओं से अवगत हुए और समाधान का आश्वासन दिया।

करकट्टा के ग्रामीणों ने की ग्रामसभा, विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

# खदानों में लगी आग ले रही विकराल रूप, प्रबंधन जल्द बुझाने का करे उपाय

आजाद सिपाही संवाददाता



खिलानधौड़ा में आयोजित ग्रामसभा में उपस्थित लोग।

**खलारी।** करकट्टा स्थित खिलान धौड़ा में शुक्रवार को तुमांग पंचायत मुखिया संतोश कुमार महली की अध्यक्षता में ग्रामसभा की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम करकट्टा खाता संख्या 28 प्लॉट नंबर 158, 161 और 160 के अंतर्गत बड़े पैमाने पर खदान में लगी आग पर चिंता जाहीर की। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में केडीएच परियोजना के तहत खनन कर के खदान को खुला छोड़ दिया गया है। जिस कारण कोयले में लगी आग भयानक रूप से फैलते जा रही है। हरे भरे पेड़ जल रहे हैं। वहीं इसी भूमि पर करकट्टा व खिलान धौड़ा में हम लोग रह रहे है। इस जगह पर करीब 150 परिवार के लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। आग लगी खदान से लगातार जहरीली गैस का रिसाव होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वातावरण गंभीर रूप से आग, गैस और धुआं से प्रभावित हो रहा है। आग के कारण बड़ी-बड़ी दरारें फैलकर लोगों के घरों तक पहुंच गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में सीसीएल प्रबंधन एवं राज्य सरकार के उच्च्य अधिकारियों द्वारा आग लगी खदान का निरीक्षण भी किय गया था। जिस पर अधिकारियों ने हम लोगों की सभी समस्याओं के जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक समस्या का निवारण नहीं हुआ। वहीं सीसीएल प्रबंधन की ओर से खदान विस्तारीकरण के नाम पर सिर्फ कोयला उत्पादन किया गया है और उसके बाद हम लोगों को खराब वातावरण में रहने को छोड़ दिया गया है। प्रबंधन की ओर से कोई भी सार्थक पहल नहीं की जा रही है। कहा गया कि हम ग्रामीणों ने खदान चलाने एवं विस्तारीकरण के लिए कभी भी अनापत्ति पत्र किसी भी ग्राम सभा में नहीं दिया है। वहीं ग्रामीणों ने प्रबंधन से आग्रह करते हुए कहा कि यथाशीघ्र करकट्टा बंद पड़ी खदान में आग लगी फेस पर मिट्टी डालकर अच्छी तरफ से आग को बुझा दिया जाए। साथ ही ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि खलारी अंचल अधिकारी, डीपीओ अधिकारी राँची, थाना प्रभारी, डीसी, केंद्रीय वन मंत्रालय, झारखंड के मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराने संबधित पत्र भी प्रेशित करेंगे। इस मौके पर उप मुखिया कौलेशर मुंडा, राजीव सिन्हा, उपेन्द्र राम, अमर साव, राजेश गंझू, अनिल कुमार भुइयां, छोटू राम, मुन्नी देवी, मुनवा देवी, गीता देवी, सहोदरी देवी, कांती देवी आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मैकलुस्कीगंज में कुएं में डूबने से किसान की मौत

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के लपरा निवासी रघुनाथ महतो (55) की शुक्रवार को कुएं में डूबने से मौत हो गई। रघुनाथ महतो लपरा आंगन बड़ी सेविका यशोदा नाग के पति थे। जानकारी के अनुसार वे अपने घर के पास ही बैल से खेत जोत रहे थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि बैल को पानी पिलाने के लिए कुएं से पानी भरने गए होंगें। तभी पैर फिसल गया होता, जिससे कुएं में गिरने से पानी में डूब कर मौत हो गई होगी। लोगों की मानें तो वे क्षेत्र के प्रसिद्ध किसान थे। वे खेती के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर मैकलुस्कीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुंए से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मृतक की पत्नी और बच्चे का रो-रो कर बुरा हाल है।

### मैकलुस्कीगंज में दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक अन्य गंभीर रूप से घायल

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज चामा मुख्य मार्ग में कोनका घाटी के समीप दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उठाकर मांडर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को देख रांची के रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक सवार अपने रिश्तेदार के घर से अपने घर जा रहे थे। चंदवा लोहरसी निवासी धनेश्वर गंझू अपने बाइक से चामा से मैक्लुस्कीगंज की ओर आ रहा था। वहीं दूसरा बाइक सवार सुनील गंझू कोनका गांव से चामा की तरफ जा रहा था। तभी कोनका घाटी के समीप तीखे मोड़ के पास दोनों बाइक की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें गंभीर रूप से घायल धनेश्वर गंझू की अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। उधर, मैक्लुस्कीगंज पुलिस को घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। साथ ही दुर्घटना ग्रस्त दोनों बाइक को जब्त कर थाने ले गई।

### महिला सीसीएलकर्मी के क्वार्टर की गिरी दीवार

खलारी (आजाद सिपाही)। रोहिणी परियोजना में कार्यरत महिला क्लर्क प्रमिला कुमारी के क्वार्टर के आंगन की दीवार गिर गयी। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। शाम को जोरदार बारिश हो रही थी, तभी दीवार गिर गयी। पता चला है की दीमार में लंबे समय से दरार थी। मरम्मती करने के लिए रोहिणी प्रबंधन को कई बार आवेदन भी दिया गया, लेकिन आज तक मरम्मत नहीं किया गया। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### पांच पंचायतों की बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना संचालन समिति को हस्तांतरित



खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पांच पंचायतों का बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना को चलाने वाली एजेंसी से शुक्रवार को नवगठित संचालन समिति को हस्तांतरित कर दिया गया। इस मौके पर संचालन समिति के अध्यक्ष बुकबुका पंचायत मुखिया पारसनाथ उरांव को अन्य सदस्यों की उपस्थिति में जेई दीपांकर कुमार ने एजेंसी के मो खलील हाफीज एवं अजीत वर्मा के साथ हस्तांतरण पत्र सौंपा। समिति के अध्यक्ष पारसनाथ उरांव ने कहा कि समिति का पूरा प्रयास होगा कि पांचों पंचायत में बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के माध्यम से लोगों को निर्बाध पानी मिल सके। उन्होंने बताया कि संचालन समिति को हस्तांतरित होने के बाद अब हर कनेक्षनधारी को प्रत्येक माह 100 रुपए का भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर लगातार दो महीने तक कनेक्षनधारी मासिक शुल्क का भुगतान नहीं करता है तो उसका कनेक्शन काट दिया जाएगा। जिसके बाद उसे पुनः नया कनेक्षन लेने की प्रक्रिया को पूरा करना होगा। वहीं उन्होने लोगों से कहा कि समिति की खास तौर पर पानी कनेक्षन में मोटर लगाने वालों पर नजर होगी। कोई भी कनेक्षनधारी मोटर का प्रयोग नहीं करे। पकड़े जाने पर उन पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। पांचो पंचायतों में लोगों को सही तरिके से पानी सप्लाई मिले इसके लिए आम लोगों का सहयोग भी अतिआवश्यक है। मालूम हो कि 5.15 एमएलडी क्षमता वाले इस फिल्टर प्लांट सह जलापूर्ति सिस्टम को अब संचालन समिति के देखरेख में जलसहिया चलाएगी। इस अवसर समिति सचिव खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा, कोषाध्यक्ष मंजू उरांव, चूरी दक्षिणी पंचायत मुखिया मलका मुंडा, ग्राम प्रधान बिनोद मुंडा, जलसहिया सीता देवी, गीता देवी, अनिता लकड़ा, सबिता देवी, विजय गोप, प्रकाश कुजूर, महावीर चौहान आदि थे।

### मांगों को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा 17 अक्टूबर को एनके एरिया बंद करायेगा



डकरा (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया की शुक्रवार को समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता और संचालन रामलखन गंझू ने किया। बैठक में पूर्व में प्रबंधन को दिए गए 31 सूत्री मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बिगन सिंह भोगता ने कहा कि प्रबंधन को 14 सितंबर को धरना के माध्यम से रैयत विस्थापितों की नौकरी, मुआवजा, विस्थापन, पुनर्वास, गांवों में बुनियादी सुविधाएं सहित कई समस्याओं को लेकर 31 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी प्रबंधन द्वारा अभी तक उन मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है जिससे रैयत विस्थापितों में काफी आक्रोश है। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रबंधन पूर्व में दिये गए 31 सूत्री मांग पत्र अगर एक सप्ताह के अंदर कोई कार्रवाई नहीं करता है तो 17 अक्टूबर को एनके एरिया बंद करा दिया जाएगा। इसके लिए सभी परियोजना के विस्थापित गांवों में बैठक कर बंदी को सफल बनाने में सहयोग की अपील की जाएगी। वहीं पुरनाडीह शाखा में 10 अक्टूबर, केडीएच 11 अक्टूबर, डकरा में 12 अक्टूबर, नवाडीह में 13 अक्टूबर और रोहिणी शाखा में 14 अक्टूबर को बैठक किया जायेगा। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से जालिम सिंह, नरेश गंझू, देवपाल मुंडा, अमृत भोगता, जगरनाथ महतो, प्रभाकर गंझू, शिवनारायण लोहरा, राजेंद्र उरांव, रवि उरांव, प्रह्मु गंझू, प्रेम गुप्ता, राधेश्याम प्रसाद, रोशन गुप्ता, बिरेन्द्र यादव, सुनील यादव, रामधारी गंझू, विनोद मुंडा, भोला यादव, रमेश गंझू, बासदेव ठाकुर, सन्नी यादव, नरेश यादव, हेमलाल गंझू, आनंद तुरी, संतोष गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र में चलाया राहत और जन जागरूकता अभियान

# बेड़ो में जानलेवा डेंगू ने दी दस्तक, सात संक्रमित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** जानलेवा डेंगू ने दस्तक दे दी है। बाजार टांड़ के समीप खून जांच के बाद सात ग्रामीण डेंगू संक्रमित पाए गया हैं। जिससे ग्रामीणों में भय पैदा हो गया है। इसकी सूचना राज्य स्वास्थ्य विभाग के पूर्व सह सेवानिवृत निदेशक प्रमुख डॉ प्रवीण चंद्रा ने बेड़ो के बीडीओ, सीओ व चिकित्सा प्रभारी को दी है। इधर, जिला से बेड़ो पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र में राहत व जन जागरूकता अभियान चलाया। वहीं बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार व सीओ सुमंत तिर्की ने संयुक्त हस्ताक्षर से बेड़ो शहरी क्षेत्र में तेजी से फैल रहे डेंगू संक्रमण के रोकथाम की समुचित व्यवस्था के लिए रांची के सिविल सर्जन को एक पत्र भेजा है। वहीं पूर्व निदेशक प्रमुख डॉ प्रवीण चंद्रा ने बताया कि बेड़ो क्षेत्र में खून की जांच के बाद सात लोग डेंगू से पीड़ित पाए गए हैं। कहा कि यह बीमारी एडिस नामक मच्छर के काटने से होता है, जो दिन में काटता है और साफ पानी में पनपता है।


रिटायर निदेशक डॉ प्रवीण चंद्र।


दवा का छिड़काव करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

### खून के नमूनों की आज होगी जांच : बीडीओ

बेड़ो के बीडीओ ने बताया कि क्षेत्र में फैल रहे डेंगू के संक्रमण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच टीम को भेजा है। इस संदर्भ में रांची के डीसी व सीएस को एक पत्र भेजा गया है। जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच टीम अधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार की दोपहर बेड़ो पहुंची। जांच टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए डीडीटी व अन्य रासायनिक दवाओं का छिड़काव किया। जांच टीम ने लोगों का सैंपल लिया। जिनका शनिवार को जांच जिला टीम की ओर से किया जाएगा।

### बेड़ो सीएचसी में डेंगू जांच की व्यवस्था नहीं

सीएचसी के चिकित्सक डॉ सुमन एक्का ने कि यहां डेंगू की जांच की व्यवस्था नहीं है। उपचार के लिए एंटीबायोटिक व पारासिटा मोल जैसी दवाएं उपलब्ध हैं

### रांची डीसी और सीएस को लिखा गया है पत्र : सीओ

बेड़ो के सीओ सुमंत तिर्की ने कहा कि बेड़ो में डेंगू के रोकथाम को लेकर रांची डीसी व सीएस को पत्र भेजा गया है। प्रभावित क्षेत्रों में बीमारी की रोकथाम को लेकर डीडीटी छिड़काव व दवाओं का फॉगिंग किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

### डेंगू बीमारी के लक्षण

डॉ प्रवीण चंद्रा ने बताया कि इस बीमारी में मरीज को बुखार, बदन हाथ व सिर पर दर्द, उल्टी, मसूढ़ा व शरीर लाल चकत्ते के साथ ही खून भी निकलने के लक्षण दिखाई देता है। साथ ही काला दस्त भी होता है।

### बचाव के तरीके

स्वास्थ्य विभाग के पूर्व निदेशक प्रमुख डॉ प्रवीण चंद्रा ने डेंगू के बचाव के को लेकर बताया कि घरों के आसपास बर्तनों व टायरों आदि में पानी जमा नहीं होने दें। कहा कि एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। इसीलिए साफ पानी को अनावश्यक रूप से बर्तनों में नहीं रखें। नाली व जलजमाव वाले जगहों पर मिट्टी, तेल व अन्य चीजों का छिड़काव करें। बीमारी के लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जायें और खून की जांच कराएं। जिससे डेंगू के फैलाव पर नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने बताया कि डेंगू की शुरूआत दिल्ली से हुई थी। जो प्रदेश के जमशेदपुर पहुंचा और अब यह बेड़ो प्रखंड भी आ गया है।


लोगों के बीच जागरूकता फैलाते स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## बारिश में लगातार गिर रहे घर



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के जहानाबाज बांध टोली में बुधवार की रात सीता देवी व भसनंदा गांव में मंगरा गोप का कच्चा मकान बारिश के कारण गिर गया। जिससे घर में रखे घरेलू सामान, धान और चावल बर्बाद हो गये। इसकी सूचना पाकर मुखिया लक्ष्मी कोया और पूर्व मुखिया सुनील कच्छप व भाजपा नेता जगरनाथ भगत आदि पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे और मुआयना किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समाजसेवी महाकाल लोहरा व दशरथ लोहरा आदि मौजूद थे।

## जंगली हाथी ने वृद्ध महिला को कुचला, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** थाना क्षेत्र के कुल्ली पनफड्डा अंतर्गत छेछनदाहा जंगल में शुक्रवार को हाथी ने 60 वर्षीय वृद्ध कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान मानो उरांव के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस भी हाथियों की चिंघाड़ की आवाज सुनकर भाग खड़े हुए। भागने के क्रम में एएसआई बीके हेंब्रम सहित दो पुलिसकर्मी भी मामूली रूप से घायल हो गये। वहीं, खबर पाकर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों द्वारा मृतका के पति रघु उरांव को मुआवजा के रूप में तत्काल 25 हजार रुपये की रहायता राशि दी गयी। साथ ही कागजी कार्रवाई पूरी होने पर 3.75 लाख रुपये देने का आश्वासन दिया गया।


परिजनों को मुआवजा देते वन विभाग के अधिकारी।

जानकारी के अनुसार मृतका अपने पति रघु उरांव के साथ शुक्रवार की सुबह छह बजे खेत की ओर गयी थी। जंगल पार करने के क्रम में सामने से हाथी आ गया। मृतका के पति रघु ने बताया कि हाथी काफी गुस्से में था। उसने अपनी सुंढ में मानो को पकड़ लिया और पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। हाथी ने मृतका के पति को भी पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वो भागने में सफल रहा। वहीं, पुलिस ने महिला के क्षत-विक्षत शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि की समाप्ति के बाद शुक्रवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। नामकुम नवयुवक संघ दुगार्पूजा समिति रेलवे स्टेशन की ओर से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन करने से पूर्व शोभायात्रा निकाली गयी। इस दौरान संबंधित समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी। इधर, प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद थी। इस दौरान रांची-पुरुलिया रोड से माता की प्रतिमा गुजर रही थी। माता को अंतिम विदाई देने के लिये सड़क के किनारे हाथ जोड़े लोग खड़े नजर आए।

### जय श्रीराम के नारों के बीच रावण, कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन, हजारों लोग पहुंचे



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विजयदशमी पर श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति सिदरौल जोड़ा मंदिर एवं रावण दहन समिति की ओर से रावण दहन किया गया। दो घंटे आकर्षक आतिशबाजी के बाद मुख्य अतिथि डीएसपी मुख्यालय प्रथम नीरज कुमार ने रावण, विशिष्ट अतिथि नामकुम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी, सिदरौल मुखिया लक्ष्मी कुमारी, जिप सदस्य बिपिन टोप्पो ने कुंभकर्ण एवं कांग्रेस नेता सतीश पॉल मुंजनी, बरगावां पंचायत समिति सदस्य पीयूष सिंह कंचन, भाजपा नेत्री आरती कुजूर, आरती सिंह, पूर्व मुखिया सिदरौल सह समिति के उपाध्यक्ष दिलीप मुंडा, प्रभु दयाल बड़ाइक, समाजसेवी प्रदीप लकड़ा, खरसीदाग ओपी प्रभारी सुखदेव कुमार साहा ने मेघनाथ का पुतला दहन किया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बालेश्वर सिंह एवं रावण दहन समिति के अध्यक्ष अशोक नायक ने अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया। मौके पर माता सीता लकड़ा, अनिल वेद्य, हेमंत लोहार, सुनील साहू, मोगो भगत, दिनेश कुमार सिंह, दिनेश साहू, मनोज कुमार सिंह, शत्रुघ्न बड़ाइक, बिरसा पाहन आदि थे।

### कलश, नवपत्रिका व प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा संपन्न



**कांके (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में कलश, नवपत्रिका व माता रानी के प्रतिमाओं का नदियों, तालाबों में विसर्जन के साथ ही दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति कांके चौक के पूजा पंडाल में नवमी को भक्तों ने हवन और कन्या पूजन कर छोटे-छोटे कन्याओं को भोजन कराया। बुधवार को पुरोहित द्वारा पूजा पंडाल में अपराजिता पूजा संपन्न की गई। इसके बाद चूड़ा और गुड़ का प्रसाद भक्तों के बीच वितरण किया गया। इसी दिन माता रानी के कलश और नवपत्रिका का विसर्जन रिनपास कदमा तालाब में किया गया। गुरुवार को भक्तों ने मां दुर्गा, गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती और कार्तिक भगवान की प्रतिमा को वाहनों में रखकर पूजा अर्चना के बाद रिनपास कदमा तालाब में विसर्जन किया। विसर्जन यात्रा में संस्थापक मदन कुमार महतो, अध्यक्ष अशोक गोप, महेश कुमार मनीष, पंकज वर्मा, संतोष तिवारी, शालिग्राम महतो, आलोक बैठा, अजय महतो, गौरी शंकर, अशोक महतो, सीताराम मुंडा, राजकुमार महतो, संजय महतो आदि शामिल हुए। वहीं, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति कांके द्वारा विसर्जन शोभायात्रा अच्छे ढंग से संपन्न कराने के लिए कांके के पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को बधाई दी। इसके अलावा क्षेत्र के रिनपास, सीआईपी, बोड़या, अरसंडे, पतराटोली, बीएयू केंपस, सुकुरहुटू के पूजा पंडालों में भी सादगी पूर्वक प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार व शुक्रवार को किया गया।

## नगड़ी का नाम रोशन करने वाले आठ लोगों को किया गया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** श्रीरामचरितमानस नवाह परायण महायज्ञ दुर्गा पूजा समिति के तत्ववाधान में नगड़ी का नाम रोशन करने वाले आठ लोगों का चयन कर उन्हें स्वर्गीय गणेश राम चौधरी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व संयोजक हेमंत केसरी की अगुवाई में चयन प्रक्रिया के माध्यम से आठ लोगों का चयन किया गया। इसमें सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए तपेश्वर केसरी व केशव कुमार भगत, नगड़ी प्रखंड क्षेत्र का नाम राज्य स्तर पर बढ़ाने के लिए डॉक्टर त्रिवेणी नाथ साहू, राजनीति में शशि भूषण भगत, सामाजिक क्षेत्र में चूड़ामणि महतो, आनंद महतो, शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मेडिकल परीक्षा में 1874 वां रैंक लाकर एवं 91 फीदी मार्क्स पाकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली राजेश पाहन की बेटी श्वेता कुमारी एवं नगड़ी प्रखंड में सीबीएसई के बोर्ड में 96 प्रतिशत अंक लाने वाली कात्यायनी केसरी को स्वर्गीय गणेश राम चौधरी स्मृति पुरस्कार के रूप में शिल्ड देकर सम्मानित गया है। गौरतलब हो कि स्वर्गीय गणेश राम चौधरी नगड़ी के पहले मुखिया थे, जिन्होंने नगड़ी के विकास के हर क्षेत्र में कार्य किये। उन्होंने शिक्षा, स्वस्थ्य, समाजिक और धार्मिक क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए है जिनमें नगड़ी का हाई स्कूल, नगड़ी मेला, स्वस्थ्य केंद्र के अलावा नगड़ी दुर्गा मंदिर का निर्माण आदि शामिल है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राम चरित मानस नवाह परायण महायज्ञ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष आदित्य केशरी, महामंत्री राहुल चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात महतो, दीपक केसरी, धीरज चौधरी, आशीष चौधरी, दीपक केसरी पसस, राजेश महतो, मनीष केसरी, मनोज महतो, नवनीत केसरी, देवानंद केसरी, दिवाकर चौधरी आदि उपस्थित थे।


समाजसेवी आंनद महतो को स्वर्गीय गणेश राम चौधरी स्मृति देकर सम्मानित संयोजक हेमंत केसरी।

### 12 अक्टूबर से फिर शुरू होगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 14 नवंबर को होगा समापन

**खूंटी।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम एक बार फिर शुरू होने जा रहा है। जिला प्रशासन ने बताया कि 12 अक्टूबर से 14 नवंबर तक दो चरणों में कार्यक्रम आयोजित होगा। पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर और दूसरे चरण के तहत एक से 14 नवंबर तक आयोजित होगा। दोनों चरणों के कार्यक्रम के तहत जिले की सभी पंचायतों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। शिविरों में सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने की विशेष व्यवस्था की जाएगी। सभी लोक कल्याणकारी योजनाओ के लिए आवेदन प्राप्त करने एवं स्वीकृति के लिए शिविर में अलग-अलग स्टॉल लगाये जाएंगे। आयोजित होनेवाले शिविरों के माध्यम से झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अंतर्गत नये ग्रीन कार्ड स्वीकृत करने के आवेदन पत्र लिये जाएंगे। साथ ही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सुयोग्य लाभुकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर लाभाविंत किया जायेगा।

### नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गुलजारबाग में हुई चोरी

**खलारी।** क्षेत्र के सरकारी स्कूल चोरों के निशाने पर हैं। दुर्गा पूजा के अवकाश में बंद हुए खलारी थाना क्षेत्र के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गुलजारबाग में चोरी हो गई। शुक्रवार को स्कूल खुलने पर सबसे पहले विद्यालय प्रबंधन समिति (विप्रस) के अध्यक्ष करण नायक की नजर स्कूल कार्यालय के टूटे ताले पर पड़ी। उन्होंने प्रड्डारी प्रधानाध्यापक सह विप्रस की सचिव सरोज कुमारी को सूचना दी। चोर कार्यालय के छिटकनी को तोड़ अंदर घुसे थे। कार्यालय के अंदर रखे लोहे के आलमीरा का ताला तोड़ लॉकर में रखा एचपी कंपनी का टैब, मंत्रा का स्कैनर के अलावा विप्रस और एमडीएम का रोकड़ पंजी, चावल वितरण पंजी, करीब दस किलो दाल, बिजली वायरिंग का सामान, विद्यालय के योजनाओं से संबंधित बैंक खाता पासबुक, चेकबुक, गैस चूल्हा ले गए। चोरों ने विद्यालय परिसर स्थित चापाकल को ड्डी क्षतिग्रस्त कर दिया है। सचिव ने बताया कि 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक विद्यालय में अवकाश था। इसलिए घटना किसी दिन हुई यह नहीं कहा जा सकता। इससे पूर्व ड्डी इस विद्यालय में चोरों ने चोरी के साथ साथ आग लगाकर कई आवश्यक सामान नष्ट कर दिया था।

## नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी का हुआ विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड कॉग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष शाहबीर लोहरा की अध्यक्षता शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें नगड़ी प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। इस मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में प्रभारी दिलीप सिंह और जियाउर्रहमान उपस्थित थे। इसमें सर्वसम्मति से मनोज तिर्की शक्ति महतो, मुन्तजिर आलम, मरियम लकड़ा एवं माहिर अंसारी को उपाध्यक्ष, शाहिद अहमद, महादेव टोप्पो, दीपक उरांव, मुकुल केरकेट्टा, मकसूद अंसारी, शेख आलम, महेश तिर्की मो सनाउल्लाह और सहनवज अंसारी को महासचिव व उषा देवी, बिनीता तिर्की, नौशाद आलम, परवेज अंसारी, राहुल सिंह, पीटर होरो, संतोष महली, पवन केशरी, शानिचारवा उरांव को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावे मंडल के अध्यक्ष अख्तर अंसारी और अनुसूचित जाति कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विश्वा तिर्की को मनोनीत किया गया।

### बड़कीटांड़ में बूढ़ी पूर्णिमा का जतरा मेला कल

**खलारी।** बुढ़ी पूर्णिमा के अवसर पर बड़कीटांड़ में 9 अक्टूबर को लगने वाले जतरा मेला लेकर मेला कमिटी द्वारा तैयारी लगड्डाग पुरा कर लिया गया है। उक्त जानकारी मेला कमिटी अध्यक्ष गणेश पाहन ने देते हुए बताया कि जतरा में प्रत्येक वर्ष की ड्डांति इस वर्ष ड्डी नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जाएगा। कहा कि मेला कमिटी द्वारा मेला को लेकर अंतिम चरणों में तैयारी की जा रही है। विश्वनाथ गंझु ने बताया कि मेला में ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे बच्चे-बच्चियों को नाक-कान छेदन का पारंपरिक रिवाज है।

## रूदिया देवी मेमोरियल महिला-पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा की कमी नहीं : राम कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** साल्हन गांव में शुक्रवार को रूदिया देवी तीन दिवसीय महिला/पुरूष फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप सदस्य रंथा महली एवं शिक्षाविद्ध डॉ रिझू नायक ने किया। उद्घाटन मैच एफसी मासु एवं टीएस स्पोंटिंग केदल के बीच खेला गया जिसमें एफसी मासु 1-0 से विजयी रहा। इससे रामकुमार पाहन, रंथा महली एवं डॉ रिझू नायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उद्घाटन मैच को शुरू कराया। मौके पर रामकुमार पाहन ने कहा कि ग्रामीण इलाकों मे प्रतिभा की कोई कमी नहीं है जरूरत है उसे आगे लाने की। इस टूनामेंट के मुख्य आयोजनकर्ता एतवा भगत की सराहना करते हुए कहा कि वे क्षेत्र में हमेसा खेल को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत तौर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में हेसल मुखिया कविता देवी, विक्रांत तिवारी, हरिनंदन करमाली, कृष्णा भगत, बिरसा मुण्डा, सिकंदर अंसारी, परमानंद साहू आदि मौजूद थे। वहीं टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू नायक, खेल प्रभारी सूरज करमाली, सूरज नायक, अमित नायक, दुर्योधन, दीपक मुण्डा, मनक करमाली, अर्जुन मुण्डा, निकु, अविनाश, सुरेश, अमित, भूषण, ज्योतिष, नीरज, दीपू, रिंकू, मेसी, प्रवीण, सूरज, बोंगों, संजय, इंद्र, अनिल, आशिष, अरविंद अभिजीत, रोहन, विजय आदि का योगदान है।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते राम कुमार पाहन, रंथी महली और डॉ रिझू नायक।

### ऑटो से गिर कर महिला हुई घायल रिम्स रेफर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी थाना क्षेत्र के मुड़कट्टी गांव के कमल टोली मोड़ के समीप ऑटो से गिरकर महादेई देवी नामक 50 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वह तुतलो के मसियातु नवाटोली की रहने वाली है। वहीं, घटना के बाद ऑटो चालक ने ही घायल महिला को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ प्रियंका ने महिला का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर सीएचसी बेड़ो में घटना के संदर्भ में घायल महिला की बेटी पुष्पा कुमारी ने बताया कि वे अपनी मां भाई और एक अन्य बहन के साथ चट्टी जतरा गए थे। वहीं से वापस घर लौटने के दौरान अचानक उसकी मां चलती गाड़ी से गिर गई।

# डीसी ने अपने कार्यालय में लगाया जनता दरबार

- राशन तथा पेंशन संबंधित आवेदनों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन
- 12 से 22 अक्टूबर एवं 1 से 14 नवंबर तक दो चरणों में आयोजित होगा आप की योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी अंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में जनता दरबार लगाया। मौके पर प्रशिक्षु पदाधिकारी सह सहायक दंडाधिकारी एवं सहायक समाहर्ता विस्पुते श्रीकांत यशवंत भी मौजूद थे। आज के जनता दरबार में उपायुक्त ने लोगों से कहा कि राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दो चरणों में ₹आप की योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार₹ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसका पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर 2022 तक एवं दूसरा चरण 1 से 14 नवंबर 2022 तक आयोजित किया जाना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराया जाना है। उन्होंने तमाम लोगों से अपील की कि अपने पंचायत के निकटतम शिविर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ लें एवं इस संबंध में अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी जानकारी दें। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट निस्तारण किया जाएगा। वही आज के जनता दरबार मे 30 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के अंदर समस्याओं का समाधान करने व उनकी पालन रिपोर्ट सूचना भवन में भेजने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कार्य में कोताही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता दरबार में ब्लॉक पाटन के ग्राम उताकी से आये ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि उनके गांव में गलत तरीके से खनन पट्टा लेकर वहां खनन कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते आए दिन वहां पर ग्रामीणों को बहुत सारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि खनन कार्य होने की वजह से ग्रामीणों के रहन-सहन पर भी काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः उन्होंने उपायुक्त से उस खनन कार्य को रोकने हेतु अनुरोध किया जिसे उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को उनका आवेदन अग्रसारित करते हुए त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। वही विश्रामपुर के घासीदाग से आए जवाहिर राम ने बताया कि उन्हें पूर्व में वृद्धा पेंशन का लाभ दिया जा रहा था किंतु विगत कुछ महीनों से पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अतः उनको फिर से पेंशन का लाभ मिल सके इसके लिए उन्होंने अपना आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया जिसे उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए उनकी यह समस्या समाधान करने हेतु निर्देशित किया। पांडू के खुरा से आए महावीर राम ने अपना आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि उनके ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना में सरकारी नियमों को दरकिनार करते हुए बहुत सारी गड़बड़ियां की जा रही है जिसकी जांच की जानी चाहिए। उनके इस आवेदन को उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। जनता दरबार में मनातू से आये शिव लाल राम ने उपायुक्त को बताया कि उनका राशन कार्ड पांकी में है जबकि वो मनातू में रहते हैं। पांकी की दूरी मनातू से अधिक रहने के कारण राशन का उठाव नहीं कर पा रहें अतः उन्होंने उपायुक्त से अपने राशन कार्ड का स्थानांतरण पांकी से मनातू करने हेतु अनुरोध किया जिसके पश्चात उपायुक्त के निर्देश पर ऑन स्पॉट राशन कार्ड का स्थानांतरण कर दिया गया। जनता दरबार के दौरान आज मुख्य रूप से लोगों ने बिजली, पेयजल, पेंशन, मकान निर्माण, जमीन, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन और गली निर्माण से संबंधित समस्याएं रखी। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान तत्परता से करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कोई पात्र व्यक्ति वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए।

## पूर्व विधायक स्व. हरिहर सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद सद्भावना चौकड़ी के सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद को एक पत्र देकर पूर्व विधायक स्व0 हरिहर सिंह की प्रतिमा हरिहर चौक से हटाकर देवरी रोड स्तिथ उनके आवास परिसर में स्थापित करने की मांग किया है। दिए गए आवेदन में लिखा है कि पूर्व विधायक स्व. हरिहर सिंह हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा के तीन बार के सम्मानित विधायक रह चुके हैं,क्षेत्र वाशियों ने देवरी रोड में उनकी प्रतिमा लगाकर उन्हें सम्मान देने का का कार्य किया था।लेकिन रेलवे का ओवरब्रिज निर्माण के कारण उनके प्रतिमा स्थल बदलने की बात हो रही है।इसलिए तमाम हुसैनाबाद वासी मांग करते है कि उनकी प्रतिमा को जपला सीमेंट फैक्ट्री के द्वारा उन्हें जो स्थल दिया गया था, उस भूमि के बीच में ही उनकी आदमकद प्रतिमा लगाया जाय एवम साथ ही वहां पर चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण कराया जाय,जिससे उनका नाम हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र मे अमर हो जाय एवम हमारे क्षेत्र के बच्चों के मनोरंजन करने का भी अवसर मिल सके। इस पत्र की प्रतिलिपि उपयुक्त पलामू, कार्यपालक पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी, हुसैनाबाद को भी दिया है। आवेदन देने वालो में मुख्य रूप से एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, मो0 जाकिर अली उर्फ राज अली खान, अजय भारती, रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान, डॉ0 एजाज आलम, केदार सिंह, निर्मल यादव, इजहार खान, सिबतेंन मिर्जा, सुनील चौधरी, राजकुमार चौधरी, सूर्यनाथ पासवान, प्रवेश चौधरी, यजीद हवारी, रामजनक पासवान, उदय सोनी, दरमदेव राम, इम्तेयाज आलम, रेयाज खान, असगर खान समेत दर्जनों लोगों का नाम शामिल है।

## आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगवायें शिविर : आयुक्त

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने पलामू प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के उपायुक्त को निर्देश दिया है कि 'आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत अपने जिला क्षेत्र अंतर्गत पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने शिविरों का सिड्यूल तथा कार्ययोजना तैयार कर अवगत कराने का भी निदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित तिथि को शिविर का आयोजन कर सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजनों को ऑन स्पॉट दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत दो चरणों में शिविर का आयोजन किया जाना है। पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर 2022 एवं दूसरा चरण 1 से 14 नवंबर 2022 तक आयोजित कर लोगों को योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि शिविर के तहत अहर्ता प्राप्त व्यक्तियों को योजना का लाभ से वंचित नहीं रहना पड़े, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। शिविर में सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि सरकार की योजनाओं को लेकर लोगों में जागरूकता आ सके और वे योजनाओं का सीधा लाभ ले सकें। उन्होंने यह भी कहा है कि उपायुक्त उन पंचायतों में विशेष प्राथमिकता के तहत शिविर लगवाना सुनिश्चित करायें, जहां गत वर्ष किसी कारण बस शिविर नहीं लगाया जा सका था।

## हरिहरगंज से पड़वा मोड़ फोरलेन 338.67 करोड़ बंटेगा मुआवजा

### रैयतों को मिला अब तक 170 करोड़



**हरिहरगंज (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज से पड़वा मोड़ तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क में 338.67 करोड़ रुपये मुआवजे के रूप में रैयतों की बीच बंटेंगे. नेशनल हाइवे अथॉरिटी की झारखंड इकाई ने इस सड़क निर्माण के पूर्व मुआवजा वितरण के लिए राशि भी जमा कर दिया है. यह राशि जनवरी 2021 से मार्च 21 के बीच 198 करोड़ व मार्च 2022 में 170.00 करोड़ रुपये जमा कराये गये. राज्य सरकार ने पलामू उपायुक्त व जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को मुआवजा वितरण के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है. मिली जानकारी के अनुसार किमी 23 से किमी 57 तक की दूरी के बीच बनने वाली इस सड़क के 150.19 हेक्टेयर से अधिक जमीन रैयतों से ली गयी है,जिसके बदले मुआवजा का वितरण किया जाना है. अभी तक 170.00 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान रैयतों को किया गया है. वहीं, 168.67 करोड़ रुपये की राशि का वितरण अभी भी बाकी है. अभी निजी और गैर मजरूआ भूमि के बारे में अभी भी कई मसले का निदान करना बाकी है. एनएचएआई ने पथ निर्माण विभाग सहित मुख्यमंत्री को भी सारी स्थिति से अवगत कराया है. जल्द ही जमीन अधिग्रहण की सारी कार्यवाही पूर्ण करके मुआवजा वितरण कराने का अनुरोध किया है.

## कौशल नगर में सिल्वर जुबली मनाते हुए रावण का किया गया पुतला दहन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर स्थित अकेलवा मैदान में 25 वर्षों से पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के सौजन्य से दुर्गा पूजा के आयोजन के साथ रावण का पुतला दहन, मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होते आ रहा है। इस वर्ष आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन वहां की मुखिया पूनम जायसवालऔर छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने फीता काटकर किया। जिप सदस्य अमित कुमार ने कहा कि यहां के लोगों से मिले आशीर्वाद के कारण ही उन्हें दो बार डाली पंचायत का मुखिया बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं इस बार उनकी महती कृपा होने के कारण ही छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद का सदस्य के रूप में चुना गया हूं। उन्होंने कहा कि जिस समर्पण के भाव से उन्होंने अपने जन्मभूमि के पंचायत में कई उल्लेखनीय कार्य किया। ठीक उसी प्रकार जिला परिषद क्षेत्र में सभी दस पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर नलजल योजना के तहत पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने का सतत प्रयास करूंगा। उन्होंने अपने पंचायत में मुखिया के रूप में किये गए उल्लेखनीय कार्यो का भी जिक्र कर उससे लोगों को अवगत कराया। जिला पार्षद ने कहा कि उनके कार्यकाल में ही राज्य ही नहीं बल्कि देश स्तरीय दो पार्क विकसित किया गया है जिसमें कई देश एवं विदेश के दुर्लभ प्रजाति के पौधे लगे हैं। जिसे देखने के लिये दूर- दूर से लोग पहुँचते हैं। पार्क में लगे कई प्रजाति के सुगंधित फूलों की महक बरबस लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। जिससे हमेशा दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रहती है। कार्यक्रम के आयोजक सुचित कुमार,सतेंद्र कुमार व पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि यहां के लोगों से गहरे लगाव के कारण ही अब तक 6 बार उनके ही परिवार के सदस्य ही मुखिया बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं इस बार यहां की जनता की कृपा से ही जिला परिषद के चुनाव में भी जीत हासिल हुई है। पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने भक्ति जागरण में आए लोक कलाकार व्यास शिव कुमार चौधरी, शिशिर कुमार शुक्ला, गायिका चांदनी सिंह, सुनील सिंह, सुभाष साह को सम्मानित कर उन्हें दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज 25 वर्षों से उस मैदान में मेले का आयोजन के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होते आ रहा है। रावण का पुतला दहन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेले में सुदूर इलाके से लोग पहुंचकर भरपूर लुफ्त उठाते हैं। मौके पर दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष रामजी प्रसाद, सचिव श्रवण जायसवाल, कोषाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, भक्ति जागरण व मेला कमेटी के अध्यक्ष अफजल अंसारी, सचिव जुबेर अंसारी, कोषाध्यक्ष गुलाम गौस के अलावे प्रमुख लोगों में समाजसेवी महेजर यादव, अवध किशोर प्रसाद,बसीर अंसारी, पंसस शहाबुद्दीन अंसारी, उप मुखिया नगीना खातून,महेश यादव ,मनोज यादव,संजय जायसवाल, अरुण जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, शमीम अंसारी, अनवर अंसारी,श्यामदेव पासवान, सूरज कुमार, विकास कुमार, सचिन कुमार, धीरज कुमार शिवनाथ राम, धर्मदेव यादव, कुलदीप सिंह, कामता सिंह सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## अनुकंपा के आधार पर चार चौकीदारों को दिया गया नियुक्ति पत्र




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे के निदेर्शानुसार शुक्रवार को सामान्य शाखा प्रभारी कपील देव ढाकुर ने अनुकंपा के आधार पर नियुक्त चार चौकीदारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।समाहरणालय स्थित सामान्य शाखा के कार्यालय वेश्म में श्री ढाकुर ने कार्मिक,प्रशासनिक,सुधार तथा राजभाषा विभाग के निहित अनुदेशों के आलोक में नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने नवनियुक्त चौकीदारों से अनुशासित होकर अपने कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति हमेशा सजग रहने की बात कही।

**अनुकंपा के आधार पर चयनित आश्रितों के नाम निम्न प्रकार है**

1.मनातू के पिंटू कुमार, 2.पाण्डू के जितेंद्र राम, 3.पांकी के धीरेंद्र पासवान, 4.सदर मेदिनीनगर के सौरभ कुमार पासवान

## एक ही साथ तीन लोगों की मौत से लोटनिया गांव में मातम पसरा

### सीओ ने कहा, यथाशीघ्र होगा मुआवजे का भुगतान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के लोटनिया गांव में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक साथ तीन मौतों से गांव में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।शुक्रवार को गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा।तीन व्यक्तियों की आकस्मिक मौत के बाद कई दलों के लोग व स्थानीय प्रतिनिधि शोकाकुल परिवार से मिलकर ढाढस बंधाते हुए शोक जताया।शुक्रवार को तीनों मृत लोंगो का अंतिम संस्कार गांव के ही श्मशान घाट पर किया गया।जिसमे काफी संख्या में लोग मौजूद थे।उनके आकस्मिक निधन पर हुसैनाबाद के पूर्व बिधायक संजय कुमार सिंह यादव,भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह,जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टूटू सिंह, उतरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता, मुखिया बिनोद कुमार सिंह उर्फ लाल बाबू, समाजसेवी सतीश शर्मा, जै प्रकाश उपाध्याय, बिनय मेहता, रामप्रवेश मेहता ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।मुखिया बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों के द्वारा अंचल पदाधिकारी को आवेदन देकर यथाशीघ्र आपदा प्रबंधन से आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गयी है। इस संबंध में हुसैनाबाद अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि मुआवजे के लिए परिजनों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र अंचल कार्यालय में जमा करना होगा। इसके उपरांत 15 दिनों के अंदर परिजनों को मुआवजे की राशि का भुगतान किया जाएगा।

### आइआरबी के प्रदेश समन्वयक ने किया पशु आहार केंद्र का उद्घाटन

## पशु आहार केंद्र से पशुओं को शुद्ध आहार मिलेगा : दीपक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** इंडियन रोटी बैंक के झारखंड राज्य समन्यवयक दीपक तिवारी ने सदर प्रखंड मेदिनीनगर क्षेत्र के लहलहे में पशु आहार केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दीपक तिवारी ने कहा कि पूरे पलामू क्षेत्र में अकाल की स्थिति बनी हुई है। इस स्थिति में जानवरों के लिए भी आहार की समस्या उत्पन्न हो गई है। सरकार को चाहिए कि जानवरों के लिए पशु आहार की व्यवस्था उचित मूल्य पर कराई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पशु आहार की काफी कमी दिख रही है। बाहरी क्षेत्रों से जो पशु आहार आ रहा है उसकी कीमत काफी अधिक है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसान परेशान हैं। दीपक तिवारी ने कहा कि पशु हम सबों के लिए काफी उपयोगी हैं। घर में पशु के रहने से दूध की प्राप्ति होती है। इस दूध से घी,दही, छाछ आदि की प्राप्ति किसानों को होता है। इसके अलावा खेती के लिए भी पशु की काफी उपयोगिता है। पशुओं का गोबर खेती के लिए सर्वोत्तम है। इसलिए किसानों व ग्रामीणों के लिए पशु किसी वरदान से कम नहीं हैं। पशुओं को खिलाने के लिए चारा बहुत जरूरी है। इसकी कमी के कारण आज लोग पशु नहीं रख पा रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि इसके लिए वे झारखंड सरकार से भी वातार्लाप करेंगे। पशु चारा की जो समस्या है उसका समाधान निकालने की कोशिश करेंगे। पशु आहार केंद्र के उद्घाटन के मौके पर विवेका त्रिपाठी, अमिश तिवारी, अमित तिवारी, आशीष तिवारी, राहुल तिवारी, रौशन तिवारी, सुभाष तिवारी, मनीष चौधरी, नितेश ओझा, रविरंजन तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बहन को मार रहा था पति, बचाने गयी साली को जीजा ने इतना मारा कि अस्पताल में भर्ती हुई

**पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू के शहर थाना क्षेत्र में जीजा ने साली को इतना मारा कि वह अस्पताल में भर्ती हो गयी। साली अपने जीजा से बहन को बचाने गयी थी। इस बीच बचाव में जीजा ने पत्नी को छोड़ साली को ही मारना शुरू कर दिया। जीजा को साली को पीटना भारी पड़ा, पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। मामला शहर थाना क्षेत्र का है। आरोपी संतोष राम नदी किनारे स्थित आदर्श नगर हरिजन मोहल्ला का रहने वाला है। संतोष की साली मालती देवी हरिहरगंज थानाक्षेत्र के कटैया गांव में रहती है। चार महीने पहले मालती अपनी बहन ललिता देवी से मिलने उसके घर आयी थी। मालती ने देखा कि उसके जीजा बहन को बुरी तरह पीट रहे हैं। मालती ने बहन को बचाने का प्रयास किया, तो संतोष उससे उलझ पड़ा और उसकी भी जमकर पिटाई करने लगा। इस मारपीट से मालती को गंभीर चोट आयी और उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती होना पड़ा। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद मालती ने 10 जून को शहर थाना में आवेदन देते हुए जीजा संतोष राम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी। पुलिस लंबे समय से संतोष राम की तलाश कर रही थी । थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली कि संतोष अपने घर आया हुआ है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए रात में उसे गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।







## महत्वपूर्ण न्यूज

### इएसएल ने प्रेरणा सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली युवाओं को किया पुरस्कृत



बोकारो (आजाद सिपाही)। इएसएल स्टील लिमिटेड अपनी सीएसआर गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है। हाल ही में इएसएल की सीएसआर टीम ने प्रोजेक्ट प्रेरणा के अंतर्गत प्रेरणा केंद्रों के शीर्ष 10 छात्रों के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया जिन्होंने 2021-2022 में 'जैक बोर्ड' से मैट्रिक में उच्च अंक प्राप्त किए। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रवीश शर्मा (चीफ ऑपरेटिंग अफसर, ईएसएल) और प्रतिमा दास (बीईओ,चास) उपस्थित थे। आशीष रंजन (प्रमुख सीएसआर, ईआर और पीआर) ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने छात्रों को टैबलेट और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। ये टैबलेट डिजिटल लर्निंग के जरिए उनकी शिक्षा में मददगार साबित होंगे। इस मौके पर संतोष रवानी (मुखिया सियालजोरी पंचायत), रोहित रजक (मुखिया अलकुशा पंचायत), रफीक आलम अंसारी (सरपंच चंदाहा पंचायत) भी शामिल हुए और छात्रों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

### होसिर में महिलाओं के बीच नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन का वितरण



तेनुघाट। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत होसिर पूर्वी पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को 28 महिला लाभुकों के बीच नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन, चुल्हा और भरे हुए सिलेंडर का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि मुखिया सावित्री देवी, विधायक प्रतिनिधि मोहन नायक और पंसस गीता देवी ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच गैस कनेक्शन का वितरण किया। मुखिया सावित्री देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं को धुंए से निजात दिलाने के लिए नि:शुल्क गैस कनेक्शन देने की योजना को धरातल पर उतारा है। इसी के तहत नि:शुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीबों के दर्द से भलीभांति परिचित हैं। गांव की महिलाओं को धुएं के बीच लकड़ी से खाने बनाने में हो रही परेशानियों को देखते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरूआत की है। कहा कि पहले रसोई गैस का उपयोग सिर्फ अमीर लोग ही करते थे, लेकिन अब गरीब भी इसका उपयोग करते हैं। उनका प्रयास है कि शहर जैसी सभी सुविधाएं ग्रामीणों को भी मिले। वहीं, मोहन नायक ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान करना प्रधानमंत्री जानते हैं। महिलाएं ही राष्ट्र की शक्ति हैं। उन्हें मजबूत करने से ही देश मजबूत होगा। प्रधानमंत्री ने मातृशक्ति की पीड़ा को दूर करने के लिए इस तरह की योजनाओं को धरातल पर उतारा है। बतातें चलें कि गैस कनेक्शन का वितरण कुलगो इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के सौजन्य से किया गया है। इस मौके पर कमलेश प्रसाद, रंजीत प्रसाद, शिवनारायण साव, सरिता देवी, जयंती देवी, पुष्पा देवी और मीना देवी आदि उपस्थित थीं।

### विश्वकर्मा परियोजना वर्कशॉप में जमसं ने सभा कर दो नये पदाधिकारियों का किया स्वागत



भगतडीह (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल के विश्वकर्मा परियोजना वर्कशॉप में शुक्रवार को जनता मजदूर संघ (जमसं) की आमसभा हुई। जिसमें कुसुंडा क्षेत्रीय समिति में बनाए गए नए पदाधिकारी उपाध्यक्ष आरएन सिंह और द्वारिका रवानी को माला पहनाकर स्वागत किया गया है। जमसं के केंद्रीय सचिव अरविंद सिंह ने दोनों को पत्र सौंपते हुए कार्यभार सौंपा। अरविंद सिंह ने कहा कि मजदूर ही यूनियन की रीढ़ है। दोनों पदाधिकारियों पर विश्वास जताते हुए मजदूरों के हीत में काम करने की बात कही। दोनों पदाधिकारियों को जमसं सह जेबीसीसीआइ सदस्य सिद्धार्थ गौतम ने अपने पत्र के माध्यम से मनोनयन किया है। पत्र कुसुंडा महाप्रबंधक को भी सौंप कर इसकी जानकारी दे दी गई है। इस दौरान मौके पर क्षेत्रीय सचिव खाकी प्रसाद, सच्चिदानंद तिवारी, सुनील साह, अमीत दूबे, उमेश दुसाध, गौरी शंकर चौहान, बलवंत सिंह, विशनु रवानी, रामानंद सिंह, प्रदीप विश्वर्मा, एनके सिन्हा, राजेश चौहान, जयंत कुमार घोष, राजू नोनिया, दिनेश महतो और भीम यादव आदि थे।

## तनाव : पुलिस ने लाठी चार्ज कर स्थिति पर काबू पाया

# विधायक ढुल्लू महतो व जलेश्वर समर्थक आपस में भिड़े,10 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिले के सिजुआ क्षेत्र अंतर्गत मोदीडीह लोडिंग प्वाईंट पर वर्चस्व व कथित रंगदारी को लेकर भाजपा विधायक ढुल्लू महतो और पूर्व विधायक कांग्रेस नेता जलेश्वर महतो के गुट में शुक्रवार को जमकर मारपीट हो गयी। दोनों पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में दोनों ओर से कुल 8-10 लोग घायल हुए हैं। इसमें महिलाएं भी हैं। वहीं जोगता थाना के एएसआई एतव खेस को भी चोट आयी हैं। दोनों समर्थकों के बीच हिसंक झडप, और पत्थरबाजी की घटना रूक रूककर एक घंटे तक चलती रही। वहीं, हालात बिगड़ती देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर स्थिति पर काबू पाया।



लोडिंग प्वाइंट पर प्रदर्शन करते मजदूर।

### क्या है मामला

मोदीडीह कोल डंप में हिस्सेदारी व लोडिंग मजदूरी बढ़ाने को लेकर लंबे समय से संयुक्त मोर्चा (जलेशवर समर्थक) और ढुल्लू महतो के समर्थकों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई थी। शुक्रवार को बंद समर्थकों ने लोडिंग के लिए जैसे ही डीओ धारकों की गाड़ी आई उसे बीच मार्ग में ही रोक दिया गया। इसकी खबर जैसे ही संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों को हुई वे लोग सैकड़ों की तदाद में गाड़ी लोड कराने के लिए बंद स्थल की ओर चल पड़े। पर बीच में पुलिस ने संयुक्त मोर्चा के समर्थक मजदूरों को रोकने का काफी प्रयास किया, मगर मजदूर आगे बढते रहे। अंत में दोनों गुटों के समर्थकों के आमने-सामने होते ही हिंसक टकराव हो गया। दोनों तरफ से जमकर पत्थरबाजी, लात घुसे, लाठी चलने शुरू हो गये। जिससे भगदड की स्थिति पैदा हो गई। दोनों ओर से हुई पत्थरबाजी में ढुल्लू महतो समर्थक कलावती देवी, सतेरा देवी सबरा बानो चोटिल हो गयी, जबकि जलेशवर समर्थक में राजेश बाउरी का सिर फूट गया। इसके अलावा कुछ अन्य लोग भी घायल हुए हैं। वहीं स्थिति को नियंत्रण करने पहुंचे जोगता थाना के एएसआई एतवा खेस को भी आंशिक चोटें आयी।

### कई दिनों से चल रही थी तनातनी

मोदीडीह कोलडंप में संयुक्त मोर्चा व ढुल्लू महतो के समर्थकों के बीच पिछले कई दिनों से तनातनी चल रही थी, जिसकी प्रणति में यह घटना घटी। विधायक समर्थक पप्पू सिंह ने कहा कि 88 गाड़ियों पर कोयला लोडिंग का मजदूरों को भुगतान बिना किसी जांच के कर दिया गया, जबकि उनके मजदूरों को भुगतान की मांग पर वेरिफिकेशन करने की बात कही जा रही है। उन्होंने संयुक्त मोर्चा के लोगों पर पत्थरबाजी कर हिंसा फैलाने का आरोप लगाया है। वहीं, संयुक्त मोर्चा के विकास सिंह ने कहा कि विधायक समर्थक कोयला लोडिंग बाधित किये हुए हैं। ये लोग रंगदारी से कमाना चाहते हैं।

### दोषियों पर होगी कार्रवाई : डीएसपी

डीएसपी लॉ एंड ऑडर अरविंद सिन्हा ने कहा कि कोलडंप में पत्थरबाजी और हिंसक झड़प की जांच की जा रही। दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पुटकी सीओ सुब्रा रानी ने कहा कि दोनों पक्षों से बात की गई है। दोबारा वार्ता कर विवाद को खत्म कराया जाएगा।

## बीएसएल ने भारतीय कृत्रिम अंग निगम के साथ किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। बीएसएल ने अपनी सामाजिक निगमित दायित्व के तहत दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीन दिसंबर 2022 को विश्व विकलांग दिवस पर एक मेगा शिविर आयोजित करने के लिए भारतीय कृत्रिम अंग निगम (एलआइएमसीओ) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। समझौता ज्ञापन पर बोकारो स्टील प्लांट की ओर से महाप्रबंधक(सीएसआर) सीआरके सुधांशु और भारतीय कृत्रिम अंग निगम (एलआइएमसीओ) की ओर से यूनिट हेड (भुवनेश्वर यूनिट-एलआइएमसीओ) चंदन कुमार चांद द्वारा अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (नगर प्रशासन) बीएस पोपली, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (कार्मिक) पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सिक्योरिटी) मनोज कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) मनीष जलोटा, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरि मोहन झा आदि उपस्थित थे। इस समझौता ज्ञापन के तहत बीएसएल का सीएसआर विभाग भारतीय कृत्रिम अंग निगम के सहयोग से बीएसएल के परिक्षेत्रीय गांवों के जन प्रतिनिधियों द्वारा चिन्हित किये गए दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच एक करोड़ रुपये के मूल्य के विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरणों का वितरण करेगा। जन प्रतिनिधियों द्वारा पंजीकृत नामों के आधार पर सीएसआर विभाग द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निगम और उनकी विशेषज्ञ टीम के सहयोग से 15 से 20 नवंबर के बीच दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों की सटीक जरूरतों एवं उनकी आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए एक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद तीन दिसंबर को मेगा शिविर में सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा।

### बोकारो क्लब में योग का मेगा कैंप

बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी अभियान के तहत नौ अक्टूबर को सेक्टर-5 स्थित बोकारो क्लब के सिनेमा अरेना में योग फॉर सिटीजन नामक मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मशहूर योग गुरु रुपेश कुमार योग के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ रहने के गुण सिखाएंगे। उक्त कैंप में बोकारो स्टील सिटी में रहने वाले सभी नागरिक भाग ले सकेंगे।

## पूर्व भौरा ओपी प्रभारी हिमांशु के परिजनों को विधायक पूर्णिमा ने सौंपा दो लाख का चेक

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के आग्रह पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली एम्स में इलाजरत भौरा ओपी के पूर्व प्रभारी हिमांशु कुमार के इलाज के लिए दो लाख रुपये का चेक निर्गत किया। जिसे शुक्रवार को पूर्णिमा नीरज सिंह ने रघुकुल स्थित अपने आवासीय कार्यालय में हिमांशु के परिजन रंजित कुमार को सौंप दिया। बताया कि हिमांशु की स्थिति में सुधार हो रहा हैं। सरकार उनके इलाज के लिए गंभीर है। ज्ञात हो की विगत सात सितंबर को विधायक पूर्णिमा ने दुगार्पुर मिशन अस्पताल के सर्जिकल आइसीयू में भर्ती थाना प्रभारी के इलाज कर रहे न्यूरो सर्जन डॉ गोपी किशन से मिलकर हिमांशु कुमार के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हिमांशु के बेहतर उपचार के लिए एयरलिफ्ट करवाकर दिल्ली भिजवाने की पहल करने का अनुरोध किया था। इसके बाद 11 सितंबर को हिमाशुं को एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स भेजा गया था। इसके बाद मरीज का इलाज मेदांता अस्पताल में हो रहा है और स्थिति में सुधार भी हो रही है। विधायक घटना के बाद से ही मरीज के परिजनों के संपर्क में हैं और हिमांशु कुमार के बेहतर इलाज के लिए प्रयासरत हैं। इस मौके पर जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव सुभाष कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, जहान खान आदि उपस्थित थे।



### मुथुट फिनकोर्प डकैती कांड में शामिल वाहन भी जब्त, एक और गिरफ्तार

धनबाद (आजाद सिपाही)। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित मुथुट फिनकोर्प में हुई डकैती में पुलिस उद्भेदन के करीब पहुंच चुकी है। डकैती को अंजाम देने समस्तीपुर से डकैत आइटेन वाहन से आए थे। जिसे चालक अभिषेक कुमार सिंह चला रहा था। धनबाद पुलिस ने समस्तीपुर से अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है। उसे धनसार थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने अभिषेक की निशानदेही पर उक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है। गौरतलब है कि छह सितंबर को डकैतों ने इसी वाहन से पहुंचे थे। जहां डकैती के दौरान एक युवक मारा गया था। जबकि आसिफ और राहुल पकड़ा गया था।

### धनबाद की महिला आरक्षी कविता ने जीता स्वर्ण एवं रजत पदक



धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद में पदस्थापित झारखंड पुलिस की आरक्षी कविता कुमारी ने गुजरात में चल रहे 32वें राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लॉन बॉल स्पर्धा में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीत कर दोहरी सफलता अर्जित की है। स्पर्धा के दौरान चार महिलाओं के ग्रुप स्पर्धा में कविता ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए झारखंड के लिए स्वर्ण पदक जीता, जबकि ट्रिपल महिला स्पर्धा में इन्हें रजत पदक मिला। कविता की सफलता पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एसएम हाशमी, वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद कपूर, रेजा इस्तियाक, महासचिव रंजीत केशरी,धनबाद लॉन बॉल संघ के अध्यक्ष अनुपम चौधरी, महासचिव पवन कुमार बर्नवाल, मनोज शर्मा, मृदुल बोस, सूरज वर्मा, सुनील साव, राजेश यादव, प्रियरंजन कुमार और शिव कुमार महतो आदि ने बधाई दी है।


**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 02/2022-23 Date – 07-10-2022

कार्य का विवरण–

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 27 में केन्द्रीय विद्यालय के समीप गुडडू सेठ के घर से हीरालाल चौधरी के घर तक पी0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 1318600.00 | 26500.00 | 5000.00 | 120 दिन |
| 2. | वार्ड नं0 27 में केन्द्रीय विद्यालय के समीप गुडडू सेठ के घर से हीरालाल चौधरी के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1609500.00 | 32500.00 | 5000.00 | 120 दिन |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 15.10.2022 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 22.10.2022 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 28.10.2022 अपराहन 4.00 बजे कार्यालय, नगर परिषद झुमरी तिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 29.10.2022 अपराहन 4.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9798062988
7. नगर विकास एवं आवास विभाग में समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
8. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।

नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR 279361 Urban Development(22-23).D


### अधिवक्ता देवलाल बाउरी के निधन पर पूर्व मंत्री सहित बाउरी समाज ने जताया शोक



धनबाद (आजाद सिपाही)। धोखरा निवासी अधिवक्ता सह समाजसेवी देवलाल बाउरी (56) के निधन पर पूर्व मंत्री आबो देवी, राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के महामंत्री अवधेश कुमार एवं संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने गहरा शोक एवं संवेदना व्यक्त की है। नेता द्वय ने कहा कि देवलाल बाउरी के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। वे अपने जीवन काल में विभिन्न पदों और अखिल भारतीय बाउरी कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सासंद एके राय के सचिव, झारखण्ड के भीष्म पितामह विनोद बिहारी महतो के सचिव और धनबाद जिला जनता दल के सचिव पद पर रहे। उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए अपना सर्वस्व निछावर किया। बतातें चलें कि लंबे समय से बीमार देवलाल ने धोखरा स्थित अपने पैतृक निवास में अंतिम सांस ली।

## राजी होने के बावजूद लड़का पक्ष पर मंदिर में विवाह करने नहीं पहुंचने का आरोप

# शादी को लेकर दो पक्षों में संघर्ष छह महिला समेत नौ लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

तेनुघाट। बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड स्थित चांपी पंचायत क्षेत्र में शादी के लिए मंदिर में नहीं पहुंचने को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक संघर्ष होने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना में लड़की पक्ष के सात और लड़का पक्ष के दो लोग घायल हुए हैं। इसमें छह महिलाओं और तीन पुरुष शामिल हैं। सभी को बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### क्या है मामला

लड़की के पिता ने बताया कि उसकी बेटी का प्रेम प्रसंग चापी निवासी नारायण प्रजापति के भतीजे के साथ चल रहा था। जिसका खुलासा होने के बाद पंचायत ने कुछ दिन पहले बैठक कर 5 अक्टूबर को तेनुघाट नंबर-3 श्री राधेकृष्णा मंदिर में दोनों की शादी कराने का फैसला दिया था। पर आरोप है कि पंचायत में शादी के लिए हामी भरने के बावजूद लड़का पक्ष मंदिर नहीं पहुंचा। लड़की के पिता ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी बेटी के प्रेम करने के बावजूद लड़के ने किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली है। वे लोग इसी सच्चाई का पता लगाने के लिए लड़के के घर पहुंच थे, जहां उनके साथ मारपीट की गई। वे लोग किसी तरह जान बचाकर वहां से भागे हैं, जबकि लड़की ने कहा कि वो लड़के से लंबे समय से प्रेम करती है। विवाहित नहीं होने के बावजूद पति-पत्नी की तरह ही रिश्ते हैं। उसके साथ सब कुछ करने के बाद अब लड़का मुकर रहा है। ऐसे में वह कहां जाएगी। उसने कहा कि हमें न्याय चाहिए। वहीं, लड़के के चाचा ने आरोप लगाया कि लड़की पक्ष के लोग उसके घर पहुंचे और बेवजह गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर मारपीट करने लगे। यही नहीं घर से एक लाख रुपये भी लूट कर भाग निकले। इस बाबत थाने में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।





दो पक्षों के बीच मारपीट में घायल महिला व पुरुषों को ले जाया जा रहा अस्पताल।


**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e- Procurement Notice**
**(1st Call)**
**Tender reference:- DWSD/HZB/SUB_LAB/02/2022-23 (1st Call)**
**Date :- 06.10.2022**

| Sl. No | Particulars | Details: Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost of BOQ (in rupees) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Sub Divisional Laboratory of Sub-Division No.-02 Hazaribag at Barkagaon Block under Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag for the year 2022-23 | 48,50,803/- | 1,00,000/- | 5,000/- | 06 Months |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 10.10.2022 at 03.00 PM | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 18.10.2022 upto 05.00 PM | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 19.10.2022 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 20.10.2022 at 11.00 AM | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazarib

PR.NO.279359 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## सुनवाई : ज्ञानवापी केस में कार्बन डेटिंग पर फैसला टला

# अब 11 अक्टूबर को मुस्लिम पक्ष को सुनने के बाद कोर्ट सुनायेगा आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**वाराणसी।** ज्ञानवापी-मां श्रृंगार गौरी केस पर वाराणसी कोर्ट में कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग को लेकर सुनवाई टल गयी है। अब 11 अक्टूबर को सुनवाई होगी। जिला जज डॉ एके विश्वेश की कोर्ट ने कहा कि वादिनी 5 महिलाएं एकमत होकर बतायें कि ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग की किस वैज्ञानिक पद्धति से जांच हो।

इस पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने आपत्ति दाखिल की है। कमेटी ने कहा कि हमें वादी पक्ष की मांग पर आपत्ति है। उसके लिए हमें समय दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि मसाजिद कमेटी का पक्ष 11 अक्टूबर को सुना जायेगा। इसके अलावा कोर्ट ने वादी हिंदू पक्ष से दो बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। पहला, क्या कथित शिवलिंग की संरचना इस मुकदमे की संपत्ति का हिस्सा है या नहीं है? दूसरा, क्या कोर्ट वैज्ञानिक जांच के लिए आयोग जारी कर सकता है?

गौरतलब है कि कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग को लेकर को लेकर मुकदमा दाखिल करने वाली हिंदू पक्ष की महिलाएं ही दो धड़ों में बंटी हैं। वादिनी चार महिलाएं कथित शिवलिंग की जांच चाहती हैं और एक महिला किसी तरह की जांच नहीं चाहती हैं। राखी सिंह का कहना है कि शिवलिंग मिला है, उसकी कार्बन डेटिंग की जांच से वह खंडित हो जायेगा।

### 29 सितंबर को हिंदू पक्ष था आमने-सामने

मां श्रृंगार गौरी के केस की सुनवाई की पिछली डेट 29 सितंबर थी। उस दिन वादिनी सीता साहू, लक्ष्मी देवी, रेखा पाठक और मंजू व्यास की ओर से कोर्ट में एडवोकेट हरि शंकर जैन और विष्णु शंकर जैन ने पक्ष रखा था।

दोनों अधिवक्ताओं ने कहा था कि ज्ञानवापी परिसर में जो शिवलिंग मिला है, उससे किसी तरह से छेड़छाड़ न की जाये। मगर, कार्बन डेटिंग या किसी अन्य वैज्ञानिक पद्धति से साक्ष्य के मद्देनजर एएसआइ (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) द्वारा यह पता लगाया जाना बहुत जरूरी है कि ज्ञानवापी मस्जिद में मिला शिवलिंग कितना पुराना है। शिवलिंग के अरघे और उसके आस-पास के एरिया की जांच भी जरूरी है।

वहीं, राखी सिंह के एडवोकेट मान बहादुर सिंह ने जांच पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि "जो शिवलिंग मिला है, उसकी कार्बन डेटिंग से वह खंडित हो जायेगा। हमारे सनातन हिंदू धर्म में खंडित मूर्ति की पूजा नहीं की जाती है। इसलिए शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कतई न कराई जाये।" सभी पक्षों को सुनने के बाद जिला जज की कोर्ट ने सुनवाई की अगली डेट 7 अक्टूबर फिक्स की थी।

### केस अलग करने की भी की थी मांग

वादिनी राखी सिंह के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन ने 3 अक्टूबर को कहा था, ह्हिंदू पक्ष की महिलाएं अलग-अलग केस लड़ें। उनका कहना है कि सीता साहू, मंजू व्यास, रेखा पाठक और लक्ष्मी देवी संख्या में अधिक हैं। हमारा पक्ष संख्या में कम यानी सिर्फ राखी सिंह है। इस बात को ध्यान में रखते हुए आप लोग कोर्ट में एप्लिकेशन देकर अपने मुकदमे को सेपरेट करवा लें। इसके बाद हम सभी स्वतंत्र होकर अपने-अपने टारगेट की ओर बढ़ पाएंगे। हम सभी ने साथ मिलकर कोर्ट में मां श्रृंगार गौरी का केस फाइल किया था। मगर, आपसी मतभेद और एक-दूसरे से तालमेल न बैठने के कारण केस को अपने लक्ष्य तक पहुंचाने में बाधा आ रही है।

# काशी में मनायी जायेगी भव्य 'देव दीपावली'



आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** विश्वविख्यात देव दीपावली पर काशी आने वाले सैलानियों को शहर में ही पुरातन संस्कृति की झलक दिखायी देगी। इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर शहर के चौराहे व सड़कों को सजाने व संवारने की कार्ययोजना तैयार की गई है। देव दीपावली की तैयारियों के लिए शासन से पांच करोड़ रुपये का बजट मांगा गया है। उम्मीद जतायी जा रही है कि इस सप्ताह बजट मंजूर हो जाएगा और इसके बाद सभी विभागों को अलग अलग कामों की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। जिला प्रशासन ने शहर के सौंदर्यीकरण के लिए विकास प्राधिकरण और नगर निगम से भी प्रस्ताव मांगा है। सात नवंबर को देव दीपावली के भव्य आयोजन के लिए शहर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसमें शहर की प्रमुख दीवारों का चयन किया जा रहा है, जहां काशी की संस्कृति को बताने वाली कलाकृतियां तैयार कराई जाएगी।

इसके साथ ही चौराहों को भी विशेष तरह से संवार कर आयोजन की तैयारी की जा रही है। इसमें शहर के प्रमुख प्रवेश मार्गों को भी सजाया जाएगा और इसके लिए अलग से योजना भी बनाई जा रही है। गंगा घाटों से उस पार रेत पर दीये विजिबल हों, इसके लिए फ्लोटिंग प्लेटफार्म या पांटून का इस्तेमाल किया जा सकता है।

काशी विश्वनाथ धाम के नए स्वरूप के बाद पहली बार होने वाले देव दीपावली पर श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार से लेजर शो के प्रोजेक्शन की तैयारी की जा रही है। हर बार राजा चेत सिंह किला के पास लेजर शो होता था। दीपों के अलावा घाटों पर फसाड लाइट भी लगाई जाएंगी। घाटों और शहर के इलेक्ट्रिक पोल पर स्पाइरल लाइट लगाने की तैयारी है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेशी मेहमान भी काशी की आतिथ्य परंपरा से रूबरू होंगे। इसके लिए भी देव दीपावली के साथ ही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। देव दीपावली पर भी एससीओ का प्रतिनिधिमंडल यहां आएगा। मेहमानों के आगमन पर स्कूली बच्चे उनका स्वागत करेंगे।

नगर निगम की ओर से इस बार देव दीपावली पर गंगा नदी में बिना सीएनजी किट लगी नावों के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए उसमें चलने वाली सभी नावों में सीएनजी इंजन लगाने का कार्य विगत कई माह से चल रहा है।

# वंदे भारत फिर गाय से टकरायी

## गुरुवार को चार भैंसों से टक्कर हो गयी थी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** गांधीनगर-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस शुक्रवार को एक गाय से टकरा गयी। हादसे की वजह से ट्रेन का अगला हिस्सा मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना गुजरात के आणंद स्टेशन के पास हुई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। इससे पहले सेमी-हाई स्पीड ट्रेन ने एक दिन पहले चार भैंसों को टक्कर मार दी थी। इसके आगे उसके एक हिस्से को बदलना पड़ा था।

रेलवे के एक अधिकारी के मुताबिक, ताजा घटना में ट्रेन को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। ट्रेन का अगला हिस्सा मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। शुक्रवार की घटना दोपहर तीन बजकर 48 मिनट पर हुई। उस वक्त ट्रेन मुंबई से 432 किलोमीटर दूर आणंद में थी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने घटना की पुष्टि की है।

इससे पहले देश की तीसरी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस भैंसों के झुंड से टकरा गई थी। इससे ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसे अब ठीक कर दिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया है कि इस मामले में भैंसों के अज्ञात मालिकों के खिलाफ आरपीएफ ने मुकदमा दर्ज किया है। उन पर अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पर प्रवेश और रेलवे प्रॉपर्टी के दुरुपयोग संबंधी धाराएं लगायी गयी हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने गुरुवार को बताया था कि सुबह करीब 11.15 बजे वटवा स्टेशन से मणिनगर जाते वक्त वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन हादसे का शिकार हुई थी। दोनों स्टेशनों के बीच भैंसों के झुंड के रेलवे लाइन पर आने से यह हादसा हुआ था। हालांकि, इस दुर्घटना में यात्रियों को कोई नुकसान नहीं हुआ था।

इस बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि पटरियों पर मवेशियों के साथ टकराव अपरिहार्य है। सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन को डिजाइन करते समय इसे ध्यान में रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 सितंबर को इस रूट पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। उन्होंने कहा कि ट्रेन को इस तरह से डिजाइन किया गया है और यह इतनी मजबूत है कि अगर कोई दुर्घटना होती है, तो ट्रेन को कुछ नहीं होगा। सामने की तरफ का हिस्सा पूरी तरह से बदला जा सकता है। घटना के बाद जैसे ही ट्रेन मुंबई पहुंची इसे पूरी तरह से साफ कर दिया गया और क्षतिग्रस्त हिस्सा बदल दिया गया। मंत्री वल्लभ विद्यानगर में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत कर रहे थे।

## ओड़िशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने किये मां के दर्शन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने अपने परिवार के साथ महा नवमी के दिन मां की दर्शन के साथ आरती की। राज्यपाल का स्वागत एके गोस्वामी क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक और अध्यक्ष वसुधा महिला मंडल मंजरी गोस्वामी ने एनटीपीसी पूजा पंडाल में स्वागत किये। राज्यपाल ने डांडिया नाइट कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया और सर्वजननी मां दुर्गा की प्रशंसा के छंदों के साथ दर्शकों को संबोधित किये। पहली बार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अशिम कुमार गोस्वामी (ईआर-द्वितीय) को धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रशांत कुमार महापात्र एमडी ओपीजीसी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## बेलारूस के मानवाधिकार कार्यकर्ता को नोबेल शांति पुरस्कार, रूस और यूक्रेन की दो संस्थाएं भी चुनी गयीं





**स्टॉकहोम (एजेंसी।)** इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार जेल में बंद बेलारूस के अधिकार कार्यकर्ता एलेस बियालियात्स्की, रूसी समूह 'मेमोरियल' और यूक्रेन के संगठन 'सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज' को देने का ऐलान किया गया है। नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को नार्वे नोबेल कमेटी के प्रमुख बेरिट रीज एंडर्सन ने ओस्लो में की। निएंडरथल डीएनए के रहस्यों को उजागर करने वाले वैज्ञानिक को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने के साथ सोमवार को नोबेल पुरस्कारों की घोषणा का सप्ताह शुरू हुआ था। तीन वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से मंगलवार को भौतिकी में इस खोज के लिए यह पुरस्कार जीता कि छोटे कण अलग होने पर भी एक-दूसरे के साथ संबंध बना रख सकते हैं। रसायन विज्ञान में इस साल का नोबेल पुरस्कार कैरोलिन आर बर्टोज्जी, मोर्टन मेल्डल और के. बैरी शार्पलेस को समान भागों में 'अणुओं के एक साथ विखंडन' का तरीका विकसित करने के लिए बुधवार को प्रदान किया गया था।

## यूएन में चीन के खिलाफ वोटिंग से गैरहाजिर रहा भारत उइगर मुस्लिमों के राइट्स पर बहस का प्रस्ताव खारिज

**जिनेवा (एजेंसी)।** यूनाइटेड नेशन ह्यूमन राइटस काउंसिल ने चीन में उइगरों मुस्लिम की स्थिति पर बहस के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। गुरुवार को प्रस्ताव पर वोटिंग हुई। इसमें काउंसिल के 47 मेंबर्स में से 17 ने प्रस्ताव के पक्ष और 19 ने विपक्ष में वोटिंग की। भारत, ब्राजील, मेक्सिको और यूक्रेन समेत 11 देश वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यूनाइटेड नेशन ह्यूमन राइटस काउंसिल यानी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उइगर मुस्लिमों की स्थिति पर पर बहस का प्रस्ताव ह्यूमन राइट कोर ग्रुप में शामिल कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन, ब्रिटेन और अमेरिका लाए थे। तुर्की भी शामिल था। इंटरनेशनल लेवल पर ये कोर ग्रुप लगातार उइगर मुस्लिमों के साथ हो रहे अन्याय और उनकी स्थिति को लेकर लगातार आवाज उठा रहा है। आरोप है कि चीन ने अपने नॉर्थ-वेस्ट इलाके के शिंजियांग प्रांत में रहने वाले 10 लाख से ज्यादा उइगर मुस्लिमों के मानवाधिकारों का हनन कर रहा है।

# वेदांत एल्युमिनियम ने मनाया झारसुगुड़ा में 'राष्ट्रीय पोषण माह'



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** झारसुगुडा वेदांत एल्युमीनियम ने झारसुगुडा में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया। इसमें माताओं को अच्छे भोजन और पोषण, स्वस्थ खाने की प्रथाओं, संतुलित आहार, स्वदेशी भोजन के महत्व आदि पर एक महीने तक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम 125 आंगनबाड़ियों में आयोजित किया गया, जिससे झारसुगुड़ा में 2000 से अधिक महिलाओं और बच्चों को लाभ हुआ।

भारत सरकार के पोषण (समग्र पोषण के लिए प्रधान मंत्री की व्यापक योजना) या राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत सितंबर के महीने को पूरे भारत में पोषण के महीने के रूप में मनाया गया। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए, वेदांत एल्युमिनियम ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं और पंचायती राज प्रतिष्ठान के सदस्यों के साथ भागीदारी की, ताकि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार के लिए पोषण के विभिन्न आयामों पर स्थानीय समुदायों को संवेदनशील बनाया जा सके।

इस अवसर पर स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, आंगनवाड़ी कार्यकताओं और स्थानीय स्वयंसेवकों की साझेदारी में माताओं और बच्चों के लिए उचित पोषण के महत्व पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। आशा कर्मी और एएनएम स्टाफ के सहयोग से गर्भवती महिलाओं की जांच भी कराई गई। कंपनी द्वारा एक पोषण वाटिका या पोषण उद्यान बनाया गया था।

सुनील गुप्ता सीइओ- वेदांत लिमिटेड झारसुगुडा ने कहा, ह्हम क्षुधा निराकरण और कुपोषण के खिलाफ विश्व स्तरीय अभियान में शामिल हैं। हम अच्छे अभ्यास से इस समस्या को दूर कर सकते हैं। पोषण माह के अवसर पर हम विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपने समुदाय को पोषण के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

## ओड़िशा प्रशासनिक सेवा परिणाम घोषित, तेजस्विनी बेहेरा टॉपर




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा प्रशासनिक सेवा आयोग ने ओडिशा सिविल सेवा परीक्षा 2020-21 का परिणाम प्रकाश किया है। तेजस्विनी बेहेरा ओसीएस परीक्षा में टॉपर की हैं। इस परीक्षा में कुल 392 पार्थी सफल हुए हैं। 244 लड़के और 148 लड़कियां सफल हुई हैं। पहले तीन स्थान पर छात्रि रही है। शुभकंरी सुदेष्ना दास दूसरे स्थान पर हैं, जबकि सृष्टि शतपति तीसरे स्थान पर हैं। चौथे स्थान पर देवव्रत कर और पांचवें स्थान पर देवव्रत महारणा हैं। टॉप 10 में से 7 लड़कियां और 3 लड़के हैं।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है :–

i. क्र. सं. : (1), ii. ई–नीलामी सूची : एटीएम, iii. ई–नीलामी सूची सं. : एटीएम–03–22, iv. ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : 20.10.2022 14.00 बजे से। v. कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : धनबाद मंडल के 16 विभिन्न लोकेशन/स्टेशनों पर ओटोमैटेड टेलर मशीन (एटीएम) लगाने हेतु पांच वर्षों के लिए ई.नीलामी अर्थात– धनबाद (3 स्थानों पर), रेनुकूट, गोमोह, बरकाना, डाल्टनगंज, चोपन, चन्द्रपुरा, सिंगरौली, कोडरमा, पारसनाथ, हजारीबाग टाउन, गढ़वा रोड, हजारीबाग रोड, बरवाडीह।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई.नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/01195/डीएचएन/वा./एन/22–23/36


















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**